सूर्योदय 5:43 सूर्यास्त 6:54

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.4 न्यू | 26.6 अधि |
| धर्मशाला | 18.4 न्यू | 27.7 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73730.16 |
| निफ्टी | 22419.95 |

सोना 71,030 चांदी 84,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 27 अप्रैल, 2024 | 15 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 129, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

**आज के अंक में**

- कांग्रेस कुनीति की शिकार, परिवारवाद को बढ़ावा दे रही सरकार: कंगना रनौत
- विक्रमादित्य बोले- सिर्फ सराज के मुख्यमंत्री थे जयराम ठाकुर

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- पोलिंग स्टेशन को एक दिन पहले रवाना होंगी पार्टियां
- अनुराग ठाकुर पर दिए बयान पर कांग्रेस पर भड़की भाजपा : उषा

पृष्ठ 5 पर पढ़ें



- स्वतंत्र व भयमुक्त चुनाव करवाने को वचनबद्ध : डीजीपी
- बीबीएमबी ने समेटी शिक्षा-स्वास्थ्य और बिजली-पानी की सुविधा

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- हर वो बल्ला मेरे पास है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा : पोंटिंग
- दिल्ली कैपिटल्स का सामना मुंबई इंडियंस से

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज के मैच

दिल्ली कैपिटल्स vs मुंबई इंडियंस

समय: दोपहर 3:30 बजे (दिल्ली)

लखनऊ सुपर जायंट्स vs राजस्थान रॉयल्स

समय: रात 7:30 बजे (लखनऊ)

## न्यूज शॉर्ट्स

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत आठ मई तक बढ़ी



**नई दिल्ली :** दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को फिलहाल राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। अदालत ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत आठ मई तक के लिए बढ़ा दी है। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे अदालत ने बढ़ा दिया।

### ईरान के साथ ट्रेड करने वाली तीन भारतीय कंपनियां बैन

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने ईरान के साथ व्यापार करने पर भारत की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन कंपनियों पर आरोप है कि ये ईरानी सेना के साथ अवैध व्यापार और उनके लिए ड्रोन्स ट्रांसफर करने का काम करती थीं। अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने बताया कि यह बैन भारत के अलावा कई दूसरे देशों की कंपनियों, लोगों और जहाजों पर लगाया गया है। ये सभी गुप्त तरह से रूस तक ईरानी ड्रोन्स की डिलीवरी में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### प्रदर्शन करने पर अमेरिका में भारतीय मूल की छात्रा गिरफ्तार

**वॉशिंगटन :** अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में गाजा में चल रही जंग के खिलाफ लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। यूनिवर्सिटी कैंपस में चल रही उथल-पुथल के बीच भारतीय मूल की छात्रा अचिंत्या शिवलिंगन को गिरफ्तार किया गया है। प्रिंसटन विश्वविद्यालय ने भी अचिंत्या पर कार्रवाई करते हुए उनकी कैंपस में एंट्री बैन कर दी है। अनुशासनात्मक प्रक्रिया लंबित होने तक उन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## अनंत व्यंग्य




अनंत ज्ञान

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**अकाउंट डिपार्टमेंट**

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण में 64 % से अधिक मतदान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव-2024 के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों की 88 सीटों पर 64 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। अब तक दो चरणों में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। पहले चरण में 102 सीटों पर मतदान हुआ था। सुबह सात बजे शुरू हुआ मतदान शाम छह बजे तक चला। हालांकि, समय खत्म होने के वक्त तक जितने भी लोग मतदान केंद्र में प्रवेश कर चुके थे, उन्हें वोटिंग का पूरा मौका दिया गया।

छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभा क्षेत्रों में 72.51 फीसदी से अधिक मतदान दर्ज किया गया। पश्चिम बंगाल में 71.84 फीसदी लोगों ने मतदान किया। यूपी में 53.17, राजस्थान में 60.45, मणिपुर 77.50, त्रिपुरा में 77.97, महाराष्ट्र में 53.71, बिहार में 54.17, जम्मू-कश्मीर में 67.22, केरल में 63.97, कर्नाटक में 63.90, असम में 70.68 और मध्य प्रदेश में 55.45 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई। नोएडा की 100 हाईराइज सोसायटीज में पोलिंग बूथ लगाने के बावजूद भी 3 लोकसभा चुनावों में सबसे कम मतदान प्रतिशत रहा।



बिहार के बांका में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए लाइनों में खड़े मतदाता।

### दूसरे फेज में 1,202 कैंडिडेट्स मैदान में

**चुनाव** आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 1,202 कैंडिडेट्स मैदान में थे। इनमें 1,098 पुरुष और 102 महिला उम्मीदवार हैं। दो प्रत्याशी थर्ड जेंडर से थे। आउटर मणिपुर के कुछ हिस्सों में दोबारा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने इस सीट पर दो फेज में चुनाव की घोषणा की थी।

वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस ने महिलाओं को वोटिंग से रोका। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई

### त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 77.97 प्रतिशत मतदान




### इन दिग्गजों की किस्मत दांव पर

**शुक्रवार** को लोकसभा-2024 के दूसरे चरण के मतदान में कई दिग्गजों की राजनीतिक किस्मत ईवीएम में कैद हुई। इनमें राहुल गांधी (कांग्रेस) वायनाड, शशि थरूर (कांग्रेस) तिरुवंनतपुरम, एचडी कुमारस्वामी (जेडीएस) मांड्या, हेमामालिनी (भाजपा)मथुरा, अरुण गोविल (भाजपा) मेरठ, ओम बिड़ला (भाजपा) कोटा और भूपेश बघेल (कांग्रेस) राजनांदगांव जैसे दिग्गज शामिल हैं।

### बंदरों ने बिजली की तार तोड़ी, मोबाइल के टॉर्च में हुई वोटिंग

मध्य प्रदेश के सतना पोलिंग बूथ-137 पर बंदरों ने बिजली की लाइन तोड़ दी। इससे मतदान केंद्र में लाइट चली गई। यहां अंधेरे में मोबाइल के टॉर्च में वोटिंग कराई गई।

बिहार में बांका लोकसभा क्षेत्र के रजौन में मतदाताओं का स्वागत करने के लिए रोबोट लगाया गया है। वोटर के पहुंचने पर रोबोट हाथ जोड़कर अभिवादन कर रहा है।

### दिग्गजों ने डाला वोट



बेंगलुरु में वोट डालने के बाद केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण।



तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के उम्मीदवार शशि थरूर वोट डालने के बाद।




वोट डालने के बाद पत्नी के साथ पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले।



वोट के लिए लाइन में खड़े भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़।

### हिमाचल विधानसभा उपचुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों का ऐलान

## सुजानपुर से कैप्टन रणजीत, गगरेट से कालिया और कुटलैहड़ से विवेक शर्मा कांग्रेस प्रत्याशी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में पहली जून को 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। सुजानपुर से कैप्टन रणजीत सिंह राणा, गगरेट से राकेश कालिया और कुटलैहड़ से विवेक शर्मा को टिकट दी गई है।



कैप्टन रणजीत सिंह राणा



राकेश कालिया



विवेक शर्मा

धर्मशाला, लाहौल-स्पीति और बड़सर सीट को अभी होल्ड पर रखा गया है। इन सभी 6 विधानसभा सीटों पर पहले कांग्रेस के विधायक थे। धर्मशाला से सुधीर शर्मा, सुजानपुर से राजेंद्र राणा, लाहौल-स्पीति से रवि ठाकुर, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो और गगरेट से चैतन्य शर्मा ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट किया था, जिससे कांग्रेस कैंडिडेट अभिषेक मनु सिंघवी हार गए थे। इसके बाद सभी छह विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष ने अयोग्य करार दिया था।

इसके बाद कांग्रेस के बागी छह पूर्व विधायक 23 मार्च को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी में शामिल हो गए थे। भाजपा ने सभी छह बागियों को उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

## बैलेट से नहीं ईवीएम से ही होंगे चुनाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- सुप्रीम कोर्ट ने मामलों से जुड़ी सभी याचिकाएं की खारिज

देश में चुनाव इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से ही होंगे, बैलेट पेपर से नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इन मामलों से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि हमने प्रोटोकॉल, तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की है।



इसके बाद हमने एक मत से फैसला दिया है। ईवीएम से वीवीपीएट का सौ फिसदी मिलान नहीं किया जाएगा। 45 दिनों तक वीवीपीएट की पर्ची सुरक्षित रखी जाएगी। इन पर्चियों पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर कराए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट्स को भी सुरक्षित रखा जाए। उम्मीदवारों के पास वोटों की गिनती के बाद टेक्निकल टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच कराने का विकल्प होगा।

ये विकल्प चुनाव परिणाम आने के बाद 7 दिनों तक रहेगा। जस्टिस खन्ना ने कहा कि अगर कोई उम्मीदवार वीवीपीएट पर्चियों के मिलान का अनुरोध करता है तो इसका खर्चा उस कैंडिडेट को खुद ही उठाना पड़ेगा और अगर ईवीएम से छेड़छाड़ या किसी गड़बड़ी का पता चलता है तो पैसे वापस कर दिए जाएंगे।

### फैसले से मत पेटियां लूटने वालों को लगा झटका : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईवीएम-वीवीपीएट पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ईवीएम-वीवीपीएटपर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है वो कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के चेहरे पर तमाचे जैसा है।

सुप्रीम कोर्ट ने तमाम याचिकाओं को खारिज करते साबित कर दिया कि लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसी याचिकाओं का कोई मतलब नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है वो खासतौर पर उन लोगों के बड़ा झटका है जो बैलेट पेपर और पोलिंग बूथ लूटने के लिए जाने जाते थे।

### बृजभूषण सिंह की याचिका खारिज

**नई दिल्ली ।** महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न मामले में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंट से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी वो याचिका खारिज कर दी है, जिसमें बृजभूषण ने मांग की थी कि यौन शोषण मामले में नए सिरे से जांच हो। उनका दावा था कि घटना के दिन वह देश में ही नहीं थे।

हालांकि, राउज एवेन्यू कोर्ट की एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत कि कोर्ट से उन्हें झटका लगा है. अब कोर्ट यौन शोषण के मामले में आरोप तय करने के लिए सात मई को सुनवाई करेगी।

## कलयुगी बेटे ने बाप पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, हालत स्थिर

**अनंत ज्ञान टीम, भरेड़ी/कांगड़ा**

भोरंज के तहत टक्कर खतरियां में एक कलयुगी बेटे ने कहासुनी होने पर अपने बाप पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी, जिस पर बाप ने भोरंज पुलिस थाने में अपने बेटे पर मुकदमा दर्ज करवा दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रघुवीर सिंह पुत्र कीतो राम गांव घलेड़ा डाकखाना टिक्कर खतरियां तहसील टोणी देवी जिला हमीरपुर ने शिकायत की है कि वीरवार रात्रि लगभग 9 बजे उसके बेटे पम्मी से किसी बात को लेकर बहसबाजी हो गई।

बहसबाजी इतनी बढ़ गई कि उसके बेटे ने पेट्रोल की बोतल उठाकर उसके ऊपर डाल दी और आग लगा दी, जिससे वह झुलस गया। परिजन इलाज के लिए उसे भोरंज अस्पताल लाए,जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल हमीरपुर रेफर कर दिया। उसकी हालत खराब देखकर उसे टांडा अस्पताल रेफर कर दिया है।

### टांडा में हुई सर्जरी

टांडा अस्पताल में पीड़ित रघुवीर सिंह की शुक्रवार को सर्जरी की गई और अब उनकी हालत स्थित है। टांडा मेडिकल इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर शिप्रा से बताया कि रघुवीर को सुबह 4 बजे के करीब यहां लाया गया था। उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसकी सर्जरी की गई। पुलिस ने आरोपी बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया है। बेटे को भी इस घटना में चोटें आई हैं।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर पदम चंद ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और छानबीन जारी है। टांडा अस्पताल में उपचाराधीन पीड़ित के चल रहे इलाज की पुष्टि टांडा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहन सिंह ने की है।

## 15 माननीयों के खिलाफ वापस होंगे आपराधिक मामले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को 15 माननीयों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को वापस लेने की इजाजत दे दी है। इन माननीयों में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधायक कुलदीप सिंह राठौर, राकेश सिंघा, हरीश जनारथा, लोकेंद्र कुमार, रवि ठाकुर, जानव चंदेल, जितेंद्र चौधरी, राजन सुशांत, मनीष ठाकुर, रजनी पाटिल, गुरप्रीत, तिलक राज और विजय अग्निहोत्री शामिल हैं। इन राजनेताओं के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न पुलिस थानों में प्राथमिकियां दर्ज है और कोर्ट में ट्रायल लंबित है।



मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने सरकार द्वारा माननीय विधायकों अथवा सांसदों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को वापस लेने से जुड़े आवेदन को आंशिक रूप से स्वीकारते हुए कहा कि सरकार ने आवेदन नेकनीयती से दायर किया है।

प्रदेश के गृह विभाग ने कोर्ट से माननीयों के खिलाफ ऐसे 65 अभियोगों को वापिस लेने की अनुमति मांगी थी जो सरकार के अनुसार माननीयों के खिलाफ राजनीतिक द्वेष के कारण दर्ज किए गए थे।

### हत्या के प्रयास में दो दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा

**सुंदरनगर।** अतिरिक्त सत्र न्यायधीश सुंदरनगर ने हत्या के प्रयास में दो दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा और 10 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर 6 महीने अतिरिक्त कारावास होगा। दोषी शाहनवाज निवासी गांव डिनक डाकघर कन्नैड तहसील सुंदरनगर व दोषी किशोर कुमार निवासी गांव और डाकघर रती तहसील व थाना बल्ह मंडी से संबंध रखते हैं।

उप जिला न्यायवादी सुंदरनगर विनय वर्मा ने बताया कि एक जून 2013 को डिनक निवासी फिरोज मोहम्मद पर दोषी शाहनवाज निवासी डिनक और किशोर कुमार जानलेवा हमला कर दिया।

**चेतावनी** नए नियमों से यूजर की प्राइवेसी खतरे में, हाईकोर्ट ने बीच का रास्ता निकालने को कहा

## दबाव बनाया तो व्हाट्सऐप छोड़ देगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**व्हाट्सऐप** भारत में सर्विस देना बंद कर सकता है। इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि अगर उसे मैसेजेस एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया गया, तो वह भारत से चला जाएगा। मेटा के दो बड़े प्लेटफॉर्म व्हाट्सऐप और फेसबुक ने नए संशोधित आईटी नियमों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने दिल्ली हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया था।




कंपनी ने कोर्ट में कहा कि नए नियमों से यूजर की प्राइवेसी खतरे में आ सकती है। मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच कर रही है। व्हाट्सऐप की ओर से एडवोकेट तेजस करिया और सरकार की ओर से कीर्तिमान सिंह दलील रख रहे थे।

दोनों पक्षों के बीच संक्षिप्त बहस के बाद हाईकोर्ट ने बीच का रास्ता निकालने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी।

### क्या है एंड-टु-एंड एन्क्रिप्शन?

**एंड-टु-एंड** एन्क्रिप्शन एक कम्युनिकेशन सिस्टम है, जिसमें मैसेज भेजने वाले और मैसेज रिसीव करने वाले के अलावा कोई अन्य शामिल नहीं होता है। यहां तक कि कंपनी भी एंड-टु-एंड एन्क्रिप्शन में यूजर्स के मैसेज नहीं देख सकती है। यह व्हाट्सऐप की प्राइवेसी सेटिंग्स में एंड-टु-एंड एन्क्रिप्शन की जानकारी है। इसमें बताया गया है कि व्हाट्सऐप और थर्ड-पार्टी ऐप आपका मैसेज न पढ़ सकते हैं न सुन सकते हैं।

### 'एक्स' हुआ डाउन



**एलन** मस्क का माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' का वेब वर्जन एक बार फिर तकनीकी कठिनाइयों का सामना कर रहा है। आपको बता दें कि पहले इसे ट्विटर के नाम से जाना जाता था।

कुछ समय पहले भी प्लेटफॉर्म ने इस तरह आउटेज का सामना करना पड़ा था। इससे यूजर्स अपने अकाउंट को एक्सेस करने में असमर्थ हैं। कंपनी ने इस आउटेज को लेकर कोई सटीक जानकारी नहीं दी है। हालांकि भारत के कुछ यूजर्स ने डाउन डिटेक्टर की साइट पर समस्या को रिपोर्ट किया है और बताया है कि प्लेटफॉर्म का वेब वर्जन काम नहीं कर रहा है।

यूजर रिपोर्ट की मानें तो जब वे वेब ब्राउजर का उपयोग कर रहे हैं तो उन्हें अपनी टाइमलाइन देखने, ट्वीट पोस्ट करने या ट्रेंडिंग टॉपिक्स ब्राउज करने में समस्या आ रही हैं। हालांकि मोबाइल पर लोगों को कोई समस्या नहीं हैं। यानी कि एक्स मोबाइल ऐप सामान्य रूप से कार्य कर रहा है।

### संदेशखाली मामला

## सीबीआई रेड में विदेशी हथियार और गोला-बारूद बरामद

**एजेंसी, कोलकाता**

**लोकसभा** चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल के संदेशखली मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ा एक्शन लिया है। पश्चिम बंगाल के कई ठिकानों पर सीबीआई ने छापा मारा। सीबीआई ने ईडी अफसरों पर संदेशखाली में हुए हमले के मामले में अभी तक सात गिरफ्तारियां की हैं।

ई-मेल के जरिए सीबीआई को 50 से ज्यादा शिकायतें मिली थी, उनमें से एक पर सीबीआई ने एफ.आई.आर दर्ज कर रेड की। पुलिस ने जिस एफआईआर में शेख शाहजहां को नामजद आरोपी बनाया था इस एफआईआर को टेकओवर करके सीबीआई ने जांच शुरू की थी। रेड के दौरान विदेशी हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंची ममता सरकार

कलकत्ता हाई कोर्ट की ओर से संदेशखाली हिंसा मामले की सीबीआई जांच कराए जाने के आदेश के खिलाफ ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। अदालत ने सीबीआई को आरोपों की जांच करने और एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### कुमार स्वामी का गगल एयरपोर्ट पर स्वागत



**गगल।** दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पहुंच महाब्रह्मऋषि श्री कुमार स्वामी का उनके अनुयायियों ने फूलों की वर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया। गगल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 9:30 बजे कुमार स्वामी विमान द्वारा दिल्ली से गगल पहुंचे उसके बाद वे सड़क मार्ग द्वारा प्रवचनों की अमृत वर्षा करने के लिए नगरोटा को रवाना हो गए।

### कुंजेश्वर मंदिर लंबागांव में भंडारा कल

**लंबागांव।** कुंजेश्वर मणिमहेश सेवा दल की ओर से सालाना भंडारा धन्छौ (मणिमहेश) में लगाया जाता है। उसी के उपलक्ष्य में एक संपूर्ण भंडारा कुंजेश्वर मंदिर लंबागांव में होता है। अब यह संपूर्ण भंडारा मंदिर में 28 अप्रैल को लगाया जाएगा। आयोजकों ने सभी इलाका वासियों को इस भंडारे में परिवार सहित आमंत्रित किया है।

### जयसिंहपुर में चलाया मतदान जागरूकता अभियान

**लंबागांव।** जयसिंहपुर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप प्रोग्राम के तहत हारसी और सरी पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर तहसीलदार अभिषेक भास्कर ने लोगों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु सार्थक चर्चा की। गौरतलब है कि इन पंचायत में महिला मतदाता पुरुष मतदाताओं के मुकाबले अधिक मतदान करती हैं। नोडल अधिकारी प्रिंस जसरोटिया द्वारा आंकड़े प्रस्तुत किए गए और कम मतदान प्रतिशत के कारण जानने की कोशिश की गई।

### जयराम ने श्री श्री रविशंकर से की मुलाकात



**धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर शुक्रवार को आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने योग, राजनीति और देश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। गौरतलब है कि आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक योग, अध्यात्म, साधना और सत्संग के तहत आनंदोस्तव कार्यक्रम के आयोजन के लिए धर्मशाला पहुंचे हुए हैं। आनंदोस्तव को आयोजन शनिवार को शाम 6 बजे से धर्मशाला के इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा।

### वेलकम पार्टी से किया बच्चों का स्वागत



**नूरपुर।** नूरपुर ब्लॉक के सुलयाली में आईटी नेक्स्ट जेनरेशन स्कूल में वेलकम पार्टी आयोजित करके नए सत्र में बच्चों का स्वागत किया गया. जिसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गई और स्कूल की तरफ से बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के अध्यक्ष कृष्ण हीर व प्रधानाचार्य नीरज चड्डा नेबच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों व उनके अध्यापकों को बधाई दी। इस मौके पर स्कूल के असिस्टेंट डायरेक्टर समृद्ध हीर, वाइस प्रिंसिपल कविता धीमान व अन्य अध्यापक गणमान्य मौजूद रहे।

### मलेरिया के प्रति लोगों को किया जागरूक

**ज्वालामुखी।** लॉरेट फार्मेसी संस्थान की वैलनेस और रेड रिबन इकाई ने रिआन डायलिसिस सेंटर के सहयोग से मलेरिया दिवस मनाया। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य एवं निर्देशक डॉ. एम्एस आशावत ने एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फार्मेसी के छात्रों ने नजदीकी गांव में जाकर मलेरिया के प्रति लोगों को जागरूकता किया। रिटायर्ड बीएमओ डॉ. केके रतन ने मलेरिया के बारे में गांव के लोगों के साथ जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मलेरिया बीमारी मच्छरों के काटने से होती है। इसमें अगर समय पर इलाज न किया जाए तो रोग के गंभीर रूप लेने पर मौत का खतरा हो सकता है। मलेरिया के निदान के लिए डॉक्टर की सलाह पर इसके दवा का कोर्स पूरा करें। लक्षण कम होने पर बिना डॉक्टरी सलाह के दवा बंद न करें। मलेरिया से बचाव के लिए प्रयास करना बहुत आवश्यक है। इस मौके पर चालीस से ज्यादा लोग उपस्थित रहे।

### नूरपुर महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल, वाणिज्य विभाग तथा अर्थशास्त्र विभाग के इंचार्ज अध्यापकों प्रो. संजय कुमार जसरोटिया, प्रो. किरण बाला, प्रो. सुरजीत सिंह तथा प्रो. पर्ल बक्शी द्वारा संयुक्त रूप से 'एसबीआई लाइफ प्रोटेक्शन एंड सेविंग सॉल्यूशन' पर वक्तव्य व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर ने की। इसमें महाविद्यालय के लगभग 70 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विशेषज्ञ के तौर पर एसबीआई लाइफ की ब्रांच न्याजपुर से सुरेंद्र शर्मा (ब्रांच मैनेजर) व अंशुमन शर्मा (सहायक) ने विद्यार्थियों को उपरोक्त विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

### अंसोली में अवैध शराब बरामद

**गगल।** महिला पुलिस थाना गगल के तहत अंसोली में विजय कुमार निवासी गांव अंसोली की दुकान से 5,250 एमएल अवैध शराब बरामद की गई है। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शहीद सुरेंद्र सिंह के नाम से जाना जाएगा परौर स्कूल



**डरोह।** शुक्रवार को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परौर का नामकरण शहीद सुरेंद्र सिंह राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परौर किया गया। इसमें विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार का जीर्णोद्धार शहीद सुरेंद्र सिंह की धर्मपत्नी अनीता कुमारी द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर अनीता कुमारी के परिवार के सदस्य, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष नवीन आनंद, प्रधानाचार्य अशोक राणा, समस्त स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 10 मई को मनाया जाएगा परशुराम जयंती



जानकारी देते संस्था के पदाधिकारी।

**डाडासीबा।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था हिमाचल प्रदेश इकाई हर वर्ष की की भांति इस साल भी परशुराम जयंती मनाएगी। शुक्रवार को संस्था के पदाधिकारियों ने पंचतीर्थी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में इस कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई।

संस्था के प्रदेश अध्यक्ष विनोद डोगरा ने बताया कि इस वर्ष भी भगवान परशुराम के जन्महोत्सव पर 7वीं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी शुरुआत कालेश्वर पंचतीर्थी से शुरू होते हुए कलोहा, गरली, बणी, नलेटी, बलाहर, कुहना से होते हुए चमुखा के शिव मंदिर हार डोगरी में संपूर्ण होगी। विनोद ने जनता से आह्वान किया है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करें। डोगरा ने बताया 8 से 9 मई तक चमुखा शिव मंदिर में रामायण के पाठ का आयोजन भी किया जाएगा। 10 मई को विशाल शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री आचार्य वनीश ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तरलोक शर्मा इत्यादि अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# टांडा अस्पताल के इमरजेंसी फोन नंबर लंबे अर्से से बंद, लोग हो रहे परेशान

## मल्टीस्पेशलिटी का दंभ भरने वाले अस्पताल में अव्यवस्था का आलम

**आशीष दमीर, टांडा**

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज टांडा के इमरजेंसी लैंडलाइन फोन लबे अरसे से बंद पड़े हैं। टांडा अस्पताल आने से पूर्व यदि किसी मरीज अथवा किसी अन्य व्यक्ति को कोई आवश्क जानकारी हासिल करनी हो तो, अस्पताल के आपातकालीन नंबर बंद मिलेंगे। हैरानी की बात है कि मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का दंभ भरने वाले टांडा अस्पताल के अति महत्वपूर्ण फोन नंबर ही लंबे अरसे से बंद हैं।

टांडा अस्पताल में स्थित इमरजेंसी एकमात्र ऐसी जगह है, जहां पर तत्काल उपचार के लिए लोगों को पहुंचाया जाता है, यहां लाए गए मरीजों का कुशलेक्षम जानने के लिए परिजन यहां फोन करते हैं तो यहां पर लगे तमाम फोन स्विच ऑफ बताए जाते हैं।

ऐसे में यदि किसी भी मरीज के साथ कोई अनहोनी हो जाए तो लोगों को इसकी समय रहते जानकारी नहीं मिल पाती है। (अनंत ज्ञान)



### आपातकालीन सेवा के ये नंबर बंद

**डॉक्टर** राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज टांडा के जो लैंडलाइन फोन अरसे से बंद पड़े हैं उनमें 01892-267114, 01892-267495, 01892-267187, 01892- 287187 नंबर बंद हैं। हालांकि ऐसा भी नहीं कि उक्त नंबरों के बिल अदा नहीं किए गए हैं। नंबर बंद होने के बावजूद इन नंबरों के बिल अथवा रेंट समय रहते अदा हो रहे हैं।

### यह कहना है लोगों का

**टांडा** में उपचारधीन सिरमौर से आए ओम प्रकाश का कहना है कि यहां उपचार के लिए उनके भतीजे को लाया गया था, जिसकी जानकारी के लिए जब उन्होंने यहां फोन किया तो इमरजेंसी के साथ अन्य फोन भी स्विच ऑफ पाए गए। उन्होंने कहा कि इस बात की हैरानी हुई कि लैंडलाइन फोन कैसे स्विच ऑफ हो सकते हैं और वह भी प्रदेश के सबसे बड़े अस्पतालों में शामिल टांडा अस्पताल के। वहीं चंबा से आए सतीश कुमार, जोगिंद्रनगर से रमेश चंद, इंदौरा से आए कश्मीर चंद, पोंटा साहिब के वीरेंद्र कुमार आदि लोगों ने भी टांडा अस्पताल प्रशासन की ऐसी कार्यप्रणाली पर चिंता व्यक्त की।

### जल्द ठीक होंगे बंद पड़े फोन : मिलाप

**इस** इस संदर्भ में टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मिलाप शर्मा ने बताया कि उक्त जानकारी अनंत ज्ञान अखबार के माध्यम से उनके सामने आई है। उन्होंने बताया कि यह सही पाया गया कि उक्त सभी फोन बंद पाए गए हैं। उन्होंने इस विषय पर गंभीरता जताते हुए कहा कि बंद पड़े नंबरों को ठीक करने के आदेश तत्काल जारी कर इसके कारणों की जानकारी मंगवाई गई है। जल्द ही बंद पड़े फोन नंबरों को ठीक करवाने के आदेश दिए गए हैं।

# युवक पर कांच की बोतल और तलवार से हमला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के अंतर्गत गरुद्वारा मार्ग बाजार में वीरवार देर शाम दर्जन भर युवकों ने एक स्थानीय युवक पर कांच की बोतल और तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में युवक नीरज चोपड़ा को मुंह और पीठ पर हल्की चोटें आई हैं। इससे पहले बाजार के अन्य लोग मौके पर पहुंचते, आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए। पुलिस ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आरोपी युवकों ने पीड़ित युवक से गाड़ी किराए पर ली थी और आरोपी युवकों ने गाड़ी तय समय से देरी से वापस की। देरी से गाड़ी मिलने पर पीड़ित युवक से लेट चार्जस की मांग की और इस बात को लेकर बहस शुरू हो गई। आरोपी युवक मौके से धमकी देकर निकल गए, लेकिन कुछ समय बाद वह अपने अन्य साथियों के साथ पीड़ित व्यक्ति की दुकान पर पहुंचा और उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान कलमबद्ध किए है और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा हतेश लखनपाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों को भी जल्द दबोच लिया जाएगा। सूत्रों की माने तो आरोपी युवकों में से एक युवक भाजपा नेता का बेटा है और अन्य उसके दोस्त हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपती घायल

**देहरा।** पुलिस थाना देहरा के तहत ढलियारा, बीबीएन ढाबा के समीप अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफतारी व लापरवाही से गलत दिशा में मोटरसाइकिल को दक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक राजिंद्र शर्मा व उनकी पत्नी प्रवीण शर्मा घायल हो गए। इस बारे पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सार्वजनिक संपत्तियों पर न लगें राजनीतिक पोस्टर : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव-2024 के लिए जिला में लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर किसी भी सरकारी भवन या अन्य सार्वजनिक संपत्ति पर कोई भी राजनीतिक पोस्टर, बैनर, होर्डिंग या कोई भी अन्य प्रचार सामग्री नहीं लगाई जा सकती है। इसका उल्लंघन करने वाले लोगों और संगठनों के खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को भी यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि उनके विभागों के भवनों और अन्य संपत्तियों पर किसी भी तरह की राजनीतिक प्रचार सामग्री न लगाई गई हो। अगर इन भवनों एवं संपत्तियों पर राजनीतिक प्रचार सामग्री पाई गई तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जवाबदेह होंगे।

उन्होंने शहरी निकायों के अधिकारियों को भी कड़े निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने निकायों के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक स्थलों एवं सरकारी संपत्तियों पर विशेष नजर रखें। अगर इन पर कोई भी प्रचार सामग्री लगाता है तो त्वरित कार्रवाई करें। किसी निजी भवन या अन्य निजी संपत्ति पर प्रचार सामग्री लगाने के लिए भी उसके मालिक की अनुमति अनिवार्य है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना में सहयोग की अपील भी की है।

## ग्रामीण युवतियों को मिलेगा ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण

**धर्मशाला।** पंजाब बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला बेरोजगार युवतियों के लिए 6 मई 2024 से ब्यूटी पार्लर का निशुल्क प्रशिक्षण शुरू करवाने जा रहा हैं। उक्त जानकारी देते हुए आरसेटी की निदेशक गरिमा ने बताया कि 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण क्षेत्र की युवतियां भाग ले सकती हैं, जिन्हें स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें बैंक से ऋण भी प्रदान करवाया जाएगा।

जिला कांगडा में 18 से 45 वर्ष की उम्र के बीच के युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करवाता है। जिसमें प्रशिक्षणार्थी के रहने, खाने-पीने, यूनिफॉर्म, टेउनिंग मेटिरियल आदि संस्थान के द्वारा ही प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवक एवं युवतियां नजदीक गर्वमेंट कॉलेज ओडिटोरियम सिविल लाइन धर्मशाला, पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कांगड़ा में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं. 94599-00660 एवं आफिस नंबर 01892-227122 पर संपर्क कर सकते है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# ज्वालामुखी के डिपुओं में नहीं पहुंचा आटा, उपभोक्ता परेशान

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

डिपुओं में सब्सिडी पर मिलने वाले राशन पर निर्भर ज्वालामुखी के उपभोक्ताओं को पूरा राशन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। राशन के लिए उपभोक्ताओं को डिपुओं के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।



ज्वालामुखी शहर से ग्रामीण क्षेत्र में स्थित डिपुओं में राशन सामग्री में किसी न किसी खाद्य वस्तुओं की कमी हर माह कोटे के राशन के आवंटन के दौरान देखने को मिल रही है। इस बार ज्वालामुखी के डिपुओं में आटे का कोटा ही नही पहुंचा है, जिस कारण डिपुओं पर आश्रित परिवारों को बाहरी दुकानों से महंगी कीमत का आटा खरीदना पड़ रहा है। उपभोक्ता डिपुओं के चक्कर काट रहे हैं ताकि उन्हें आटा मिल पाए लेकिन कोई सुनवाई नही कर रहा। डिपुओं में राशन देने वालो डिपोधारकों का कहना है कि इस बार आटे का कोटा पूरा आया ही नही है। अब उपभोक्ताओं को डिपो से मिलने वाला कम राशन दोबारा नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते शहर व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं में विभाग के खिलाफ रोष पनप रहा है। उपभोक्ताओं ने सरकार, जिला प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया है कि इस दिशा में उचित जांच सहित व्यापक कदम उठाए जाए।

वहीं इस संदर्भ में जिला नियंत्रक जिला कांगड़ा पुरषोतम सिंह ने बताया की डिपोधारको को निर्देश दे दिए गए हैं और एक दो दिन के अंदर आटे का कोटा डिपुओं में पहुँच जाएगा और उपभोक्ताओं को परेशानी से निजात दिलवाई जाएगी।

# कांगड़ा के साथ भेदभाव करती है कांग्रेस : खन्ना

## बोले- आज प्रदेश में महिला सुरक्षित नहीं, बढ़ रहा क्राइम, बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा से भी की भेंट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा से भेंट की और उनसे अनेक विषयों पर चर्चा की। इसके बाद धर्मशाला के दाड़ी में अविनाश राय खन्ना ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी किशन कपूर ने कांग्रेस को 4,77,623 मतों से शिकस्त दी थी। यह देश में सबसे बड़ी जीत थी और इस बार भी भाजपा आगामी लोकसभा चुनावों में इस परंपरा को जारी रखेगी। एक बार फिर कांगड़ा में कमल खिलेगा और देश में तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी बनेंगे।



बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करते भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना, साथ हैं अन्य।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के मुद्दों को हल करवाने के लिए हमारे सांसद ने केंद्र सरकार से लगातार पैरवी की। भाजपा ने गगल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए काम करवाया। जदरांगल में केंद्रीय विवि के कैंपस के लिए भूमि का चयन करवाई। मटौर से शिमला और पठानकोट से मंडी फोरलेन का निर्माण के कार्य को गति प्रदान की। हमारे सांसद ने 696 विकास कार्यों के लिए 17 करोड़ की राशि जारी की, शहीद स्मारकों और जीर्णोद्धार के लिए 1.20 करोड़ जारी किए। केंद्र विश्वविद्यालय की दृष्टि से धर्मशाला में भी 250 करोड़ से भवन निर्माण का काम शुरू होना था, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा 30 करोड़ रुपए जमा न करवाने के कारण मामला लटक गया है।

हालांकि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने जून माह में क्लीयरेंस दे दी थी। यह साफ दिखता है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार विकास और शिक्षा विरोधी है। उन्होंने कहा कांगड़ा जिला के धर्मशाला में राज्य का पहला यूनिटी मॉल बनाने के लिए भारत सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष में 132 करोड़ मंजूर किए हैं। पर सुनने में आया है कि इस मॉल को भी यहां से शिफ्ट किया जा सकता है? यह सरकार पूर्ण रूप से कांगड़ा विरोधी है। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला को दूसरी राजधानी कहा जाता है पर धीरे-धीरे विभागीय कार्यालयों को शिफ्ट करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। यह अपने आप में बड़ा प्रश्न है।

उन्होंने कहा कि जहां भाजपा ने हमेशा नारी सम्मान की बात करी वहीं कांग्रेस ने हमेशा नारी अपमान को बढ़ावा दिया। हाल ही में कांगड़ा जिले में घटी काइम की घटनाओं से पूर्ण रूप साफ है कि हिमाचल प्रदेश में महिला सुरक्षित नहीं है।

## कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी भाजपा को हराने में सक्षम :मनोज

**धर्मशाला।** धर्मशाला उपचुनाव के लिए प्रत्याशी तय होते ही कांग्रेस धर्मशाला में बिछ जाएगी। कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी भाजपा को हराने में सक्षम हैं। यह बात आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार ने शुक्रवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि धर्मशाला से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों में 7-8 नाम है, जिन पर सीएम विचार कर रहे हैं। इन प्रत्याशियों की ग्राउंड रिपोर्ट और पब्लिक एक्सेप्टेंस कितनी है कि वे अपने दम पर वोट ले सकें, इसके बारे में सरकार ने जानकारी हासिल की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सीएम के धर्मशाला दौरे से कार्यकर्ताओं में उत्साह है, जबकि भाजपा बौखलाहट में है। धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी परेशान हैं, क्योंकि भाजपा से जो टिकट चाहवान थे, उन्होंने सुधीर से दूरी बना रखी है। भाजपा के पास कांग्रेस के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं है। सीएम सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल विकास की राह पर अग्रसर है, क्योंकि सीएम पहले दिन से जनता से किए वादों को पूरा करने में लगे हुए हैं।

**तैयारी** चुनावी रिहर्सल में जवाली और देहरा की पोलिंग पार्टियों को दिया प्रशिक्षण

# चुनाव में कोई कोताही नहीं होने दी जाएगी

**अनंत ज्ञान, जवाली**

विधानसभा क्षेत्र जवाली में लोकसभा चुनाव में तैनात पोलिंग पार्टियों का प्रशिक्षण शुक्रवार को मिनी सचिवालय जवाली में हुआ। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जवाली विचित्र सिंह ने इस चुनावी रिहर्सल में पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया।

सहायक निर्वाचन अधिकारी विचित्र सिंह ने कहा कि जवाली में 119 पोलिंग बूथ हैं तथा इनमें चुनावी ड्यूटियों में तैनात पोलिंग पार्टियों को पहली रिहर्सल करवाई गई है। चुनावों को लेकर पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई।

इस दौरान मास्टर ट्रेनर ने चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान प्रक्रिया प्रोजेक्टर के माध्यम से भी बताई। मतदान कर्मियों ने वोटिंग से जुड़ी विभिन्न आशंकाओं का समाधान भी किया। दूसरी रिहर्सल 22 मई व तीसरी रिहर्सल 29 मई को होगी। उन्होंने कहा कि किसी किस्म की कोई कोताही नहीं होने दी जाएगी।



विधानसभा क्षेत्र जवाली में आयोजित चुनावी रिहर्सल में भाग लेते चुनाव कर्मी।

### अपना दायित्व गंभीरता से निभाएं चुनाव कर्मी : शिल्पी वेक्टा

गरली। लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत उपमंडल देहरा के अंतर्गत दो विधानसभा क्षेत्रों जसबां प्रागपुर और देहरा इलाके के पीठासीन अधिकारियों, एपीआरओ, पीआरओ, सेक्टर आफिसर का चुनाव पूर्वाभ्यास शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ढलियारा में हुआ।

उपमंडल अधिकारी (नागरिक) देहरा शिल्पी वेक्टा ने इस अवसर पर कहा कि सभी चुनाव अधिकारियों को अपना दायित्व गंभीरता से निभाना होगा और दायित्व के निर्वाहन मे चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करना होगा। इस दौरान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं से अवगत करवाया गया है।



उपमंडल अधिकारी (नागरिक) देहरा शिल्पी वेक्टा अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

उन्होंने मतदान में आने वाली समस्याओं का निवारण किया और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रशिक्षण शाला में 1200 अधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर चुनाव अधिकारी रोशन लाल, शमशेर सिंह, हरजीत सिंह सोनी, सहित तहसीलदार डाडासीवा, हरिपुर, देहरा, कसवा कोटला, रक्कड़ भी उपस्थित रहे।

# जदरांगल में लोगों को मलेरिया से बचाव के दिए गए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विश्व मलेरिया दिवस ब्लॉक नगरोटा बगवां के हेल्थ वेलनेस सेंटर जदरांगल में मनाया गया।

उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने बताया कि मलेरिया की बीमारी मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है जो आमतौर पर गर्मियों तथा बरसात में ज्यादा तादाद में पाया जाता है। मच्छर के काटने के बाद 10 से 14 दिन के भीतर व्यक्ति में मलेरिया के लक्षण आ जाते हैं, इसमें मनुष्य को सर्दी के साथ बुखार आता है। इसलिए जरूरी है कि जब भी बुखार आए तो मलेरिया के लिए खून की जांच जरुर करवाएं तथा मलेरिया की पुष्टि होने पर डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाई का प्रयोग करें। इसकी दवाई स्वास्थ्य संस्थानों में मुफ्त उपलब्ध होती है। मलेरिया गर्भवती माता और बच्चों में खतरनाक हो सकता है । अगर हम समय पर अपना इलाज न करवाए तो व्यक्ति की जान भी जा सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया की मलेरिया से बचने के उपाय बड़े सरल हैं इसमें बुखार आने पर नजदीक के स्वास्थ्य संस्थान में जाकर अपने खून का परीक्षण करवाएं। मलेरिया से बचाव के लिए अपने घर के इर्द-गिर्द साफ सफाई रखें । सुबह और शाम के वक्त मच्छर की अधिकता होने के कारण फुल स्लीव के कपड़े पहने। बच्चों को मच्छर से बचने के लिए कीट निवारक लोशन या क्रीम लगाकर बाहर भेजें। आसपास जितने भी गड्ढे हैं जिसमें पानी भरा होता है उसे मिट्टी से भर दे। पानी कहीं भी खड़ा न होने दे। फूलों के गमले के नीचे जो ट्रे रखी होती है उसमें भी पानी को जमा न होने दे। कूलर का पानी समय-समय पर बदलते रहे्। घर में जाली का दरवाजा बंद रखें ताकि घर में मच्छर प्रवेश न कर सके और रात को सोने पर मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास ज्यादा झाड़ियां ना होने दे उन्हें तुरंत काट दे ।

विश्व मलेरिया दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इस जानलेवा रोग के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने आवाहन किया मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए जागरूकता अत्यंत जरूरी है। ताकि लोगों को इस गंभीर बीमारी से छुटकारा मिल सके।

## हिमाचल लोकसभा चुनाव एक नजर

**हिमाचल में लोकसभा की किस सीट पर कैसी रही स्थिति**

**शिमला संसदीय सीट**

**1977** में बालक राम कश्यप जनता पार्टी से सांसद बने

**1999** में धनीराम शांडिल हिविकां से चुने गए

**2009** में बसपा के सोमनाथ को 8,160 वोट पड़े



मंडी जिले के गोहर स्थित सियांजी, जयदेवी स्कूल में मतदाताओं को जागरूक करती स्वीप की टीम।

वर्ष 1962 में तीसरी लोकसभा के लिए **2,39,167** मतदाताओं ने डाले थे वोट

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# कांग्रेस कुनीति की शिकार, परिवारवाद को बढ़ावा दे रही सरकार : कंगना रनौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा की मंडी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी कंगना रनौत ने एक बार फिर कांग्रेस पर हमला बोला है। अपने गृह क्षेत्र सरकाघाट के बलद्वाड़ा में भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवारवाद को बढ़ाबा देने वाली पार्टी है, जिसमें सिर्फ नेताओं के बेटे और बेटियों को राजनीति में आगे लाने के लिए मौका दिया जाता है, जबकि दूसरी ओर भाजपा है, जहां साधारण से कार्यकर्ता को भी टिकट मिलते हैं।

एक तरफ भाजपा शीर्ष नेताओं की ऐसी अच्छी सोच है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस कुनीति और कुबुद्धि का शिकार हो गई है। इनके नेता आज सेना पर सवाल, महिलाओं का अपमान और हमारे आदर्श भगवान राम को भी काल्पनिक बताते हैं। यह वही पार्टी है, जिसके राज में कोयला, टू जी, फोर जी, चारा न जाने कितने ही घोटाले लाखों करोड़ों के हुए, जबकि 2014 के बाद आज तक देश ने किसी घोटाले का नाम तक नहीं सुना। यही है मोदी की गारंटी, जहां सबका साथ सबका विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बोलते हैं हमने 97 प्रतिशत हिंदू विचारधारा को हिमाचल में हराया है। इससे बड़ी शर्म की बात क्या हो सकती है।

इस मौके पर उनके साथ स्थानीय विधायक दलीप ठाकुर और नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी उपस्थित रहे।



पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कंगना रनौत, पूर्व सीएम जयराम ठाकुर व अन्य पदाधिकारी।

# विक्रमादित्य बोले- सिर्फ सराज के मुख्यमंत्री थे जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह का कहना है कि सराज में वह पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को ऐसा डेंट डालेंगे कि जयराम हमेशा याद रखेंगे। यह बात विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को बल्ह विधानसभा क्षेत्र के नेरचौक में आयोजित बल्ह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जयराम ठाकुर प्रदेश को तो छोड़िए मंडी जिले के भी मुख्यमंत्री नहीं थे।

वह सिर्फ सराज के सीएम थे। शुक्रवार को सराज में ऐसे-ऐसे भवनों और हेलिपैड का निर्माण कर दिया गया है, जो किसी काम के नहीं हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुश करने के चक्कर में अपनी ही पार्टी के दिवंगत नेताओं का अपमान कर बैठी है। कंगना की नजरों में आजादी 2014 में मिली है। कंगना को न तो तर्क का पता है और न ही तथ्यों का। विक्रमादित्य सिंह ने कंगना को फिर से चुनौती देते हुए कहा कि अगर वह कर्मचारियों का केंद्र से 9 हजार करोड़ वापस ले आती हैं, तो वह भी उनके मुरीद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि कंगना कभी भी ऐसा नहीं करेंगी, क्योंकि ओपीएस कांग्रेस पार्टी की देन है। उन्होंने एमपी की नई परिभाषा बताते हुए कहा कि जनता के सुख-दुख में हर वक्त उनके साथ मौजूद रहने वाला ही एमपी होता है। इस बात को प्रदेश की जनता भलीभांति जानती है और उन्हें किसी भी तरह का प्रमाण देने की जरूरत नहीं है।



रोड शो के दौरान बल्ह के नेरचौक में विक्रमादित्य सिंह।

## चुनावी चुटकी

### राजनीति के सिद्ध



**हिमाचल** में राजनीति के सिद्ध पुरुषों के कोप का डर सभी उम्मीदवारों को सता रहा है। उनकी गिद्ध दृष्टि से बचने के लिए प्रत्याशी दरबार में पहुंच रहे हैं। कभी भी ये राजनीति के सिद्ध एक वचन से कुछ भी कर सकते हैं। हाल ही में एक महान नेत्री को भी सिद्ध का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए खूब मशक्कत करनी पड़ी। किसी भले आदमी ने उनको सलाह दी थी कि अगर सिद्ध को नहीं मनाया गया तो उनके रूठने का अंदाज बुरा है। उनकी काग दृष्टि किसी भी बने बनाए खेल को बिगाड़ सकती है। उन्होंने छोटा सा कोई प्रवचन दे दिया और कोप के चलने अनर्थ हो सकता है। देवी जी ने भी देर नहीं की और सिद्ध पुरुष को ऐसे साधा की वे उनके लिए अप्सरा बन गईं। ऐसे ही एक अन्य सिद्ध पुरुष भी हैं जिनके दरबार में पहुंचकर कई प्रत्याशियों को आशीर्वाद लेना पड़ रहा है। बकायदा कतार में लगे नेताओं को भी पसीना बहाना पड़ा जो हर समय वातानुकूलित वातावरण में रहते हैं। धुर विरोधी रहे नेता भी उनकी पूजा-अर्चना में पीछे नहीं थे। इन सिद्ध पुरुष में आसमानी शक्तियों का संचार भी होता रहा है। वे उनका समय समय पर आह्वान भी करते आए हैं। ऐसे में इन सिद्ध पुरुषों की महिमा अपरंपार है। अब किसका बेड़ा पार लगाएंगे और किसे गोते खिलाएंगे ये सब वे जानें।

-राजेश शर्मा

# भाजपा को जनता देगी जवाब : सुक्खू

## सीएम बोले- धनबल से किया सत्ता हथियाने का प्रयास, लेकिन नहीं हुए कामयाब

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/राजगढ़**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए अपने चुनाव अभियान की शुरुआत शिमला जिले के दूर-दराज क्षेत्र डोडरा-क्वार से की। भाजपा पर जोरदार हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने धनबल से सत्ता को हथियाने का प्रयास किया, लेकिन उनके इरादे कामयाब नहीं हो सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सत्ता हथियाने की कोशिश करने की सजा भाजपा को जरूर देगी और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें कांग्रेस पार्टी के खाते में डालेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पैसे के दम पर प्रदेश सरकार को गिराने की कोशिश भी की। उन्होंने कहा कि बिकाऊ नेता कभी भी जनसेवक नहीं हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने धनबल के अहंकार में यहां तक कहा कि भगवान भी इस सरकार को नहीं बचा सकते हैं, लेकिन देवी-देवताओं के आशीर्वाद से वर्तमान राज्य सरकार ने बजट पास करवाया। राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के दरवाजों को बंद किया, जिसके कारण राज्य सरकार के खजाने में पैसा आया और इसी धन से जन कल्याण की नई योजनाओं की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के अधिकार को रुकवाने के लिए भाजपा नेता चुनाव आयोग के पास गए, जबकि यह योजना पहली मार्च 2024 से पूरे प्रदेश में लागू हो चुकी है और इसके लिए 800 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने इस योजना के फार्म भरने को इजाजत दे दी है और एक जून को महिलाओं को तीन हजार रुपए की धनराशि उनके खाते में ट्रांसफर की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राजगढ़ के नेहरू मैदान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर पांवटा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले मनीष ठाकुर ने आप पार्टी छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जीआर मुसाफिर ने भी मंच संभाला और अपने पुराने अंदाज में दिखे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर, विनोद सुल्तानपुरी, दयाल प्यारी, आनंद परमार ने भी विचार व्यक्त किए, जबकि मंच संचालन दिनेश आर्य व चंद्रशेखर ठाकुर ने किया।



### प्रदेश की अस्मिता पर भाजपा ने किया प्रहार : सुल्तानपुरी

**कांग्रेस** पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी एवं कसौली विधानसभा सीट से विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि भाजपा ने राज्य सरकार को अस्थिर करने की साजिश की और हिमाचल प्रदेश की अस्मिता पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुझे और विक्रमादित्य सिंह को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारा गया है और मुख्यमंत्री फ्रंट फुट पर खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश के देवी- देवताओं और जनता के आशीर्वाद से सभी चारों सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि उनके पिता केडी सुल्तानपुरी छह बार सांसद रहे और जिस सच्चाई के साथ उनके पिता ने कार्य किया है, उसी निष्ठा के साथ वह भी काम करेंगे और हमेशा लोगों के दुख-दर्द में साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा सांसद ने पिछले पांच वर्ष में मात्र एक सवाल संसद में पूछा है।

## ऊना में बढ़त हासिल करना भाजपा के लिए चुनौती

**ऊना।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में भाजपा के लिए ऊना जिले से बढ़त हासिल करना एक चुनौती रहेगी। वर्तमान परिस्थितियों में इस जिले में चार विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया था। गगरेट और कुटलैहड़ में उपचुनाव हो रहे हैं और दोनों ही विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस ने अंदरखाते से यहां भाजपा के प्रत्याशियों के खिलाफ माहौल बनाने के लिए तैयारी कर ली है। स्वयं यहां उपमुख्यमंत्री का गृह जिला है और हरोली विधानसभा क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ भी रही है। हिमाचल प्रदेश में अभी तक संसदीय चुनावों के साथ विधानसभा के उपचुनाव नहीं हुए हैं। ऊना जिले में भी ऐसा पहली बार होने लगा है। जिले में एक सियासी घटनाक्रम के तहत उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री के नाम को भी आगे किया गया, लेकिन अग्निहोत्री द्वारा प्रस्ताव ठुकरा देने से माहौल फिर से पहले जैसा बन गया। जिले से सतपाल रायजादा के नाम पर लगभग मुहर लगा दी गई थी। ऐसे में अगर सतपाल रायजादा ही चुनाव मैदान में आते हैं, तो इस जिले से भाजपा को बढ़त बनाना बड़ी चुनौती हो जाएगा। इसके अलावा जिले में हरोली विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री की भी प्रतिष्ठा का सवाल रहेगा। उधर, गगरेट में कांग्रेस के बागी और वर्तमान में भाजपा प्रत्याशी को घेरने के लिए कांग्रेस के ही नहीं अपितु कुछ अदृश्य शक्तियां एकत्रित हो रही हैं। चिंतपूर्णी में कांग्रेस के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू पर भी वर्चस्व बनाए रखने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के लिए डोर-टू-डोर प्रचार करना मजबूरी हो सकती है। संसदीय क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा की चुनौती कम नहीं होगी।

## राहुल गांधी वायनाड से हार रहे चुनावः अनुराग



**डंगार चौक।** शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने डंगार चौक में अपनी चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव हार रहे हैं। इसीलिए अब अमेठी का रुख कर रहे हैं। कांग्रेस का हाल यह है कि हार के डर से उसके सभी बड़े नेता 2-2 सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं फिर भी कांग्रेस अभी तक 300 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बहुत विकास करवाया है और विकास के नाम पर ही मोदी सरकार अबकी बार 400 के पार जीत हासिल करेगी। चाहे देश में सड़कों और रेलगाड़ियों का विस्तार हो, चाहे अस्पताल हों। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अगले 5 वर्षों तक और गरीबों को राशन फ्री देगी।

## झूठी आरटीआई वायरल कर रही कांग्रेसः कश्यप



**नाहन / राजगढ़।** शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। कश्यप ने कहा कि शिमला क्षेत्र से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पास आज जनता के बीच जाने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। बीते 15 माह में कांग्रेस सरकार हिमाचल में विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगता पाई। पत्रकारों से रू-ब-रू होते हुए नाहन में सुरेश कश्यप ने कहा कि आज कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरते ही उनके खिलाफ झूठी आरटीआई की एक कॉपी वायरल करने का काम कर रहे हैं, जिसमें वह बता रहे हैं कि सांसद ने आपदा में सांसद निधि का प्रयोग नहीं किया। सुरेश कश्यप ने कहा कि आरटीआई के माध्यम से जानकारी सही लेकर कांग्रेस प्रत्याशी जनता के बीच जाएं। कश्यप ने देश के एक प्रतिष्ठित न्यूज चैनल की प्रिंट कॉपी प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसमें साफ लिखा है कि प्रदेश के चार सांसदों में किस ने कितनी सांसद निधि विकास कार्यों में खर्च की। इसमें यह भी साफ शब्दों में लिखा है कि शिमला के सांसद का काम सबसे प्रभावशाली रहा है। कश्यप ने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस जितना भी झूठ का सहारा लेकर दुष्प्रचार करे, आना तो मोदी ही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा की आप सब सुरेश कश्यप बन कर लोगों के बीच जाएं और कांग्रेस की झूठी गारंटियों की जानकारी दें।

### मंत्री चंद्र कुमार बोले- सीएम और डिप्टी सीएम ने विधायकों की नहीं सुनी

# चुनाव के बीच प्रदेश सरकार में कलह

**अनिल छांगू, जवाली**



हिमाचल में लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस सरकार में फिर बवाल मचने लगा है। कृषि मंत्री ने सीएम सुखविंद्र सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री को राज्यसभा चुनाव के वक्त हुई बगावत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। एक इंटरव्यू में कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने खुलकर कहा कि 6 बागी विधायकों की नाराजगी की सीएम और डिप्टी सीएम ने परवाह नहीं की।

इसी वजह से वे पार्टी छोड़कर चले गए। मंत्री का इंटरव्यू सामने आते ही भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया है। भाजपा ने सोशल मीडिया पर मंत्री चंद्र कुमार का इंटरव्यू शेयर करते हुए लिखा- हिमाचल की कांग्रेस सरकार में मंत्री चंद्र कुमार ने माना कि चुने हुए विधायकों के साथ सीएम सुक्खू सौतेला व्यवहार करते थे। वहीं, मंत्री के इस बयान से फिर हिमाचल में कांग्रेस के भीतर गुटबाजी को हवा मिल सकती है। भाजपा ने इन 6 बागी विधायकों को उपचुनाव में उन्हीं की सीटों से उम्मीदवार बनाया है।

मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि विधायकों की बगावत रोकी जा सकती थी। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा और राजेंद्र राणा तो महत्वकांक्षी थे, मगर बाकी लोग कांग्रेस के पुराने बैकग्राउंड के लोग थे। इनका पार्टी छोड़कर जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके पीछे कई फैक्टर इन्वॉल्व थे। कुछ लोग मंत्री नहीं बनने से नाराज थे। कुछ लोग कहते थे कि उनकी बात नहीं सुनी गई। उनकी बात सुननी चाहिए थी। चंद्र कुमार ने कहा कि सरकार के स्तर पर यह कमी रही कि उनकी बात को सुन लेना चाहिए था। पार्टी छोड़ कर गए विधायकों की नाराजगी थी कि चपरासी की ट्रांसफर उनके कहने पर कैंसिल नहीं की गई। फलां आदमी गया तो कैंसिल कर दी। इससे विधायकों ने अपमानित महसूस किया और सरकार पर एक साल में ही यह संकट आया।

दरअसल, चंद्र कुमार ने यह बात प्रदेश में बीते 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के बाद सरकार पर आए सियासी संकट के संदर्भ में कही है। उन्होंने इस संकट के लिए बागी विधायकों के साथ सरकार के मुखिया पर सवाल उठाए हैं। (अनंत ज्ञान)

# सुजानपुर की राजनीति... जंग जीतनी है, चाहे जैसे भी हो

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल में उपचुनावों के दौरान रहने वाली हॉट सीट सुजानपुर पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं, लेकिन झंडों की अदला-बदली के जरिए चुनावी रण में उतरने की तैयारी को लेकर दोनों ही दलों में परंपरागत काडर यही सवाल पूछ रहा है, हमारा क्या होगा, हमारी बारी कब आएगी? भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा को चुनावी रण में उतारा है और अब कांग्रेस भी उल्टफेर करके 'तुरुप' की जिस नई चाल पर सवार हुई है, मतलब साफ है जंग जीतनी है, चाहे जैसे भी हो।

हालांकि अभी कैप्टन रंजीत ठाकुर का प्रत्याशी के रूप में ऐलान नहीं हुआ है। उन्होंने केवल कांग्रेस ज्वाइन की है, लेकिन उनका टिकट यकीनी माना जा रहा है। इसी की चर्चा यहां अब खूब हो रही है। काडर चाहे बीजेपी का हो या फिर कांग्रेस का, दोनों में ही ऊहापोह की स्थिति दिख रही है। खुलकर कोई कुछ नहीं बोल रहा, लेकिन बीच-बीच में पुराने वर्कर और पदाधिकारी उदास और निराश दिख रहे हैं। जो भी हो दोनों ही दलों में कठपुतली के इस खेल ने अपने-अपने परंपरागत वोटरों पर निराशा की स्थिति की बौछार निश्चित रूप में की है। भाजपा के उलटफेर की बात अब कुछ पुरानी हो गई है, लेकिन कांग्रेस के भीतर अब जो नया घट रहा है, इसका मतलब सीधा है, जिताऊ उम्मीदवार जो भी हो, उसी से समझौता होगा। परिस्थिति जैसी हो, उसी के तहत रणनीति बनाई जाएगी। पिछले चुनाव में कैप्टन रंजीत सिंह भाजपा के प्रत्याशी के रूप में चुनावी दंगल में थे, तब राजेंद्र राणा कांग्रेस उम्मीदवार रहे, लेकिन सवा साल बाद जो उलटफेर राजनीति के अखाड़े में हुआ, उसके बाद अजब-गजब माहौल तैयार हो गया। काडर ने जो नहीं सोचा था, पार्टी काडर को जिसका आभास नहीं था, वह स्थिति नए नवेले चेहरों के साथ रणभूमि में उतर गई। अब चाहे जो भी हो काडर मायूस हो नाराज हो उदास हो इसकी किस है प्रवाह यहां तो केवल जीत का स्वाद चखना है। (अनंत ज्ञान)

# कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



**पाकिस्तान,** अफगानिस्तान तथा बांग्लादेश से जो लोग हिंदू, सिख धर्म के आधार पर प्रताड़ित किए जाने पर हमारे देश में दो-तीन दशकों से नागरिकता प्राप्त करने के इंतजार में नारकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं, उनको देश की नागरिकता मिलने पर वे सभी सुविधाएं मिलें जो एक नागरिक को मिलती हैं। राजनीतिक दलों को इस पर काम करना चाहिए।
**प्रकाश चंद सेन (हमीरपुर)**



**पर्यावरण** और हिमाचल की भौगोलिक पृष्ठभूमि के अनुरूप ही विकास होना चाहिए। यदि हिमाचल को आपदा से बचाना है, तो पहाड़ी प्रदेशों के लिए अलग नीति का निर्माण करना होगा। मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता सांसद बनने के बाद हर कार्यप्रणाली को बारीकी से अध्ययन करेगी, ताकि अगली बार उस पार्टी को वोट न दें। **अनुराधा (मंडी)**



**मैं** इस बार लोकसभा के चुनाव में उसी जनप्रतिनिधि को अपना वोट करूंगा, जो बेरोजगारी को खत्म कर रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए कोई अच्छी और कारगर योजना लेकर आएगा। जनता के कार्य को जो सर्वोपरि समझे और जो भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में समर्थ हो।
**कुलजीत ठाकुर, (महंत बेहड़)**



**मंडी** में जो भी सांसद हो वह सामान्य वर्ग के कल्याण की बात करे। ऐसा सांसद हमारे वोट का हकदार होगा। सांसद जीत हासिल करने के बाद बहुत कम मिलते हैं, क्या सांसद को जीतने के बाद जनता से डर लगता है, जो सुरक्षा कर्मियो के साथ घूमते हैं। सांसद जनता का दुख-दर्द समझने वाला होना चाहिए। सभी लोगों को मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान जरूर देना चाहिए। **बीरी सिंह लागधार (कुफरी) मंडी**



**लोकसभा** हों या विधानसभा चुनाव हों या फिर दोनों ही उपचुनाव हों मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग प्रत्याशी और उसकी काबलियत के आधार ही करना चाहिए, जिससे क्षेत्र से लेकर देश-प्रदेश का विकास हो सके।लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशियों का रिपार्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें, जिससे देश का विकास हो। **कुलदीप कौर (चंबा)**



**हर** युवा को यही उम्मीद है कि सांसद युवाओं के लिए बेहतरीन रोजगार उपलब्ध करवाए और युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार भी रोजगार मिले। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं तेज और बेहतरीन होनी चाहिएं।
**करन ठाकुर, (सुंदरनगर)**



**जनप्रतिनिधि** ऐसा होना चाहिए, जो जनता के हित में सोचे और जनता के लिए काम करने की मंशा रखता हो। युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध करवाने वाला हो और जनता के तकलीफों को समझने वाला हो, इसलिए मेरा वोट साफ-सुथरी छवि वाले नेता के नाम होगा।
**रोहन वारपा, (लाहौल-स्पीति)**



**देश** किन हाथों में सुरक्षित है और कौन सा नेता पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार का गठन करने में सक्षम है, उसके आधार पर अपना मतदान करना चाहिए। देश को कुशल नेतृत्व की जरूरत है। **दीपक महाजन (चंबा)**



**हमारा** एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। लोगों को सोच-समझकर मतदान करना चाहिए। आज के समय में सब पढ़े-लिखी हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में लोगों को यही देखना जरूर है कि कौन सी पार्टी विकास कर रही है और रोजगार का प्रावधान कौन कर रहा है बेरोजगारी कैसे दूर हो सकती है। **विकी चंगरा, बड़सर**



**वोट** उस कैंडिडेट को देंगे, जो रोजगार के साथ साधन उपलब्ध करवाए। देश के हर पढ़े-लिखे युवा के बारे में सोचे। आज तक कोई ऐसा सांसद नहीं, जिसने एसे रोजगार के साधन पैदा करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए होंगे। **जगजीत सिंह, महारल**



**चुनावों में** उतरने वाले प्रत्याशी मत मांगने के दौरान हर बात स्वीकार करने सहित मांगों को पूरा करने का अश्वासन देते हैं, लेकिन जब सत्ता में विराजमान हो जाते हैं तो दिखाई नहीं देते। नेता वह ही अच्छा है, जो लोगों की बात सुने विकास कार्य करे तभी लोकतंत्र से आम जन जुड़ पाएगा। लोगों को देश और अपने भविष्य के लिए मतदान करना चाहिए। **विकेश शर्मा (चंबा)**



**बेरोजगारी** कम करने के लिए योजना बनाने का कोई भी दल साहस नहीं दिखा रहा है। केवल घोषणा होती है, करोड़ों को रोजगार मिलेगा, लेकिन पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को धक्के खाने पड़ रहे हैं। जिस दल की योजनाएं देश हित में होंगी, उसके पक्ष में मतदान किया जाना चाहिए। **राजन कुमार (ऊना)**



**लोकसभा** चुनाव में हर मतदाता का आगे आना चाहिए। मतदान जीवन के अन्य कार्यों की भांति अहम कार्य है, जिसमें हर नागरिक को प्रथम कर्त्तव्य समझ कर मतदान करना चाहिए। सभी लोगों को देश के भविष्य के लिए एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। **एसके पाठक (चंबा)**



**लोकसभा** चुनाव के बीच पूर्व सैनिकों के मुद्दे गायब हैं। पूर्व सैनिकों का सबसे बड़ा मुद्दा वन रैंक वन पेंशन को अभी तक सरकार द्वारा पूरी तरह से लागू नहीं किया गया है। कोई भी जनप्रतिनिधि इस मुद्दे को सही तरीके से लोकसभा में नहीं उठा पाए हैं। ऐसे में भावी सांसद को पूर्व सैनिकों के इस मुद्दे को अवश्य ही लागू करवाना चाहिए।
**रतन सिंह रावत, सेवानिवृत्त नायब सूबेदार (मंडी)**

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# ज्वालामुखी से नादौन तक फोरलेन का सफर धूल भरा

## लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा असर, कई जगह व्यवसाय ठप

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी से नादौन तक बन रही फोरलेन सड़क के निर्माण में जगह-जगह धूल के गुबार उड़ रहे हैं। ऐसे में एक तो राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, दूसरी ओर स्थानीय रहवासियों को सांस लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कई बार तो लोग अधूरी सड़क में फिसलकर गिरने से चोटिल भी हो रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासन द्वारा इसकी अनदेखी की जा रही ही है।

ज्वालामुखी से नादौन तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर फोरलेन का कार्य युद्धस्तर पर जारी है, लेकिन कोई भी पेच अभी तक पूरा नही बन पाया है। कई जगह सड़क 20 फीट गहरी हो गई है तो कई जगह समतल करने के बाद भी पक्की नहीं की गई है। ज्वालामुखी से नादौन के बीच पड़ते गांवों बस्ती कोहाला, अधे दी हट्टी, ठेहड़ा में तो लोगों का व्यवसाय भी चौपट हो गया है।

अधे दी हट्टी में सड़क की गहराई लगभग 20 फीट नीचे चली गई है, जिस कारण दुकानें व घर काफी ऊंचे हो गए हैं। जिस वजह से लोगों का व्यवसाय लभगभ खत्म हो गया है वहीं कई घरों को जाने के लिए रास्ते भी टूट गए हैं और संपर्क मार्ग भी अभी कच्ची मिट्टी के साथ जोड़े गए हैं। रात को सफर इस सड़क पर काफी परेशानी भरा रहता है। स्थानीय निवासियों ने बताया की सड़क के निर्माण से दिनभर धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जिनका घर सड़क से काफी नजदीक है। लगातार धूल उड़ने से बच्चों और बुजुर्गों को खतरा बढ़ रहा है। वायू प्रदूषण के कारण उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। प्रदूषण से सांस के मरीजों के लिए बड़ा खतरा हो गया है। संबंधित ठेकेदार को पानी छिड़काव को कहा गया था, लेकिन नियमित छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है।


ज्वालामुखी-नादौन फोरलेन निर्माण के चलते उड़ रही धूल।

### हर तीन घंटे में पानी का छिड़काव करने के निर्देश

**इस** संदर्भ में एसडीएम ज्वालामुखी डॉ संजीव शर्मा ने बताया कि फोरलेन निर्माण करने वाली कम्पनी को निर्देश दिए गए हैं कि हर तीन घंटे बाद निर्माण सड़क पर पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि वाहन चालकों और राहगीरों को कोई परेशानी न आए और सभी कार्य सुचारु रूप से चलें।

# नाराजगी पार्टी से विचारधारा से नहीं की बगावत : मुसाफिर

**नाहन।** शिमला संसदीय सीट पर जहां भाजपा संगठन सुस्त रफ्तार से चल रहा है। वहीं कांग्रेस एकजुट होकर भाजपा पर हमलावर हो गई है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री एवं सात बार के विधायक रहे गंगूराम मुसाफिर ने कहा कि देश और संविधान खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि अब विचारधारा को एजजुट होकर देश में फिर से प्रजातंत्र को संवैधानिक मूल्यों के अनुसार स्थापित करना जरूरी है।

मुसाफिर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता और पैसों के घमंड में केंद्र की भाजपा जनभावनाओं के साथ सीधे-सीधे खिलवाड़ कर रही है। मुसाफिर ने कहा कि इसका जीता जागता उदाहरण हिमाचल में हाल में हुए राज्यसभा चुनाव के दौरान विधायकों की खरीद फरोख्त है। इस घटना से प्रदेश का आम नागरिक आहत हुआ है। मुसाफिर ने अपने निष्कासन को लेकर ये भी स्पष्ट किया कि उनके हजारों समर्थकों की नाराजगी की वजह से उन्होंने आजाद चुनाव लड़ा था। बावजूद इसके उन्होंने कभी भी विचारधारा से कभी गद्दारी नहीं की। वह पहले भी विचारधारा के साथ थे, आज भी इसके साथ हैं।

# ज्वालामुखी में बेकाबू कार ने रौंदी खड़ी स्कूटी, फिर टकराई दीवार से

## हादसा सीसीटीवी में कैद, जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

पुलिस थाना ज्वालामुखी के अंतर्गत शुक्रवार दोपहर बाद ज्वालामुखी नादौन राष्ट्रीय राजमार्ग सिविल अस्पताल ज्वालामुखी के मुख्य द्वार के बाहर सड़क पर शिमला से आ रही एक ऑल्टो कार (नम्बर एचपी 01 डी -7711) अचानक ही अनियंत्रित हो गई और निजी लैब के बाहर खड़ी स्कूटी नम्बर एचपी 83 ए -0445 को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार स्कूटी को रौंदते हुए सड़क किनारे एक घर की दीवार से जा टकराई और क्षतिग्रस्त हो गई। यह सारी घटना वहाँ लगे सीसीटीवी कैमरों में भी रिकॉर्ड हो गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चालक शिमला से कार में चार सवारियों को लेकर ज्वालामुखी के खौला में आ रहा था। इस हादसे में एक महिला को बाजू में चोट आई है, बाकी सभी सवारियां व चालक सुरक्षित हैं। इस जबरदस्त भिड़ंत में स्कूटी एवं कार दोनों का भारी नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंची ज्वालामुखी पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों एवं अन्य लोगों के बयान दर्ज किए हैं और उसके बाद कार चालक का मेडिकल परीक्षण नागरिक अस्पताल ज्वालामुखी में करवाया गया है।

फिलहाल परीक्षण में कार चालक द्वारा किसी भी नशा करने वारे पुष्टि नहीं हुई है। ज्वालामुखी पुलिस ने लापहरवाही से वाहन चलाने के चलते आरोपी में कार चालक के खिलाफ मामला थाना में दर्ज किया है। मामले की पुष्टि थाना प्रभारी विजय कुमार शर्मा ने की है और बताया है कि मामले की जांच जारी है।



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई स्कूटी व कार

# घुरकड़ी में पकड़ा अवैध शराब का जखीरा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



कांगड़ा पुलिस लगातार नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है, ताकि युवा पीढ़ी नशे के चंगूल से बच सके। इसी के चलते घुरकड़ी में आज कांगड़ा पुलिस और ज्वाइंट कमीश्नर एक्साइज के संयुक्त प्रयास से लगभग 62 पेटियां अवैध देसी शराब की बरामद की है। मौके पर पहुंचे डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि यह अवैध शराब विशाल (34), गांव घुरकड़ी के घर से बरामद की गई है।

उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी की घुरकड़ी में एक घर में अवैध शराब रखी गई है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने टीम के साथ यहां पर मौका पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से लगभग 62 पेटियां देसी शराब की बरामद की गई हैं। डीएसपी ने बताया कि आरोपी ने यह शराब डंप की थी। शनिवार को आरोपी को कांगड़ा न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस अभियान में पालमपुर से ज्वॉइंट कमिश्नर राकेश भाटिया भी मौजूद रहे।

# बीसीजी इंजेक्शन लगवाने से कम होता है टीबी का खतरा : रूबी भारद्वाज

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

स्वास्थ्य विभाग नगरोटा बगवां में टीबी रोग के उन्मूलन के लिए विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण के बारे में जानकारी देते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा 2025 तक टीबी रोग को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके संदर्भ में ही ये विशेष बीसीजी का टीकाकरण अभियान हिमाचल के 6 जिलों में चलाया गया, जिसमें कांगड़ा को भी लिया गया और टीबी रोग के खात्मे की और कांगड़ा भी विशेष योगदान दे रहा है।



डॉ. रूबी भारद्वाज ने बताया कि ये टीकाकरण बच्चों का भी किया जाता है और उन्हें जन्म के समय ये टीका लगाया जाता है, लेकिन टीबी को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए अब ये विशेष रूप से एडल्ट बीसीजी वैक्सिनेशन का अभियान चलाया गया है, जिसमें जिनकी आयु लगभग 18 वर्ष से अधिक हो उनकी विभिन्न कैटेगरी में आने वालों का टीकाकरण किया जाएगा, जिसमें पिछले 5 वर्षों में टीबी की दवाई खाने वाले, पिछले 3 वर्षों में टीबी के रोगी के संपर्क में रहे हों, धूम्रपान करने वाले, मधुमेह के रोगी, जो अत्यधिक दुबले-पतले हों और जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक हो, वो सभी इस टीकाकरण के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि खंड नगरोटा बगवां में भी विभिन्न संस्थानों पर ये टीकाकरण किया जा रहा है, जिसकी जानकारी स्थानीय आशा वर्कर के द्वारा सभी को दी जा रही है।

### टीकाकरण के फायदे

**बीसीजी** का इंजेक्शन लगवाने से जो टीबी रोग के लिए दवाई का 6 महीने का कोर्स करना पड़ता है और कई बार 18 महीने का कोर्स करना पड़ता है बीसीजी का इंजेक्शन लगवाने से टीबी रोग का ही खतरा कम हो जाएगा और और इतने लम्बे समय तक दवाई भी नही खानी पड़ेगी। बीसीजी का इंजेक्शन लगवाने से टीबी रोग होने का खतरा कम हो जाता है बीसीजी का इंजेक्शन लगवाने से टीबी के साथ साथ होने वाली गंभीर बीमारियों के होने का खतरा कम हो जाता है।

# हिमाचल प्रदेश में पांच दिन बारिश-बर्फबारी के आसार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लगातार पांच दिनों तक बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 30 अप्रैल तक राज्य में बारिश होने का पूर्वानुमान है। 27 से 29 अप्रैल के दौरान बारिश की तीव्रता चरम पर रहने के आसार हैं।

इस अवधि के दौरान चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कुल्लू जिलों की ऊंची पहाड़ियों पर हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की भी संभावना है। 26 से 28 अप्रैल के दौरान राज्य के मैदानी, निचली पहाड़ियों और मध्य पहाड़ी जिलों में कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं शिमला, सोलन, कुल्लू, सिरमौर, चंबा, कांगड़ा, बिलासपुर और मंडी जिले में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना है।

इसी तरह 27 से 29 अप्रैल के दौरान कांगड़ा, चंबा, बिलासपुर, हमीरपुर, कुल्लू और मंडी में भारी बारिश के आसार हैं। 27 अप्रैल को इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 30 अप्रैल के बाद से मौसम में सुधार की संभावना है।

# राजनीतिक टिप्पणियों से ऊब चुका हूं : पीयूष मिश्रा

**धर्मशाला।** जागोरी संस्था द्वारा स्वरा आर्ट फेस्टिवल के फाइनल में शिरकत करने के लिए अभिनेता पीयूष मिश्रा इन दिनों धर्मशाला में हैं। मिश्रा ने रक्कड़ स्थित जागोरी संस्था कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि हिमाचल के धर्मशाला में आकर बहुत अच्छा लग रहा है, लेकिन वह अब राजनीतिक टिप्पणियों से ऊब चुके हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि अब सिर्फ काम करना चाहिए। पीयूष मिश्रा ने कहा कि धर्मशाला सुंदर है और यहां के लोग गर्मजोशी से मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह कुछ फिल्में व वेब सीरीज भी कर रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि ज्यादा इच्छाओं के पीछे नहीं भागना चाहिए। हिमाचल में फिल्म इंडस्ट्री के सवाल पर पीयूष ने कहा कि मुंबई एक इडंस्ट्री है, वहां ही सही तरीके से चल रही है। उन्होंने कहा कि वह प्रोफेशनल सिंगर नहीं हैं, लेकिन फिर भी गा देते हैं। पीयूष ने कहा कि आरंभ है प्रचंड गीत को स्थिति के अनुसार लिखा था, उस समय फिल्में नहीं चल रही थी। आज के दौर में तो यह गीत हर चुनाव में जोर शोर से बज रहा है। बहुत हिट गीत हुए हैं, उन्होंने गैंग्स ऑफ वासेपुर में बहुत किस्से हुए हैं। फेस्टीवल में हिस्सा लेने पहुंचे अभिनेता राज जोशी ने कहा कि कलाकारी हम अपने लिए करते हैं, हीरो एक जगह बंधे रहते हैं, जबकि विलेन जो है वो हर तरह से ओपन होते हैं।

# एसएचओ गुरदेव को किया सम्मानित

**गरली।** रोड सेफटी ब उत्कृष्ट सेवाओं के लिए एसएचओ रक्कड़ गुरदेव सिंह को पुरस्कार से नबाजा गया है। थाना प्रभारी गुरदेव सिंह को यह पुरस्कार शिमला में हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित रोड सेफ्टी अवार्ड सेरेमनी में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। थाना प्रभारी गुरदेब सिंह ने वर्ष 2023 में प्रदेश में आई आपदा ब अपने क्षेत्र मे रोड सेफटी ब दुर्धटनाओं पर लगाम कसने पर बेहतरीन कार्य किया है।



# संस्कृत विश्वविद्यालय में ओपन एक्सेस पब्लिशिंग कार्यशाला शुरू


संस्कृत विश्वविद्यालय में ओपन एक्सेस पब्लिशिंग कार्यशाला उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।

**शिबम शर्मा, परागपुर**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के लाइब्रेरी विभाग व हिमाचल के केंद्रित विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। वेदव्यास परिसर के ज्योतिष विभाग के सहायकाचार्य डॉ. शैलेश तिवारी के मंगलाचरण के साथ ही 'ओपन एक्सेस पब्लिकेशन' विषय पर आयोजित हुई इस कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला में विशेष रूप से तीन मुख्य वक्ताओं ने भाग लिया।

लाइब्रेरी विभाग के इंचार्ज डॉ. शिवाराम राव ने ओपन एजुकेशन रिसोर्स विषय पर अपने विचार रखे। वहीं दिल्ली स्थित आईआईटी की लाइब्रेरी के सहायक लाइब्रेरियन डॉ. मोहित गर्ग ने बताया कि कैसे ओपन जरनल सिस्टम के द्वारा रिसर्च जरनल को मैनेज कर सकते हैं। वहीं दिल्ली स्थित डायरेक्टरी ऑफ ओपन एक्सेस की एसोसिएट एडिटर प्रिया ने भी इस विषय पर अपने विचार रखे।

इन मुख्य वक्ताओं का परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. शीशराम व वेदव्यास परिसर की लाइब्रेरी के इंचार्ज व इस कार्यशाला के संयोजक विक्रमजीत सिंह ने टोपी व शॉल आदि प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। वहीं बीएड विभाग के सहायकाचार्य डॉ. पुरुषोत्तम व आधुनिक विभाग के सहायकाचार्य डॉ. पीयूष त्रिपाठी ने क्रमश: दो सत्रों का संचालन किया। कार्यशाला के समापन पर साहित्य विभाग के सहायकाचार्य डॉ. महिपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर परिसर के समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# 'स्वीप' के तहत पुराना कांगड़ा के मतदाता किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

एसडीएम कांगड़ा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी इशांत जसवाल की अगुवाई में लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्वीप के अंतर्गत पुराना कांगड़ा में रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस रंगोली कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और गांव की महिलाएं शामिल हुईं। इस रंगोली कार्यक्रम का आयोजन एसडीएम कांगड़ा के निर्देशानुसार स्वीप नोडल अधिकारी लेखराज ने सीडीपीओ कांगड़ा वंदना कटोच के सहयोग से किया। सभी महिलाओं ने मिलकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सुंदर रंगोलियां बनाई। स्वीप नोडल अधिकारी लेखराज न मतदाताओं को बताया कि जिस किसी मतदाता का वोटर कार्ड अभी भी नहीं बना है और वह इसके लिए पात्र है ऐसे सभी मतदाता अभी भी अपना वोटर कार्ड बनाकर चुनाव के इस महापर्व में भाग ले सकते हैं।



'स्वीप' के तहत पुराना कांगड़ा में रंगोली कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाएं सामूहिक चित्र में।




**प्रचार** भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज ने बड़सर के युवाओं में भरा जोश

# भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए युवा मोर्चा ने कसी कमर

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मंडल सुजानपुर और बड़सर की बैठकों का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कपिल मोहन शामा ने की। बैठकों में मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष तिलक राज शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मीडिया प्रभारी यशपाल शर्मा ने प्रेस बयान में कहा कि बैठक में बड़सर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत लखनपाल, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सन्नी शुक्ला व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी व युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित ठाकुर (प्रिंस) विशेष रूप से आमंत्रित रहे।

इस बैठक में युवा मोर्चा ने आगामी लोकसभा चुनावों व विधानसभा उप चुनावों में भारतीय जनता पार्टी कि जीत सुनिश्चित करने की रूप रेखा तैयार की। इसमें लोकसभा चुनाव में हमीरपुर सीट से प्रत्याशी अनुराग ठाकुर व विधानसभा उपचुनाव बड़सर व सुजानपुर विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशों को भारी मतों से जीत दिलवाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है और चुनाव के लिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भूमिका रणनीति तैयार की गई। इसके अलावा हर शक्ति केंद्र में प्रभारियों की नियुक्तियां करने का निर्णय लिया गया।

लखनपाल ने युवाओं से आह्वान किया कि आगामी लोकसभा चुनावों और विधनसभा उपचुनावों के लिए कमर कस लें और मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर जाकर लोगों तक पहुंचाएं।

तिलक राज शर्मा ने कहा कि हमें पीएम मोदी के रूप में विश्वस्तरीय नेतृत्व प्राप्त हुआ है और यह हमारे लिए गौरव की बात है।


बैठक में उपस्थित भारतीय युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कपिल मोहन व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के साक्षात्कार 29 से

**बिझड़ी।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड रीजन ट्रेनिंग अकादमी झबोला के तत्वावधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए 29 और 30 अप्रैल को ठाकुर ड्राइविंग स्कूल गारली चौक बड़सर रोजगार कार्यालय के सामने सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के साक्षात्कार होंगे। यह जानकारी एसआईएस इंडिया लिमिटेड रीजन ट्रेनिंग अकादमी भर्ती अधिकारी जय किशन ने दी। उन्होंने बताया कि बड़सर में इसके लिए 29 और 30 अप्रैल को सुबह 11 से 2 बजे तक प्रक्रिया चलेगी। इस शिविर में सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर की नियुक्ति की जाएगी। भर्ती में भाग लेने वाले उम्मीदवार 10वीं अंक तालिका, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आएं। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए रीजनल ट्रेनिंग सेंटर झबोला भेजा जाएगा। इसके उपरांत उन्हें सुरक्षा के कार्य में तैनाती दी जाएगी। मासिक वेतन 16500 से 19500 तक ईपीएफ ग्रेच्युटी, बोनस, इंश्योरेंस, पेंशन, प्रमोशन की सुविधा दी जाएगी।

### स्वयंसेवियों ने सरस्वती मंदिर परिसर को संवारा

**भरेड़ी।** भोरंज उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में शिक्षा सत्र 2024-25 की राष्ट्रीय सेवा योजना की वार्षिक गतिविधियों का शुभारंभ स्कूल कैंपस सौंदर्यीकरण से किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश ठाकुर ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूलों में गठित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाइयां बच्चों में सामाजिक कार्यों में जुड़ने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि हर गतिविधि में भाग लेकर एक समाजसेवी बनकर दूसरे स्टूडेंट्स के लिए प्रेरणा स्रोत बनें तथा गांवों में भी लोगों को समाज सेवा की भावना से जागरूक करने का कार्य करें। इस दौरान एनएसएस इकाई के कार्यक्रम प्रभारी राम लाल ने कहा कि स्कूल को सुंदर व स्वच्छ बनाने लिए हर गतिविधि से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और अनुशासन विद्यार्थी जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने सरस्वती मंदिर परिसर की क्यारियों के सौंदर्यीकरण के लिए किए गए कार्य की सराहना की। इस दौरान प्रवक्ता राजेश कुमार, समीक्षा, नाजिया, सुमन व अन्य उपस्थित रहे।

### इलेक्ट्रॉनिक कचरे को निपटाने के तरीके बताए



**रंगस।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोलसप्पड़ में इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन (सूखा कचरा, गीला कचरा व सिंगल यूज प्लास्टिक) प्रतिबंध पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्टूडेंटस, प्रिंसिपल, टीचर्स व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य ने भाग लिया। कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी के साहिल व उनकी टीम ने विषय विशेषज्ञ के रूप में सभी को कचरा प्रबंधन के महत्व को समझाया, ताकि एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके। कार्यशाला में मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक कचरा तथा प्लास्टिक कचरे को कैसे निपटाया जाए पर जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर प्रिंसिपल राजकुमारी कौशल ने भी अपने विचार रखे।

### स्पेस ओलंपियाड में घड़ोह के होनहारों का दबदबा

**धनेटा।** लेफ्टिनेंट नरैण मेमोरियल पब्लिक स्कूल घड़ोह के होनहार छात्र स्पेस ओलंपियाड जूनियर 2023-2024 नेशनल लेवल-2 में विजयी रहे हैं, जिसमें इशिता कुमारी प्रथम, आनंदिता शर्मा द्वितीय तथा रूबल धीमान तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा एवं प्रधानाचार्य सुमन शर्मा ने बच्चों को सम्मानित किया तथा सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार किया जाता है। जिससे बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना भविष्य उज्ज्वल कर सकें। उन्होंने सभी बच्चों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

### स्टूडेंट्स ने मनाई पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी की जयंती

**सुजानपुर।** डीएवी आलमपुर में 26 अप्रैल को गुरुदत्त विद्यार्थी जी की 160वीं जयंती मनाई। प्रिंसिपल बिक्रम सिंह ने बताया कि पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी आर्य समाज के प्रमुख नेता व अद्भुत प्रतिभा, अपूर्व विद्वता एवं गंभीर व्यक्तित्व के स्वामी थे। उन्होंने महात्मा हंसराज व लाला लाजपत राय के साथ मिलकर महर्षि दयानंद जी द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों का अनुसरण करते हुए आर्य समाज के विचारों का प्रचार-प्रसार किया। महर्षि दयानंद जी के देहांत के पश्चात पंडित गुरुदत्त ने ही उनकी स्मृति में दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव रखा था। इस अवसर पर स्टूडेंट्स व भारत स्कॉट्स एंड गाइडस ने रैली का आयोजन किया व भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। बिक्रम सिंह ने कहा कि पंडित जी ने अपने जीवन की अल्पावधि में ही इतनी उत्कृष्ट कार्य किए कि वे सभी के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं, इसलिए हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### बढेड़ा में भाजपा का बूथ सम्मेलन 28 को

**नादौन।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा सक्रीय हो गई है। भारतीय जनता पार्टी मंडल नादौन का पन्ना प्रमुख सम्मेलन 28 अप्रैल को कांगू के बढेड़ा ग्राउंड में रखा गया है, जिसमें नादौन विधानसभा के 121 बूथों के करीब 2800 पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक व ग्राम केंद्र अध्यक्ष और भाजपा के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। भाजपा मंडल नादौन इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक अग्निहोत्री के नेतृत्व में एकजुट होकर पूरे जोरों से लगा हुआ है, ताकि कार्यक्रम को एक सफल कार्यक्रम बनाया जा सके। मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र नादौन का हर एक कार्यकर्ता विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहा है और आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए नादौन भाजपा का हर कार्यकर्ता अनुराग ठाकुर को भारी मतों से लीड दिलाने के लिए घर-घर जाकर केंद्र सरकार की 10 साल की लाभकारी योजनाओं बारे में विस्तृत से लोगों को जानकारी दे रहा है। इस कार्यक्रम में अनुराग ठाकुर व पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### भरेड़ी में जूनियर स्टेट बास्केटबाल चैंपियनशिप शुरू



**भरेड़ी/जाहू।** 45वीं जूनियर स्टेट बास्केटबाल चैंपियनशिप का शुभारंभ साइन विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी में किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश बास्केटबाल संघ के प्रधान मुनीष शर्मा ने किया। इस प्रतियोगिता में पुरुषों की 13 टीम और महिलाओं की भी 13 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के अवसर पर हिमाचल प्रदेश बास्केटबाल संघ के सचिव अजय सूद सिलेक्शन कमेटी चेयरमैन सुशील शर्मा मंडी जिला बास्केटबाल संघ के सचिव अशोक शर्मा, ऊना जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष बृजमोहन उपस्थित थे। साथ में जिला हमीरपुर बास्केटबाल संघ सीनियर वाइस प्रेसिडेंट वीरेंद्र चौधरी, संजीव ठाकुर, विपिन चंदेल, विपिन सुमित शर्मा, अजय चंदेल, रवि चंदेल उपस्थित थे।

### मेवा उत्सव में ईशांत ने किया लोगों का मनोरंजन

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज में जाहू मेवा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में दूसरे दिन बीएमओ भोरंज डॉ. ललित कालिया मुख्यातिथि व भोरंज विधायक सुरेश कुमार विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर प्रसिद्ध हिमाचली कलाकार ईशांत भारद्वाज व स्थानीय कलाकारों में लोगों का अपनी गायकी से मनोरंजन किया। निकी जिनी गोजरी, मेरे कांहिया इत्यादि गानों ने खूब वाहवाही बटोरी। इस मौके पर जाहू प्रधान अनुराधा शर्मा, भोरंज कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेंद्र जरयाल, रोशन लाल शर्मा, विजय कुमार डोगरा, राजीव लाल मैहर, राजन कपिल इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चार साल पहले का तैयार हुआ वाटर टैंक, शुरू नहीं हुई सप्लाई

## जल शक्ति विभाग की लापरवाही ने बढ़ाई लोगों की समस्या

**विक्रम ढटवालिया, अणु चौक**



स्थानीय गवर्नमेंट पीजी कॉलेज परिसर में 4 साल पहले तैयार किया गया वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन सप्लाई टैंक सफेद हाथी साबित हो रहा है। यदि इसमें अब भी पानी नहीं डाला गया, तो इसमें दरारें आनी शुरू हो जाएंगी। कारण यह है कि निर्माण के बाद इस टैंक में पानी डाला ही नहीं गया, इसलिए इसकी गुणवत्ता पर भी अब सवाल उठने लगे हैं।

जिस पाइप लाइन से इस डिस्ट्रीब्यूशन ओवरहेड वॉटर टैंक को जोड़ा जाना था, उसका काम अधर में लटका हुआ है। कारण चाहे जो भी रहा हो, यह सारा सिलसिला लापरवाही से भरा हुआ है, क्योंकि लाखों रुपए इस टैंक के निर्माण पर तो खर्च कर दिए गए, लेकिन इसका लाभ क्षेत्र की जनता को नहीं मिल रहा है। इसीलिए पीने के पानी की दिक्कत इस पूरे इलाके में कहीं न कहीं मुंह फुलाकर खड़ी हो।

अणु और इसके आसपास के क्षेत्र के लोग इस टैंक से पानी की सप्लाई शुरू होने की इंतजार में अब थक-हार चुके हैं। इसकी सप्लाई शुरू होने से दूसरी और तीसरी मंजिल पर स्थित लोगों के घरों में पानी की सप्लाई बेहतर व्यवस्था में शुरू होनी थी, लेकिन अब उससे पानी की सप्लाई ही शुरू नहीं होगी, तो फिर जल शक्ति विभाग की कारगुजारी पर सवाल उठेंगे। वह भी तब जब यहां सारा अमला जिला मुख्यालय का है। (अनंत ज्ञान)

### आखिर क्यों नहीं जोड़ा टैंक को पाइपलाइन से

**मुख्य** पाइपलाइन से टैंक को आखिर क्यों नहीं जोड़ा जा रहा, इसकी स्वीकृति जल शक्ति विभाग को फॉरेस्ट और सड़क परिवहन विभाग से लेनी थी। उसमें किस स्तर पर लापरवाही या देरी हुई है। इस पर कोई भी अधिकारी सीधे बोलने को तैयार नहीं है। यही इस इलाके के लोगों की सबसे बड़ी विडंबना है।

### क्या कहते हैं चीफ इंजीनियर

**हमीरपुर** स्थित जल शक्ति विभाग के चीफ इंजीनियर विजय ढटवालिया का कहना है कि इस मामले का पूरा पता किया जाएगा। इसमें जो भी अड़चन होगी, उसका शीघ्र निवारण किया जाएगा।

# महारल-सठवीं में तेंदुए का आतंक, लोगों में दहशत

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



विकास खंड बिझड़ी के महारल गांव में तेंदुए की दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ऐसे में विशेषकर स्कूली बच्चे अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोगों के आग्रह पर वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगा दिया है, लेकिन फिर भी लोगों का घर से निकलना खतरे से खाली नहीं है, क्योंकि तेंदुआ दिन के समय भी लोगों पर हमला कर सकता है।

गौर रहे कि कुछ दिन पहले ही जब एक महिला खेतों में गेहूं काट रही थी तो तेंदुआ महिला के पीछे दौड़ पड़ा। यदि महिला शोर न मचाती तो अनहोनी हो जाती। महिला के चिल्लाने से तेंदुए तो नाले में भाग गया, लेकिन तेंदुए का खौफ अभी भी बना हुआ है। स्थानीय निवासी प्रवीण का कहना है कि तेंदुआ मुझ पर दो बार पहले भी हमला कर चुका है। तेंदुआ दिनदहाड़े खेतों और घरों के आसपास घूम रहा है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। सबसे ज्यादा स्कूली बच्चे सहमे हुए हैं। लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजना के लिए डर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने गुहार लगाई है, ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जाए।

इस बारे में बिझड़ी बीट के बीओ विनोद कुमार का कहना है कि महारल में एक बड़ा पिंजरा लगा दिया है, जिसके लिए एक गांव के व्यक्ति को वहां पर रखा गया है और हमारी टीम तेंदुए को पकड़ने के लिए सुबह-शाम गस्त कर रही है और जल्द ही तेंदुओं को पकड़ लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# अनुराग ठाकुर पर दिए बयान पर कांग्रेस पर भड़की भाजपा : उषा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



भाजपा जिला की उपाध्यक्ष उषा बिरला ने कांग्रेस के नेता द्वारा बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उषा ने कहा कि कुछ लोग अनुराग ठाकुर का नाम लेकर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं, जबकि उनको अपना चश्मा बदलकर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का विकास देखना चाहिए।

हमीरपुर का हर भाजपा कार्यकर्ता अनुराग द्वारा किए गए अपने संसदीय क्षेत्र के विकास को गिनाने के लिए सक्षम है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर हिमाचल व अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए तात्पर्य रहे हैं। उन्होंने कई ऐसी अनगिनत योजना केंद्र सरकार से स्वीकृतियां कराई हैं, जिनका लाभ सीधा-सीधा हिमाचल और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता को हो रहा है। उनके विकास कार्य में अभी हाल ही में 4000 करोड़ की लागत से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के चारों तरफ रोड कनेक्टिविटी का प्रावधान करवाया हुआ है।

उषा बिरला ने कहा कि अगर मैं सांसद भारत भ्रमण की बात करूं तो हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के जितने भी मेधावी स्टूडेंट्स हैं जिन्होंने मेरिट में स्थान हासिल किया है उनको भारत के उपराष्ट्रपति से लेकर गुजरात के साबरमती तक भारत भ्रमण कराया, जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ा।

# पोलिंग स्टेशन को एक दिन पहले रवाना होंगी पार्टियां

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**



कर्मचारियों को प्रशिक्षित करते हुए एसडीएम संजय स्वरूप।

हमीरपुर जिले के लोकसभा व विधानसभा चुनावों के लिए पार्टियां एक दिन पहले यानी 31 मई को पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना होंगी तथा बूथ सेटअप करके पहली जून को चुनाव करवाएंगी। इससे पहले हुए चुनावों में पार्टियां दो दिन पहले ही पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना होती थीं। इस नई व्यवस्था से चुनावी प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों को पोलिंग स्टेशन पर दो दिन रहने की समस्या से छूटकारा मिलेगा।

यह बात भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में दूसरे दिन के पहले सत्र के लोकसभा व विधानसभा चुनावी रिहर्सल के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सभी कर्मचारी चुनाव आयोग के अधीन कार्य कर रहे हैं। ऐसे में हर कार्य सतर्कता से करना होगा। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया और ईवीएम, वीवीपैट को गहराई से समझ लें, ताकि पोलिंग स्टेशन पर किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अलावा मास्टर प्रशिक्षकों ने पैक्ट बनाने के लिए विस्तार से जानकारी दी और मतदान प्रक्रिया के दौरान अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान इलेक्शन कानूनगो ट्विंक्ल ठाकुर, तहसीलदार बालकृष्ण, नायब तहसीलदार पृथी चंद व अन्य उपस्थित रहे।

### 2 व्यक्तियों को 4 साल का कठोर कारावास व जुर्माना

**हमीरपुर।** एलडी विशेष न्यायाधीश हमीरपुर विकास भारद्वाज ने आरोपी शौकत अली पुत्र गुलामदीन निवासी ग्राम पनियाला डाकघर रंगस, तहसील नादौन और अजय कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी गांव चौक, डाकघर अमरोह को दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के कठोर कारावास एवं 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। एनडीपीएस एक्ट के तहत 15.670 किलोग्राम भुक्की व गांजा बरामद होने पर यह सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर प्रत्येक आरोपी को एक वर्ष की अवधि के लिए अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दोनों अभियुक्तों से 12 ग्राम गांजा बरामद होने पर 6 माह का कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा भी सुनाई गई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर तीन महीने की अतिरिक्त कैद काटनी होगी। पुलिस में दर्ज मामले के अनुसार 4 जून 2021 को पुलिस मसेह खड्ड के पास गश्त पर थी, उस समय ट्रक नंबर एचपी 62-1752 से तलाशी के दौरान 15.670 किलोग्राम भुक्की व 12 ग्राम गांजा बरामद किया। मामले को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने 13 गवाहों से पूछताछ की। इस केस का ट्रायल जिला न्यायवादी संदीप अग्निहोत्री द्वारा किया गया।

### जमीनी विवाद को लेकर हुआ झगड़ा, मामला दर्ज

**नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंर्तगत जलाड़ी क्षेत्र के गांव मण में जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हो गया है। गांव मण की वीना देवी पत्नी विक्रम ने पुलिस थाना को शिकायत की है कि उसके भाई कुलजीत सिंह ने उसके साथ झगड़ा किया तथा धमकियां दीं। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### चुनाव में सभी मतदाता अपने मताधिकार का करें प्रयोग

**नादौन।** तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय नादौन ने भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत शुक्रवार को माइक्रो इनफोटेक इंस्टीट्यूट ऑफ आईटी में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के स्टूडेंट्स को मतदाता सूचियों में पंजीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें मतदान के महत्व से भी अवगत करवाया। तहसील कल्याण अधिकारी ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी मतदान सुलभ बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष व्यवस्था की है। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी स्टूडेंट्स से अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करवाने तथा मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की।

### आईटीआई कोहला में 100 पदों के लिए साक्षात्कार एक मई को

**नादौन।** हिम दर्शन आईटीआई कोहला नादौन में इलेक्ट्रीशियन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेडों में करीब 100 पद भरे जाएंगे। यह जानकारी देते हुए आईटीआई कोहला नादौन के चेयरमैन राजेंद्र चौधरी ने बताया कि पटियाला पंजाब में जीएसए कंपनी द्वारा पद भरे जाएंगे। इन पदों को भरने के लिए एक मई हिम दर्शन आईटीआई कोहला नादौन में साक्षात्कार होंगे। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 28 वर्ष होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यार्थी अपने बायोडाटा व समस्त प्रमाण पत्रों की मूल फोटोकॉपी साथ लाएं। इंटरव्यू सुबह 10 बजे हिम दर्शन आईटीआई कोहला में होगा। चेयरमैन ने कहा कि कंपनी की ओर से चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी में कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षु को 4 घंटे के ओवर टाइम सहित 15 हजार रुपए दिए जाएंगे।

# महिला विरोधी पार्टी चुनाव में महिलाओं को बनाती है बेवकूफ

**अनंत ज्ञान, जाहू**



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा भोरंज मंडल की बैठक महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजना ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी दोनों पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, डॉ. अनिल धीमान, मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर महामंत्री विपिन अग्निहोत्री, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान आदि उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी ने कहा कि आने वाला समय लोकसभा चुनाव का है जिसके लिए यह बैठक रखी गई थी, इसका मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव में सांसद बड़े अनुराग ठाकुर को भारी मतों से जीत दिलाना है। सभी महिला मोर्चा की बहनें आज से ही पार्टी के जितने भी आगामी कार्यक्रम हैं उनमें भाग लें और सरकार की जनकल्याणकारी और महिला सशक्तिकरण योजनाओं का घर-घर जाकर प्रचार करें और कांग्रेस की महिला विरोधी नीतियों का हर जगह नुक्कड़ सभाओं में प्रचार करें। वंदना ने कहा की सभी महिलाएं मोदी के नेतृत्व में हुए विकासात्मक कार्य का गुणगान करें।

# चुनावों में बुजुर्ग मतदाताओं के लिए होगी विशेष व्यवस्था

**सुजानपुर।** तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय सुजानपुर ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत दाड़ला में भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। उन्हें स्वतंत्र एवं निर्भय होकर तथा किसी भी तरह के प्रलोभन में आए बगैर अपने विवेक के अनुसार ही मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। यह जानकारी जिला कल्याण अधिकारी गीता मरवाह ने दी।

इस अवसर पर मतदाताओं को यह भी बताया गया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी मतदान सुलभ बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष व्यवस्था की है। घर से ही मतदान की सुविधा प्राप्त करने के लिए इन्हें फार्म-12डी पर आवेदन करना होगा। अगर ये मतदाता बूथ पर जाकर मतदान करना चाहते हैं तो वहां पर भी उन्हें विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी।

# चुनाव को लेकर भाजपा ने तेज किया अभियान : विकास शर्मा



**हमीरपुर।** भाजपा जिला हमीरपुर के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा के उपचुनाव को लेकर अभियान तेज कर दिया है। भाजपा के आगामी कार्यक्रम हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के हर विधानसभा क्षेत्र में हो रहे हैं, जिसमें कार्यकर्ता सक्रिय होकर पार्टी की गतिविधियों को चला रहे हैं। इसी कड़ी में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र का पन्ना प्रमुख सम्मेलन 27 अप्रैल को जिला मुख्यालय के पास बड़ू कस्बे के बासी पैलेस में होने जा रहा है। इसमें विशेष रूप से अनुराग ठाकुर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव अभियान में लगातार जनसंपर्क बनाए हुए है।

# नई पहल : स्कूल ने सड़क पर लगाए साइन बोर्ड

**अनंत ज्ञान, बड़ा**



नादौन के कस्बा बड़ा में स्थानीय सीसे विद्यालय ने सड़क पर तेज गति से चलने वाले वाहन चालकों को अपने वाहनों को धीमी गति से चलाने के लिए दिशा-निर्देश देने के लिए सड़क पर साइन बोर्ड लगाए। स्कूल प्रशासन द्वारा किए गए इस कार्य की क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा काफी प्रशंसा की जा रही हैं।

कार्यकारिणी प्रिंसिपल प्रदीप वालिया ने बताया कि उन्होंने यह कदम स्कूल प्रशासन द्वारा सड़क पर वाहनों का तेज गति से चलना के मद्देनजर रखते हुए उठाया है। स्कूल प्रशासन ने भी लोक निर्माण विभाग से स्कूल के गेट के पास सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने का आग्रह किया है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना घटित न हो।

**मसला** | हिमाचल में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमराई, कई जगहों पर डायरिया का प्रकोप

# हिमकेयर योजना का भुगतान रोक सरकार ने मरीजों को मुफ्त इलाज से किया वंचित : धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं हमीरपुर विधानसभा के प्रभारी महेंद्र धर्माणी ने स्वास्थ्य सेवाओं और हिम केयर योजना का भुगतान रोकने पर प्रदेश सरकार को घेरते हुए मुख्यमंत्री से तीखे सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में हिम केयर योजना के तहत प्रदेश में 278 अस्पताल पंजीकृत हैं। इस योजना के तहत पिछले तीन साल में 4.85 लाख लोगों से ज्यादा का इलाज किया गया है। नवंबर 2023 तक 78 हजार 365 नए कार्ड भी बने थे। ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों का न मिलने पर अब हिमाचल में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई है।

अब गरीबों से दूर हो गई हैं जो गरीब और आम आदमी पहले हिम केयर कार्ड के जरिये महंगे से महंगा ऑपरेशन करवा लेते थे, वे अब एक साथ लाखों रुपए का प्रबंध करने को मजबूर हैं। सरकारी अस्पतालों में हिम केयर कार्ड नहीं चल रहे। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में तो हालात और भी ज्यादा खराब हो गए हैं। यहां पर हिम केयर कार्ड पर मरीजों को उपचार नहीं मिल रहा, क्योंकि यहां हिमकेयर में 70 करोड़ बकाया हो गया है। सबसे ज्यादा दिक्कत तो दिल से ग्रसित मरीजों को आ रही है, क्योंकि एक सामान्य ऑपरेशन करने के लिए भी कम से कम 2 से 4 लाख रुपए चाहिए होते हैं। जब तक हिम केयर कार्ड चल रहा था तो आसानी से मरीजों के ऑपरेशन हो जाते थे, लेकिन अब तीमारदार अपने मरीजों के उपचार करवाने के लिए पैसा इकट्ठा करने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार हिम केयर कार्ड की देनदारी लंबित हो गई है। कंपनियों को पैसा नहीं जाने से अब उन्होंने अस्पतालों में फ्री में दवाएं, ऑपरेशन से संबंधित सामान देना बंद कर दिया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बीच हिमकेयर योजना के तहत निशुल्क इलाज के जरूरतमंद गरीब मरीजों को झटका लगा है। यदि पूरे प्रदेश की बात करें तो हिमकेयर में 300 करोड़ से ज्यादा का बकाया बताया जा रहा है।

# परशुराम अवार्डी प्रियंका ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**




करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में एक सप्ताह तक चलने वाली 7वीं वार्षिक स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। इस अवसर पर अश्विनी चंदेल ने बताया कि इसमें बतौर मुख्यातिथि के तौर परशुराम अवार्डी प्रियंका नेगी वर्तमान में एसएचओ आईआरवीएन, जंगलबैरी उपस्थित हुईं।

प्रियंका नेगी ने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। जीवन में सफल होने के लिए एक उद्देश्य होना चाहिए और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। मीट के अंतिम दिन विजेता टीम और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। बास्केटबाल विनर में पुरुष टीम फार्मेसी की टीम विजेता एवं रनरअप टीम केमिस्ट्री, वॉलीबाल की विजेता टीम फार्मेसी एवं रनर-अप मेनेजमेंट टीम, कबड्डी पुरुष टीम में कंप्यूटर साइंस टीम विजेता व फार्मेसी रनर-अप आदि टीमों को मेडल, ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सौरभ कुमार ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संजय ठाकुर, डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मंडी में राजगुरु की महत्वपूर्ण पदवी, 8वीं शताब्दी में सेन वंश के साथ बंगाल से आए परिवार से बने राजगुरु

अनिल शर्मा, मंडी

भाग 10

पूर्व में प्रदेश की सबसे समृद्ध रियासत के रूप में विख्यात मंडी सलतनत में राजगुरु का पद राजा के बाद सबसे महत्वपूर्ण पद होता था। कुछ दस्तावेजों से इस बात की पुष्टि हुई है कि राजा जालिम सेन के राजकाल वर्ष 1826–1839 में पुरोहित शिवशंकर राजगुरु के पद पर प्रतिष्ठित थे। तत्पश्चात यह पद राजा बलवीर सेन (सन् 1839– 1851) व जोगिंद्र सेन के राजकाल में भी अनवरत जारी रहा। बता दें कि 8वीं शताब्दी में जिस समय सेन राजवंश बंगाल से पलायन कर हिम के आंचल में पहुंचा तो पुरोहित के पूर्वज भी इनके साथ-साथ आए और 20वीं शताब्दी के आते आते कश्यप गोत्रीय परिवार द्वारा मूलत चटर्जी से अपने नाम के साथ शर्मा सरनेम लगाना शुरू किया है। गौर हो कि रियासत काल में राजतिलक करने का एकाधिकार केवल राजगुरु को ही होता था।


राजगुरु पुरोहित जगदीश्वर।

## 173 साल पुराना फोटो सुरक्षित

**पुरोहित** मेघेंद्र शर्मा व मंडी पीडिया के संचालक विनोद बहल ने बताया कि पुरोहित शिव शंकर के पुत्र जयकिशन और उनके आगे दो पुत्र बजरी दत्त और बगला दत हुए। रियासतकालीन मंडी में पुरोहित बगला दत्त बतौर राजगुरु राजा बिजै सेन (वर्ष 1851-1902) के समय में रहे। एक दुर्लभ फोटो भी मिला है, जिसमें बाएं से राजगुरु बगलादत, वजीर जीवानंद राजा बिजै सेन के साथ बैठे हैं।

इस फोटो में अन्य प्रतिष्ठित लोग भी हैं, लेकिन अभी तक उनका संदर्भ सूत्र प्राप्त नहीं हुआ है। गौर हो कि राजगुरु की यह व्यवस्था राजा जोगिंद्र सेन के राजकाल में भी जारी रही और इस बारे में 22 अप्रैल 1938 में एक सर्टीफिकेट में भी इसका जिक्र है। यह सर्टीफिकेट गृहमंत्री मंडी स्टेट द्वारा मास्टर ऑफ सेरेमनी को जारी किया गया था।

- गृह मंत्री मंडी स्टेट के मास्टर ऑफ सेरेमनी से जारी सर्टीफिकेट से हुई पुष्टि
- रियासत काल में राजतिलक करने का एकाधिकार केवल राजगुरु को ही होता था


बाएं से राजगुरु बगलादत्त, वजीर जीवानंद व राजा बिजै सेन सहित गणमान्य।

अनंत ज्ञान स्पैशल

### रियासत से मिलीं कई जागीरें

**राजगुरु** के परिवार को रियासत की ओर से कई स्थानों पर हजारों बीघा की जागीरें दी गई थी। गुसाऊं वजीर के पश्चात सबसे अधिक भूमि इसी परिवार के पास थी और उसका राजस्व भी यही परिवार देता था। आज भी इसी परिवार के पास कई भवन व जमीनें कई स्थानों पर हैं। ब्यास नदी के किनारे हनुमान घाट के समीप शिव मंदिर का निर्माण इनके पुरखे पुरोहित शिवशंकर ने ही करवाया था, तभी से इसे पुरोहित का दवाला कहा जाता है।

### पुरोहित मेघेंद्र ने किया था राजा अशोकपाल का राजतिलक



**राजगुरु** बगलादत के पुत्र पुरोहित जगदीश्वर दत्त को राज दरबार में प्रोटोकॉल के हिसाब से उनके पिताजी की जगह स्थान दिया गया था तथा इसमें रियासत में होने वाले कार्यक्रमों के लिए ड्रेस कोड के बारे में भी आदेश जारी हुआ है। पुरोहित जगदीश्वर दत की एक पुत्री निर्मला व 4 पुत्र सुरेश्वरीदत्त, मेघेंद्र, हरवंश व जितेंद्र हुए। वर्तमान में मेघेंद्र के तीनों भाइयों का स्वर्गवास हो चुका है। 16 जून 1986 को जब मंडी के राजा जोगिंद्र सेन का देहांत हुआ तो राज परिवार की आंतरिक व्यवस्था व राज परंपरानुसार के अनुसार पुरोहित जगदीश्वर दत्त के पुत्र मेघेंद्र शर्मा को बुलाया था, जिन्होंने इस अवसर पर अशोकपाल सेन का राज तिलक करने की परंपरा का निर्वाह किया था। वर्तमान में राजा अशोकपाल सेन का भी स्वर्गवास हो चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जोगिंद्रनगर थाना प्रभारी सम्मानित



**जोगिंद्रनगर** । मंडी जिला के जोगिंद्रनगर थाना प्रभारी अश्विनी कुमार को आपदा के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राज्यपाल ने सम्मानित किया है। इसके अतिरिक्त मंडी जिला से पुलिस विभाग के तीन अन्य जवानों को भी उनकी उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया है। जोगिंद्रनगर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार तथा पुलिस विभाग के तीन अन्य जवानों को शिमला में रोड सेफ्टी अवार्ड सेरेमनी में महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बग्गी में पकड़ी 4 हजार मिलीलीटर अवैध शराब

**सुंदरनगर** । पुलिस थाना धनोटू के अंतर्गत बग्गी में 4 हजार मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि चमन लाल पुत्र कृपा राम निवासी राव पाली तहसील बल्ह में शराब बेचने का धंधा करता है, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 हजार मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की है। धनोटू थाना में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बाइक सवार से 203 ग्राम चरस बरामद

**सुंदरनगर** । सुंदरनगर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस कर्मियों द्वारा गस्त के दौरान मोटरसाइकिल पीबी 55ई– 5648 के चालक कुलदीप सिंह से 203 ग्राम चरस बरामद की है। थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने बताया कि गस्त के दौरान पुलिसकर्मियों को बाइक सवार 46 वर्षिय कुलदीप सिंह पुत्र हरनेक सिंह निवासी जलाह तहसील पैल, जिला लुधियाना पंजाब के कब्जे से 203 ग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस ने आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

### जोगिंद्रनगर में 100 गाड़ियों की हुई पासिंग

जोगिंद्रनगर । शुक्रवार को 100 से अधिक गाड़ियों की पासिंग की गई। इस दौरान एमबीआई साहिल धर्मानी ने कहा सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक सौ से अधिक गाड़ियों की पासिंग की गई और 27 अप्रैल को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट लिए जाएंगे जो सुबह 10 बजे से शुरू होंगे। पहले दोपहिया वाहन के लाइसेंस टेस्ट लिए जाएंगे और दोपहर को चार पहिया वाहन लाइसेंस टेस्ट लिए जाएंगे। टेस्ट के स्लॉट बुक हुए हैं वो सुबह 10 बजे डोहग स्कूल ग्राउंड में पहुंच जाए।

### गुम हुआ पर्स मालिक को लौटाया



**नेरचौक** । ईमानदारी का जज्बा दिल में हो तो मुश्किल राहें भी आसान हो जाती हैं। कुछ ऐसा ही किस्सा बल्ह में पैदल यात्रा कर रहे एक युवक के साथ हुआ। मेडिकल कॉलेज नेरचौक में अपना चेकअप कराने आया जोगिंद्रनगर के बसाही का एक युवक गौरव शर्मा जब जेब में बस के किराए के पैसे न होने पर पैदल ही धर्मपुर के लिए निकल पड़ा तो गलमा के पास सड़क पर उसे किसी का पर्स गिरा हुआ मिला। उसने पर्स को उठाकर उसके मालिक तक पहुंचाया। टीम में तैनात पुलिस विभाग के कांस्टेबल राजेश कुमार ने पर्स को मालिक तक पहुंचाया।

### जोगिंद्रनगर में हुए हर्निया और अपेंडिक्स के ऑपरेशन



**जोगिंद्रनगर** । हर्निया, अपेंडिक्स यहां तक की पत्थरी के मरीजों की शल्य चिकित्सा के लिए अब मंडी और टांडा स्थित अस्पतालों में मरीजों की दौड़ लगभग खत्म हो चुकी है। नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में ऑक्टी फाउंडेशन नई दिल्ली के विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी में रोटरी के शल्य चिकित्सा शिविर में करीब 500 मरीजों को घर द्वार स्वास्थ्य लाभ मिला है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष एनआर बरवाल, वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर, राम लाल वालिया ने बताया कि 2015 में अपने अस्तित्व में आए रोटरी 3070 ने मंडी जिला में सबसे अधिक मेजर शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन कर मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिलाया है। वहीं शुक्रवार को 13 और पत्थरी, हर्निया, अपेंडिक्स और गोल्ड ब्लैडर के मेजर ऑपरेशन नागरिक अस्पताल जोगेंद्रनगर में निःशुल्क किए गए।

### रोशन चौहान बने नोडल अधिकारी



**सुंदरनगर** । राजकीय उच्च पाठशाला, सोहर में मुख्याध्यापिका रेणु लता की अध्यक्षता में स्कूल चुनावी समिति का गठन किया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष जगदीश चंद, स्थानीय निवासी सुखराम और अन्य वक्त उपस्थित रहे। इस दौरान रोशन चौहान को नोडल अधिकारी और हेमराज शास्त्री को सह प्रभारी नियुक्त किया गया । इस दौरान स्टाफ सदस्य रीमा देवी पुराण चंद भी मौजूद रहे ।

## नगर निगम ने लोगों की सुविधा के लिए बनाई वेबसाइट, पर नहीं मिल रही सुविधा

# वेबसाइट तैयार, अप्रूवल पर अड़ा अड़ंगा

पुष्पराज, मंडी


नगर निगम कार्यालय मंडी।

नगर निगम मंडी द्वारा शहरवासियों की सुविधा के लिए एक वेबसाइट का निर्माण किया है जो लगभग बनकर तैयार हो चुकी है, लेकिन इसको अभी अप्रूवल नहीं मिला है , जिस कारण अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है कि कब तक ये ऑनलाइन सुविधा शहर वासियों को मिलना शुरू होंगी।

बता दें कि इस ऑनलाइन वेबसाइट बनाने का कार्य जनवरी 2023 से शुरू हुआ था और अभी यह वेबसाइट बनकर तैयार हो चुकी है, लेकिन पेमेंट के भुगतान के लिए इसे अभी तक अप्रूवल की जरूरत है।

इस वेबसाइट के माध्यम से शहरवासियों को 12 प्रकार की सुविधाएं ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त होगी, जिसमें घर बनाने के लिए एनओसी, पानी के बिल ऑनलाइन भरने, चरित्र प्रमाण पत्र के लिए नगर निगम के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, भवन योजना का अनुमोदन और निरीक्षण विवरण, भवन निर्माण पंजीकरण, पेयजल बिल सुविधा, घरेलू एवं वाणिज्यिक संपत्ति कर चुकाने। चरित्र प्रमाण पत्र सुविधा, कूड़े बिल देय सुविधा, रेहड़ी-फड़ी ऑनलाइन आवेदन आदि सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। पहले शहरवासियों को इन कार्यों के लिए नगर निगम के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन पेमेंट अप्रूवल मिलने के उपरांत शहरवासी राहत की सांस भरेंगे।

नगर निगम आयुक्त एचएस राणा ने बताया कि वेबसाइट के पेमेंट अप्रूवल के लिए आगे डिमांड की गई है आशा है कि जून माह तक अप्रूवल मिल जाएगा, लेकिन अभी तक इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### 15 वार्डों से कूड़ा उठाने के लिए लगाई जाएंगी 15 हाईटेक गाड़ियां

**नगर** निगम मंडी के 15 वार्डों में 15 कूड़ा उठाने वाली हाईटेक गाड़िया लगाई जाएंगी। यह गाड़िया सीसीटीवी कैमरा और जीपीएस जैसी सुविधाओं से लैस होगी। नगर निगम कार्यालय में मॉनिटरिंग रूम का निर्माण किया जाएगा जहां से इन गाड़ियों की जानकारी हर पल उपलब्ध होती रहेंगी। अभी नगर निगम क्षेत्र में पांच हाईटेक गाड़ियां कूड़ा उठाने का काम ट्रायल बेस पर काम कर रही है।




## सड़कों से नहीं हटा मलबा, बात कर रहे संपूर्ण विकास की : जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार महिलाओं का अपमान कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जैसे ही हिमाचल की बेटी अभिनेत्री कंगना रनौत को भाजपा का टिकट मिला है तो देशभर में कांग्रेस उनके पीछे पड़ गई।

अब सिर्फ वोट हासिल करने के लिए ये प्रक्रिया शुरू हुई तो हम चुनाव आयोग गए। ये सिर्फ माताओं-बहनों को जलील और अपमानित करने का काम कर रहे हैं, जिसे कतई सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने विक्रमादित्य को कहा कि आपकी माता ही कह रही थी मैं चुनाव नहीं लड़ना चाहती, क्योंकि काम नहीं हुए हैं वो यहां की सांसद भी हैं और आपकी पार्टी की अध्यक्षा भी। जनता के बीच आपको क्या कहना है पहले अपनी माता से पूछकर आया करो। जब आपकी सरकार ने सैकड़ों संस्थान बंद कर दिए तो आप और आपकी माता जो यहां से सांसद थी वो क्यों चुप रहीं।

### लोकसभा चुनाव में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

**मंडी** । विकास खंड अधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में विकासखंड बाली चौकी की 50 ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में प्रधान, सचिव, ग्राम रोजगार सेवक तथा तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। इस बैठक में ग्राम पंचायतों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के पश्चात मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वीप टीम के अधिकारी कृष्ण ठाकुर ने जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को आगामी लोकसभा चुनाव में न केवल भाग लेने के लिए प्रेरित किया अपितु अपनी अपनी पंचायतों में जाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। कृष्ण ठाकुर ने अपनी पंचायतों से शत प्रतिशत मतदान करवाने की अपील की। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को मतदाता शपथ दिलाई गई।

### जीएसटी चोरी पर लगा 2.36 लाख का जुर्माना

**करसोग**। आबकारी एवं कराधान विभाग ने करसोग समेत सेरी बंगलों व बखरूड़ा में छापेमारी की। इस दौरान अधिकारियों की टीम ने बाहरी राज्य से सामान लेकर आ रहे वाहनों की चैकिंग में एक गाड़ी से सामान पकड़ा। ऐसे में मौके पर ही चार कारोबारियों पर 2.36 लाख का जुर्माना लगाया गया। उप आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी विभाग जिला मंडी मनोज डोगरा का कहना है कि जीएसटी चोरी पर कारोबारियों पर 2.36 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

### 124 बोतल अवैध शराब बरामद

**करसोग** । आबकारी एवं कराधान विभाग ने करसोग में 124 बोतल अंग्रेजी और देसी अवैध शराब की पकड़ी है। इस दौरान चालक शराब से संबंधित कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। ऐसे में विभाग ने मामला दर्ज कर दिया है। आबकारी एवं कराधान विभाग की टीम में विजय धीमान, राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी नूतन ठाकुर, सुनील कुमार व शामिल थे।

### 29 को होगा प्रस्तावित पन्ना प्रमुख सम्मेलन

**जोगिंद्रनगर**। भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर द्वारा 29 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 बजे रामलीला मैदान जोगिंद्रनगर में प्रस्तावित पन्ना प्रमुख सम्मेलन की तैयारियों के लिए विधायक प्रकाश राणा ने भालारिहड़ा, ढेलू, हराबाग, गुम्मा व शहरी भाजपा केंद्र जोगिंद्रनगर में पदाधिकारियों ग्राम केंद्र अध्यक्षों, बूथ त्रिदेवों व पन्ना प्रमुखों के साथ बैठके की।

प्रदेश की मेहनती बेटी कंगना को भाजपा ने मंडी संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है । इन बैठकों में मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी, मंडल महामन्त्री शक्ति राणा, आदि कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## स्वतंत्र व भयमुक्त चुनाव करवाने को वचनबद्ध : डीजीपी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी


डीजीपी संजय कुंडू व अन्य पुलिस अधिकारी।

हिमाचल प्रदेश पुलिस के डीजीपी संजय कुंडू ने कहा कि प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों एवं छह विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र और भयमुक्त चुनाव करवाने को हिमाचल प्रदेश पुलिस समर्पित है। मंडी सेंट्रल जोन से जुड़े जिलों की चुनाव से संबंधित तैयारी का जायजा लेने के बाद पुलिस प्रमुख डीजीपी संजय कुंडू ने कहा कि पहली जून को हिमाचल प्रदेश में होने वाले चुनाव से पूर्व पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है।

हिमाचल प्रदेश की सीमा चीन के अलावा जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड के साथ लगती है, जिसके चलते 107 इंटर स्टेट नाके लगाए गए हैं। जिसमें पंजाब के साथ सटे जिला बिलासपुर में 40 किलोमीटर सीमा में 9 इंटर स्टेट नाके लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंडी रेंज के अंतर्गत मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, बिलासपुर और हमीरपुर जिले में आते हैं। इस लिहाज से यह क्षेत्र अपने आप में संवेदनशील है।

इन पांच जिलों में 80 फीसदी हथियार जमा करवा दिए गए हैं। केवल बीस प्रतिशत हथियार जमा करवाने शेष है। वहीं अब तक पुलिस ने चार करोड़ 14 लाख पचास हजार रुपए मादक और नशीले पदार्थ पुलिस ने पकड़े हैं। इसके अलावा तीस लाख रुपए कैश पकड़ा है।

### सोशल मीडिया पर नजर

संजय कुंडू ने बताया कि चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर अभद्र टिपणी करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। चुनावों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड, वोटिंग और ट्रांसपोर्ट प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके अलावा वीआईपी और स्टार कैंपेनर्स की सुरक्षा की तैयारी भी कर ली गई है।

### पर्यटक ज्यादा कैश लेकर न चलें

**डीजीपी** ने कहा कि चुनाव आचार संहिता के चलते बाहरी राज्यों के पर्यटकों को सलाह दी कि वे साथ ज्यादा कैश व लिक्करन लेकर न चलें। हिमाचल पुलिस स्वतंत्र और भयमुक्त चुनाव करवाने के लिए पुरी तरह से समर्पित है। इस दौरान सैंट्रल जोन के डीआईजी समेत पांच जिलों के एसपी भी मौजूद रहे।

### दुकान के बाहर रखा सामान किया जब्त

**मंडी** । नगर निगम मंडी की टीम द्वारा चौहटा बाजार में औचक निरीक्षण किया गया जिसमें फल विक्रेताओं ने अपना सामान दुकान के बाहर रखा था उनकी सामग्री को जब्त किया गया।

नगर निगम द्वारा इन व्यापारियों को कई बार सख्त हिदायत भी दी गई थी और कई बार इनके चालान भी काटे गए बावजूद इसके भी व्यापारियों द्वारा रोज सामान बाहर सजा दिया जाता था जिस पर नगर निगम की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही अमल में लाकर इनके सामान को जप्त किया गया।

नगर निगम आयुक्त एचएस राणा ने बताया कि निगम कार्यालय में जमा कर लिया है और इन सभी फल विक्रेताओं को नगर निगम कार्यालय में पेश होने को कहा गया है।

### विक्रमादित्य बताएं मंडी के लिए क्या किया : निहाल



**मंडी**। कांग्रेस पार्टी के मंडी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह भाजपा प्रत्याशी को कोसने से पहले अपना सामान्य ज्ञान ठीक करें और बड़े नेताओं पर टिप्पणी करने से पहले अपना कद देख लिया करें। भाजपा के मंडी जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि पिता से विरासत में मिली शिमला ग्रामीण विधानसभा सीट को छोड़कर कांग्रेस प्रत्याशी अब मंडी के हितैषी बने फिर रहे हैं।

वे अपना राजनीतिक कद ऊंचा करने के लिए छह बार के विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर घटिया व ओच्छी टिप्पणी कर रहे हैं।

## डीसी ने अभिलाषी यूनिवर्सिटी में कल्चरल फेस्टिवल का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान, गोहर


छात्रों को सम्मानित करते हुए उपायुक्त।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने अभिलाषी यूनिवर्सिटी चैलचौक में 'परिवर्तन 2024' कल्चरल फेस्टिवल का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को अपने संबोधन में कहा कि समय के सदुपयोग से अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है और छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ और अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। मुख्यातिथि ने 'साइंस सफारी' विषय पर आधारित विभिन्न तकनीकी प्रदर्शनियों और विभिन्न विषयों पर आधारित वर्किंग व लाइव मॉडल का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनैट, चच्योट पंचायत प्रधान महेंद्र वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सुख सुविधाओं के मजे लूट रहे कांग्रेस सरकार के मित्र : वीरेंद्र



**मंडी** । जयराम ठाकुर को भक्षक कहने पर भाजपा ने कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी विक्रमादित्य को आड़े हाथों लिया है। भाजपा के जिला प्रवक्ता विरेंद्र आर्य ने कहा कि विक्रमादित्य भाषा की मर्यादा खो चुके हैं और भूल गए हैं कि पिछले 15 महीनों से प्रदेश के हर वर्ग के साथ कितना छल कपट कांग्रेस सरकार ने किया है।

कर्मचारियों व पेंसनरों की 12 हजार करोड़ से अधिक की देनदारियों का भक्षण कर सुक्खू सरकार अपने मित्रों के खर्चे वहन कर रही है।

## बीबीएमबी ने समेटी शिक्षा-स्वास्थ्य और बिजली-पानी की सुविधा

अनंत ज्ञान, पंडोह

भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा निर्मित पंडोह डैम 990 मेगावाट विद्युत उत्पादन कर रहा है। इससे अरबों रुपए की कमाई भी हो रही है। मगर इस डैम निर्माण में जिन लोगों ने अपनी सोना उगलती जमीनें कुर्बान की उनके लिए यह एक अभिशाप जैसा बन गया है। हैरानी जनक बात है कि बीबीएमबी द्वारा दी जा रही कुछ सुविधाओं को भी बंद किया जा रहा है। ये सुविधाएं वर्ष 1962-64 से आरम्भ में की थी।

इनमें सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा जो बीबीएमबी के आलीशान अस्पताल भवन के माध्यम से दी जा रही थी। अब यह अस्पताल केवल सफेद हाथी बन कर रह गया है।

जूनियर मॉडल स्कूल इस वर्ष बंद कर दिया गया है। बिजली व पानी से बीबीएमबी ने पहले ही अपने हाथ पीछे कर लिए थे। विस्थापित कल्याण समिति के संस्थापक सचिव डीआर कौंडल, पंचायत प्रधान गीता देवी, बीडीसी सदस्य खेम चंद व जागर पंचायत प्रधान भूषण ने कहा कि इन सभी मूलभूत सुविधाओं को सुचारू किया जाए। वहीं उन्होंने भाजपा व कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों से इस मुद्दे पर समर्थन की मांग की है।

**निर्देश** | छात्रों को निशुल्क बस सुविधा न मिलने की आ रही शिकायतों पर उच्च शिक्षा विभाग ने उठाया कदम

# फ्री बस सुविधा तुरंत मुहैया करवाने के दिए कड़े निर्देश

भगत सिंह गुलेरिया, मंडी

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

उच्च शिक्षा विभाग की ओर से उपनिदेशक द्वारा जिला में स्कूली बच्चों को निशुल्क बस सुविधा के लिए बस पास मुहैया करवाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। जिला के लगभग पौने चार सौ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों को भेजे गए निर्देशों में कहा गया है कि बहुत से स्थानों से यह शिकायत आ रही है कि कुछ सरकारी स्कूली बच्चों के फ्री बस पास नहीं बनाए गए हैं।

ऐसे में बच्चों को जेब से किराया देकर बसों पर आना-जाना पड़ रहा है, जबकि सरकार द्वारा इन्हें मुफ्त यात्रा क प्रावधान किया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि जो बच्चे देरी से स्कूल में प्रवेश ले रहे हैं उनकी भी सप्लीमेंट्री लिस्ट तैयार करके निःशुल्क बस सुविधा के लिए पास बनवाए जाएं। बस पास हिमाचल पथ परिवहन के अधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होने चाहिए।




उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों के लिए आने जाने के लिए निशुल्क बस सुविधा देने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा हिमाचल पथ परिवहन के साथ मिलकर बच्चों के बस पास बनाए जाते हैं। अनेक विद्यालयों द्वारा यह काम पेंडिंग रखा हुआ था या अभी कुछ बच्चे देरी से एडमिशन ले रहे हैं। ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग के जिला मुख्यालय द्वारा संज्ञान लेते हुए उचित कदम उठाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा विभाग के माध्यम से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए और भी कई निःशुल्क सुविधाएं प्रदान कर रखी हैं जिनमें दोपहर का भोजन, स्कूली वर्दियां, पुस्तकें व विभिन्न छात्रवृत्तियां आदि शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

> एचआरटीसी की यात्रा संबंधी बच्चों के लिए सुविधा सरकार द्वारा प्रदान की गई है, जिसका लाभ उन्हें अवश्य मिलना चाहिए।
> -सुशील कुमार, उपनिदेशक, उच्च शिक्षा विभाग।

## स्वच्छता का युवाओं ने उठाया जिम्मा

नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी


बदहाल सफाई-व्यवस्था को बदलने के लिए साफ-सफाई करते युवा।

बालीचौकी बाजार में कूड़े-कचरे और बदहाल सफाई व्यवस्था से तंग आकर बालीचौकी के स्थानीय युवाओं ने एक अनोखी मुहिम शुरू कर दी है। प्रशासन, स्थानीय निकाय, व्यापार मंडल और अन्य प्रबुद्धजनों की सफाई को लेकर उदासीनता के चलते बालीचौकी के लगभग एक दर्जन से भी ज्यादा युवाओं ने पिछले कुछ दिनों से बाजार के कूड़े-कचरे के निपटारे का जिम्मा उठाया है। इन युवाओं का कहना है कि इनके दोस्त उन्हें यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि अगर एनएच 305 पर सफर के दौरान अगर बदबू आ जाए, तो समझ लेना बालीचौकी बाजार से गुजर रहे हैं।

युवाओं का कहना है कि उन्होंने इस बारे जब जिम्मेदार पदों पर बैठे स्थानीय लोगों से सहायता या राय मांगी, तो सभी एक दूसरे को कोसते नजर आए जिससे तंग आकर अब ये युवा प्रतिदिन प्रातःकाल एक घंटा बाजार की साफ-सफाई को देते हैं और उनका आग्रह है कि उनकी इस मुहिम से सभी वर्गों के लोग जुड़ें।

एनजीओ के प्रबंध निदेशक गौरव शर्मा का कहना है कि उनकी संस्था कुल्लू एवं मंडी सराज में लोगों को न केवल स्वच्छता को लेकर जागरूक करना चाहती है बल्कि पर्यावरण का संवर्धन कर इन क्षेत्रों में ईको टूरिज्म को प्रमोट भी करना चाहती है। वहीं बालीचौकी में स्थानीय युवाओं की पहल के चलते स्थानीय प्रशासन ने 27 अप्रैल को एक बैठक का भी आयोजन किया है, जिसमें 'स्वच्छ बालीचौकी' को लेकर आगामी योजना पर विचार विमर्श किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# परियोजना को पूरा करने के लिए आधारभूत सुविधाओं में नहीं रहे कोई कमी : प्रबोध

## मुख्य सचिव ने बल्क ड्रग पार्क के प्रस्तावित स्थल का दौरा कर दिए दिशा-निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने पोलियां बीत में बन रहे बल्क ड्रग साइट, पंजुआना में बनने वाले प्रशासनिक ब्लॉक तथा प्रशासनिक ब्लॉक से बल्क ड्रग पार्क तक बनने वाली सड़क का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और बिजली विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को पूरा करने के लिए आधारभूत सुविधाओं में कमी नहीं रहनी चाहिए।

इससे पहले मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बाथू के कॉरपोरेट ऑफिस में बल्क ड्रग पार्क को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक में उन्होंने जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग व बिजली बोर्ड के अधिकारियों से बल्क ड्रग पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा यदि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की कोई समस्या आती है तो उन्हें इस संबंध में अवगत करवाया जाए, ताकि निर्माण कार्यों को सुगमता व समयबद्ध तरीके से किया जा सके।


निदेशक उद्योग विभाग राकेश प्रजापति के साथ मॉडल पर चर्चा करते मुख्य सचिव, साथ हैं अन्य अधिकारी।

बल्क ड्रग पार्क में 15 एमएलडी जलापूर्ति योजना का 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस योजना पर 31.05 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने जलापूर्ति योजना के शेष बचे कार्य को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर निदेशक उद्योग राकेश प्रजापति, डीसी जतिन लाल, एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान, एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से जिले के पेखुबेला में 220 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे 32 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने दौरा किया था।

इस दौरान उन्होंने सोलर पावर प्लांट में चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि जल्द से जल्द लोगों को इस परियोजना का लाभ मिलना सुनिश्चित हो सके।

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हरिकेश मीणा ने मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों को सोलर पावर प्लांट से संबंधित चल रहे सभी निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। इसके अलावा उन्होंने अघलोर और भंजाल में भी स्थापित किए जा रहे सौर ऊर्जा संयंत्र की विस्तृत जानकारी दी।

# कुटलैहड़ में मतदान टीमों की पहली रिहर्सल 27, 28 और 30 अप्रैल को

## एसडीएम ने अधिकारियों को दिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

लोकसभा आम चुनाव-2024 और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र-45 के अधीन होने वाले उपचुनाव के लिए पुरुष कर्मचारियों की प्रथम रिहर्सल 27 और 28 अप्रैल को अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय बंगाणा में और 30 अप्रैल को महिला कर्मचारियों की प्रथम रिहर्सल एसडीएम ऑफिस के कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी। लोकसभा आम चुनाव 2024 और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र-45 के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए 118 मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाली मतदान टीमों का पहला पूर्वाभ्यास 27, 28 और 30 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है।

उपनिर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने बताया कि इन तीनों चरणों के पूर्वाभ्यास को सुनियोजित, सुचारु और सुविधाजनक ढंग से आयोजित करने तथा आयोजन स्थल पर अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए अनेक टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।


चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को जानकारी देते चुनाव विभाग के अधिकारी।

एसडीएम ने सभी अधिकारियों को रिहर्सल के दिन उपस्थित रहने और टीम प्रभारियों को पूर्वाभ्यास के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वाभ्यास के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा उनको मतदान से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

इस मौके पर तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, नायब तहसीलदार अभिराय सिंह शर्मा, लिपिक जीवन ठाकुर और अन्य विभागों से आए अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दो दिन से रक्कड़ कॉलोनी में पानी को तरसे लोग

**ऊना।** बिजली बोर्ड की रक्कड़ कॉलोनी में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। कॉलोनी में बनाया गया नलकूप का पानी पीने योग्य नहीं निकला है। महकमे ने इसकी सप्लाई बंद कर दी है। कॉलोनी में रहने वाले कर्मियों को दो दिन से घोर पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है।

## बस-कार के बीच भिड़ंत कार चालक की मौत

**ऊना।** वीरवार रात करीब साढ़े दस बजे जिला ऊना मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर ऊना-अंब सड़क पर पड़ते धुसाड़ा गांव में एचआरटीसी चंबा की बस और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में कार चालक की मौत हो गई। कार सवार मृतक की पहचान विनोद कुमार (41) पुत्र बंसीलाल निवासी गांव टकारला के रूप में हुई है। विनोद कुमार निजी बैंक कर्मी था। वहीं, बस में सवार चालक-परिचालक सहित घायल यात्रियों को अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भिजवाया, साथ ही मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बस चालक निगेश कुमार ने बताया कि कार चालक की लापरवाही से यह हादसा पेश आया है।


दुर्घटनाग्रस्त कार।

# भाजयुमो ने केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के कार्यकर्ताओं को दिए आदेश


भाजयुमो के कार्यकर्ता बैठक के बाद सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ युवा मोर्चा की बैठक कुटलैहड़ भाजपा मंडलाध्यक्ष चरणजीत शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष तिलक राज विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में चुनावी रणनीति तैयार की गई। इस दौरान केंद्र सरकार के सफल दस वर्षों के कार्यकाल की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के कार्यकर्ताओं को आदेश दिए।

वहीं, राज्य सरकार के डेढ़ वर्ष के नाकाम कार्यकाल से भी जनता को जागरूक करने के लिए घर-घर दस्तक देने के आदेश हुए। युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष तिलक राज ने मंच से भाजयुमो कार्यकर्ताओं में जोश भरा और कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव में भाजपा को बड़ी बढ़त देने का जीत मंत्र दिया।

तिलक राज ने कहा कि राज्य की सुक्खू सरकार के विकास का इंजन हाफ चुका है और अब चंडीगढ़ से आगे विकास की गाड़ी नहीं जा रही है। इसलिए प्रदेश में विकास को गति प्रदान करने वाली भाजपा सरकार को स्थापित करने के लिए कुटलैहड़ की सहभागिता जरूरी है।

इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा प्रभारी संजीव कटवाल, भाजयुमो अध्यक्ष शशि राणा, जिला महामंत्री सतवंत सिंह ढिल्लों, अभय राणा, रिशु बनयाल के अलावा दर्जनों भाजयुमो सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बंगाणा में 18 मई को विशाल जगराता, 51 फुट दरबार में सजेंगी नव ज्योतियां : सेंटी

**बंगाणा।** मां भगवती विशाल जागरण कमेटी बंगाणा की बैठक कमेटी अध्यक्ष विनोद कुमार सेंटी प्रबंधन अंबे एचपी सेंटर बंगाणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मां भगवती का विशाल जगराता 18 मई को होना निश्चित हुआ। कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार सेंटी ने बताया कि इस विशाल जागरण में महामाई का गुणगान करने के लिए पंजाब की बुलंद आवाज आशु सिंह जालंधर और फिल्म इंडस्ट्री के जॉनी सूफी गायक दिल्ली वाले मां की महिमा का गुणगान करेंगे। वहीं, 18 मई को दिन में विशाल शोभायात्रा का आयोजन भी होगा।



फिल्मी जगत के मशहूर कपिल कोहली जालंधर वाले की अध्यक्षता में राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती के अलावा अन्य सुंदर झांकियां प्रस्तुत होंगी। वहीं, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव ज्योतियों से 51 फुट मां वैष्णो दरबार सजेगा और शाम चार बजे से विशाल भंडारे का प्रसाद वितरण होना शुरू होगा। विनोद कुमार सेंटी ने कहा कि बंगाणा बाजार को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 मई को कमेटी सदस्य नव धार्मिक मां दरबारों से ज्योतियों को लाने के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि जगराते में गाड़ियों की पार्किंग के लिए विशेष प्रबंध किया जाएगा।

# सभाएं ऋण देने के साथ-साथ वसूली न होने पर सालसी केस बनाएं : राकेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना विकास खंड के अंतर्गत टब्बा कृषि सहकारी सभा के कैंप में ऊनकोफैड के तत्वावधान मे नवनिर्वाचित सात सहकारी सभाओं की प्रबंधक कमेटियों के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें टब्बा सहकारी सभा के नवनिर्वाचित प्रधान यशपाल रायजादा सहित सहकारी सभा बहडाला, चताड़ा, भड़ोलियां, बरसड़ा, देहलां व बडैहर की प्रबंधक कमेटियों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। ऊना जिले के सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं राकेश कुमार प्रमुख रूप से मार्गदर्शन व एकीकृत सहकारी परियोजना के महाप्रबंधक विक्रम जीत सिंह उपस्थित हुए, जबकि सहकारी शिक्षा अनुदेशक बलवंत कुमार, ऊनकोफैड के सचिव अंकित व जगमोहन, निरीक्षक महेश कुमार व टब्बा सभा के सचिव राजीव कुमार ने शिविर के आयोजन की व्यवस्था में प्रशिक्षणार्थियों का समन्वय किया।

पंजीयक सहकारी सभाएं राकेश कुमार ने कहा कि प्रबंधक समितियों को सभाओं की कार्यप्रणाली से अवगत होने के साथ-साथ सहकारी अधिनियम व नियमों के अंतर्गत अपने अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी होना जरूरी है, ताकि किसी भी परिस्थिति में उनकी अनभिज्ञता में उनको जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सभा की ओर से ऋण जारी करने के साथ-साथ वसूली को भी सुनिश्चित करने पर बल दिया।


सहकारी समितियों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधि।

ऋण की वसूली में डिफाल्ट होने पर ऋणी के विरुद्ध सालसी केस बनाकर विभाग को समयावधि में भेजना सचिव की जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त शिविर में मौजूद प्रशिक्षणार्थियों की विभिन्न शंकाओं व जानकारियां बारे उनके प्रश्नों का निवारण किया गया। सहकारी अनुदेशक बलवंत कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों बारे विस्तार से बताया। टब्बा सभा के प्रधान यशपाल रायजादा ने प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए सहकारिता विभाग व ऊनकोफैड को साधुवाद दिया व उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों का आभार प्रकट किया।

# भाजपा ने किए कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने के प्रयास : डोगरा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता विजय डोगरा ने कहा कि कांग्रेस के अयोग्य विधायक बयानबाजी देते फिर रहे हैं कि प्रदेश सरकार राम जन्मभूमि के विरोध में है। ऊना में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर उस दिन के विशेष अवसर पर अगर किसी राज्य की सरकार ने छुट्टी घोषित की तो वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की थी।



उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने जिस तरह से सत्ता पाने का लालच दिखाकर प्रदेश में जो राजनीतिक घटनाक्रम रच कर परिदृश्य पेश किया है, उससे भाजपा की मानसिकता प्रदेश की जनता के सामने आ चुकी है।

प्रदेश में कांग्रेस की स्थिर सरकार को षड्यंत्र रचकर अस्थिर करने का प्रयास किया गया और ये मंसूबे भाजपा के किसी भी सूरत में पूरे नहीं हुए और विपक्ष के नेता प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में अपने ही रचे गए चक्रव्यूह में फंसकर रह गए हैं। गगरेट के अयोग्य घोषित विधायक चैतन्य शर्मा ने 14 महीने के विधायक बनने के बाद क्षेत्र की जनता के साथ जो छलकपट किया है, वह सबके सामने आ चुका है।

**मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दिन हिमाचल सरकार ने किया था सार्वजनिक अवकाश**

भाजपा अपने पिछले 10 सालों के कार्यकाल में जो चुनावी घोषणा पत्र में वादे किए हैं, अगर वे असल में पूरे किए हैं तो भाजपा श्वेत पत्र जारी करे। प्रदेश की जनता भाजपा की करनी और कथनी को भलीभांति समझ चुकी है और चुनावों में मुंहतोड़ जवाब देने के लिए आतुर बैठी है।

# मलेरिया से बचने के लिए बताए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सूचना शिक्षा एवं संप्रेषण प्रभाग द्वारा पीएचसी देहलां में विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य पर शिविर लगाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव कुमार वर्मा के निर्देशानुसार बीएमओ बसदेहड़ा डॉ. रामपाल की अध्यक्षता में इस शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी शारदा सारस्वत ने लोगों को बताया कि मलेरिया एक वैश्विक जन स्वास्थ्य समस्या है। यह ऐसी बीमारी है, जो सालों से लोगों को अपना शिकार बनाती आई है।

हर साल भारत समेत पूरी दुनिया में मलेरिया से लाखों लोग मरते हैं। यह एक जानलेवा बीमारी है, जिससे भारत में हर साल हजारों लोग संक्रमित होते है। मलेरिया पूरे विश्व में महामारी का रूप धारण कर चुका है। उन्होंने बताया कि मलेरिया की बीमारी मच्छर के काटने से फैलती है। यह मादा एनाफिलिज मच्छर के जरिए इंसानों के बीच फैलती है। मलेरिया प्लाजमोडियम विवेक्स नाम के वायरस के कारण होता है।



विश्व मलेरिया दिवस पर विशेष शिविर में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व अन्य।

बीसीसी को-आर्डिनेटर कंचन माला ने बताया कि मरीज को कंपकंपी सहित 103 डिग्री या इससे अधिक बुखार आता है। यह मच्छर खड़े पानी में प्रजनन करता है तथा रात के समय काटता है। इससे बचने के लिए कहीं भी कभी भी पानी को एक जगह पर खड़ा न होने दें।

मलेरिया से बचाव व इलाज दोनों संभव हैं। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है अतः खून की जांच करवा कर मलेरिया की सही पहचान होती है। मच्छरों को पैदा होने से रोकें तथा तालाबों और जलाशयों इत्यादि में गंबुजिया मछली व खड़े पानी में तेल डालें ताकि मच्छरों के अंडे व लार्वा को बढ़ने से रोका जा सके।

इस शिविर में लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ. श्वेता, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स सुनैना, राधिका, शिवानी डोगरा, तलविंद्र कौर, भावना, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता पूनम, वंदना और बसदेहड़ा ब्लॉक की सभी आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण और सुदामा का प्रसंग सबसे उत्तम : आचार्य

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के सोहारी के घराना गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत समापन हुआ, के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, कथा के अंतिम दिन पर कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने श्रीकृष्ण और सुदामा का प्रसंग सुनाया।

कथा व्यास ने कहा कि इस प्रसंग में यह बताया गया है कि प्यार और दोस्ती कभी अमीर-गरीब, ऊंच-नीच और जात-पात को नहीं देखती है। श्रीमद् भागवत कथा की यही शिक्षा है कि समाज अहसाय एवं गरीबी रेखा से नीचे या फिर गरीबी की अंतिम पंक्ति में बैठे परिवारों को अपनी इच्छा अनुसार मदद करके उन्हें भी समाज में एक अच्छी जिंदगी जीने के लिए प्रेरित करे। वहीं, कथा आयोजक वीरेंद्र मेहता एवं परिवार ने विधिवत कथा के पूर्ण विराम पर कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा को बिदाई दी।


कथा व्यास से आशीर्वाद लेते श्रद्धालु।

**घराना गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा संपन्न**

इस मौके पर आयोजिक वीरेंद्र मेहता, विशाल कुमार, श्रीराम नाटक क्लब हटली की महिला प्रधान ज्योति बरजाता, हंसराज बरजाता, अंकुश बरजाता, ऑल इंडिया मंच संचालन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्या शर्मा, नरेश कुमार, सीता राम एवं गांव वासियों द्वारा सेवाएं दी गईं।

## भाजपा प्रत्याशी भुट्टो ने जनता से मांगा समर्थन

**बंगाणा।** राज्य सरकार में बड़े बुजुर्ग मंत्री भी अब सुक्खू सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। वे मीडिया में बयान दे रहे हैं कि सीएम अपनी ही विधायकों से सौतेला व्यवहार करते हैं। अब तो राज्य की जनता को और विश्वास हुआ होगा कि हमने जो किया है, बिलकुल सोच-समझकर किया है। यह बात कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व में विधायक रहे देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सोलहसिंगी धार के पंचायत डरोह सरोह, मतोह, चम्याडी, कोट, चमुक्खा में जन संपर्क अभियान के तहत कही।

भुट्टो ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल कुटलैहड़ की जनता का विकास करवाना था और उसी के चलते हमने 14 माह के कार्यकाल में कभी विधायक निधि, कभी नाबार्ड तो कभी अन्य खजानों से धन मुहैया करवा कर जनता की समस्याओं का समाधान किया।। भुट्टो ने कहा कि जब बार-बार मुख्यमंत्री के पास जाने के बाद भी काम न हों और जलालत मिले, तो उससे बेहतर तो यही था, जो हमने किया है। कम से कम जनता की नजरों में तो हम ठीक रहे हैं।

**चुनाव**

## मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी पर करें फोकस : सक्सेना

# निगरानी टीमों के लिए अधिक सतर्कता बरतने पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने ऊना जिले में लोकसभा चुनाव तथा 2 विधानसभा उपचुनावों में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए कारगर योजना बनाने तथा उसे सटीकता से क्रियान्वित करने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ऊना जिले में अधिकारियों के साथ बैठक में जिले में चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने चुनावों में मतदाताओं को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने को जागरूकता गतिविधियों पर अधिक फोकस करने को कहा।

उन्होंने इसमें स्वीप कार्यक्रमों के साथ-साथ जन जागरूकता में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों के उपयोग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने सीमावर्ती जिला होने के चलते यहां निगरानी टीमों को अधिक सतर्कता और सजगता से कार्यरत रहने के निर्देश दिए। हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखने, नाके लगाने के साथ-साथ औचक निरीक्षण तथा चेकिंग अभियान को सही तालमेल से चलाने को कहा। उन्होंने यह सुनिश्चित बनाने को भी कहा कि चेकिंग अभियान से आम जनता को अनावश्यक परेशानी न हो।


मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ऊना में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चत बनाने को कहा। उन्होंने जिले में सुरक्षा प्रबंधन, मतदान केंद्रों पर मतदाता सुविधाओं, चुनावी कर्मियों की रिहर्सल समेत चुनाव प्रबंधन से जुड़े हर पहलू पर जानकारी ली तथा आवश्यक मार्गदर्शन किया।

उन्होंने मतदाताओं के बीच सी-विजिल ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने मुख्य सचिव को पीपीटी के जरिए बताया कि चुनावों के दृष्टिगत जिला में 516 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 4 लाख 28 हजार 589 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 2 लाख 11 हजार 684 महिला मतदाता और 2 लाख 16 हजार 901 पुरुष मतदाता और 4 तीसरे लिंग के मतदाता हैं।

जतिन लाल ने बताया कि जिले 516 से 377 मतदान केंद्रों पर वेबकॉस्टिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऊना जिले में लोकसभा और गगरेट तथा कुटलैहड़ में होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं। इस मौके पर एसपी राकेश सिंह, एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा, समस्त एसडीएम, तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजन ने गलती से बैंक खाते में आए पैसे लौटाए

**गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल में पोस्ट विभाग में कार्यरत दिनेश कुमार जो कि हरियाणा के निवासी हैं, उनसे गलती से जिला ऊना में संबंध रखने वाले राजन शर्मा के बैंक खाते में करीब 7957 रुपए ढल गए। इस बात की जानकारी जब राजन शर्मा को मिली तो उन्होंने दिनेश कुमार के पैसे उन्हें लौटा दिए।



बता दें कि राजन शर्मा जो कि एक कर्मचारी नेता भी हैं, ने कहा कि गलती कभी भी किसी से भी हो सकती है और हमें दूसरे की गलती का फायदा नही उठाना चाहिए। अपना इंसानियत का धर्म अपनाना चाहिए। साथ ही जब इस बारे में दिनेश कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने राजन शर्मा का आभार जताया और कहा कि अभी भी समाज में इंसानियत बाकी है।

# धर्मशाला महंतां और बधमाणा में लोगों को बताया वोट का महत्व

**अनंत ज्ञान, अंब**

लोकसभा चुनावों में लोगों की सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए जिला प्रशासन लगातार नए युवा मतदाताओं और आम लोगों को वोट के प्रति जागरूक करने में जुटा है। इसी के दृष्टिगत जिला की समस्त निर्वाचन क्षेत्रों में प्रशासन की ओर से स्वीप कार्यक्रम किए जा रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाता जागरूक हो सकें और मतदान में लोगों की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

स्वीप कार्यक्रम के तहत आज शुक्रवार को आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच के कलाकारों ने चिंतपूर्णी निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत धर्मशाला महंतां और बधमाणा में लोगों को उनके वोट के महत्व बारे अवगत करवाया। इस मौके पर कलाकारों ने सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।



मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता संदेश देते लोग।

उन्होंने 'युवा हो तुम देश की शान, जागो उठो करो मतदान' स्लोगन के जरिए भी मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से बना सकते हैं।

कलाकारों ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाएं, साथ ही अपने घरों और आस-पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें।

## संपादकीय

# ईवीएम पर सुप्रीम मुहर

सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के वोटों की वीवीपैट पर्चियों से 100 फीसदी मिलान की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज करने के साथ ही बैलेट पेपर से मतदान कराने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने चुनाव में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रत्याशियों को पांच प्रतिशत ईवीएम का मिलान वीवीपैट स्लिप के साथ करवाने का हक भी दिया है। साथ ही चुनाव आयोग को वीवीपैट स्लिप्स को 45 दिनों तक सुरक्षित रखने को भी कहा है, ताकि चुनाव नतीजों को लेकर अगर कोई विवाद हो तो ईवीएम के साथ उनका मिलान किया जा सके। कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के माध्यम से चुनाव करवाने को लेकर पैदा हुआ विवाद भी कुछ हद तक खत्म होता नजर आ रहा है। वहीं, कोर्ट के इस फैसले से विपक्ष को बहुत बड़ा झटका लगा है, क्योंकि विपक्षी दल ईवीएम के माध्यम से चुनाव करवाने के सख्त खिलाफ हैं। विपक्ष का मानना है कि सत्तारूढ़ दल ईवीएम के साथ छेड़छाड़ कर चुनावी नतीजों को बदल सकता है।

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने यह फैसला उस वक्त दिया है, जब देश में लोकसभा के लिए दूसरे चरण का मतदान हो रहा है। कोर्ट ने यह फैसला चुनाव आयोग की उस दलील पर दिया है, जिसमें आयोग ने ईवीएम से किसी प्रकार की छेड़छाड़ होने की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि हर ईवीएम का वीवीपैट के साथ मिलान करना संभव नहीं है, क्योंकि ऐसा करने पर चुनाव के नतीजे घोषित करने में काफी दिन लग जाएंगे। चुनाव आयोग की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट की ओर से जो फैसला सुनाया गया है, इसके काफी मायने हैं। यह फैसला जहां सत्ता पक्ष के लिए राहत भरा तो वहीं विपक्ष के लिए निराशाजनक माना जा सकता है। केंद्र में सत्ता में बैठी एनडीए सरकार हमेशा ईवीएम के माध्यम से ही चुनाव करवाने की पैरवी करती आई है, जबकि विपक्ष के दल बैलेट पेपर से चुनाव करवाने के पक्षधर रहे हैं। विपक्षी दलों का कहना है कि ईवीएम में माइक्रो कंट्रोलर लगे होते हैं, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं। सत्तासीन पार्टी ईवीएम को कंट्रोल कर चुनाव के परिणाम को बदल देती है, जो कि लोकतंत्र की मूल धारणा के खिलाफ है। ईवीएम का विरोध करने वालों का कहना है कि मतदाता ने ईवीएम में जिसे अपना मत दिया होता है, वास्तव में उस प्रत्याशी को मत मिलता ही नहीं है और जिसे मतदाता पसंद नहीं करते, वह चुनाव जीत जाता है। उनका कहना है कि ईवीएम से चुनाव प्रजातंत्र प्रणाली के खिलाफ है, क्योंकि इसमें लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार नहीं बन पाती।

दूसरी ओर सत्तारूढ़ दल विपक्ष के आरोपों को निराधार बताता आया है। सत्तासीन पार्टी का कहना है कि विपक्ष बेवजह ईवीएम पर हो हल्ला करता है। ये विपक्षी दल चुनाव हारने पर तो ईवीएम को कारण बताते हैं, मगर जब चुनाव जीत जाते हैं, तो इनकी जुबान पर ताला लग जाता है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि वह ईवीएम पर बैन लगाकर लोगों में बेवजह कोई शक पैदा नहीं करना चाहता। उसने बैलेट पेपर से चुनाव होते भी देखे हैं और वे कितने निष्पक्ष तरीके से होते थे, यह भी देखा है। फिलहाल जैसे चुनाव हो रहे हैं, वैसे ही होने देने में ही सबका हित है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि अगर किसी को चुनावी नतीजों पर कोई शंका या आपत्ति है तो वह दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी के माध्यम से 7 दिन के अंदर शिकायत कर ईवीएम की वीवीपैट स्लिप से मिलान की अर्जी दायर कर सकता है। अर्जी पर ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी सत्यता की जांच करेंगे। बिना किसी प्रमाण और सबूत के ईवीएम पर सवाल उठाना तार्किक नहीं है। कोर्ट के फैसले के बाद उम्मीद की जा सकती है कि लोकसभा चुनाव के शेष बचे चरणों में ईवीएम को लेकर अब कोई विवाद नहीं होगा। ■

# सड़कों पर कैसे थमे अराजकता

यकीन मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जाएगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं।

बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दोपहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है। बात यहीं खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं, जो अपनी मोटरसाइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं। यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा। दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में ये दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चारपहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना है।


लेखक : आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

हालांकि, हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किया है। 2023 में हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना किया गया, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है।

याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है।

कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं। उन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा, जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं।

अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमे में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केंद्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता। बहरहाल, लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिएं। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया।

यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है। यह अफसोसजनक स्थिति है। एक बात और कहने का मन कर रहा है, जब बात सड़कों के चौड़ीकरण, सौंदर्यकरण और इनके विस्तार पर होती है तो पैदल यात्री के बारे में कोई नहीं सोचता। उसकी एक वजह यह भी है कि वह समाज का सबसे बेबस व्यक्ति है। वह गरीब है। उसकी आर्थिक-सामाजिक हैसियत कमजोर है, तो क्या इसलिए वे सड़क पर तड़प-तड़प कर मरने के लिए अभिशप्त है।

क्या अमीरजादे सड़कों पर पैदल यात्रियों को कुचलते रहेंगे? पैदल यात्रियों का सड़कों पर कुचला जाना और यातायात के नियमों अनदेखी का सीधा संबंध है। कारों और दूसरे वाहनों की बिक्री को तो रोका नहीं जा सकता, लेकिन सरकार कड़े उपाय करके पैदल यात्रिओं को राहत तो दे ही सकती है। फुटपाथों को फिर से कायम तो किया ही जा सकता है।

सड़कों के किनारे जहां स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद आदि सार्वजनिक स्थान हों , हां तो अंडरपास या फुट ओवरब्रिज बनाए ही जा सकते हैं। कम से कम स्कूल की छुट्टी के समय एक ट्रैफिक का सिपाही तो तैनात हो ही सकता है। आज तो फुटपाथों की स्थिति यह हो गई है कि वहां पुलिस हफ्ते वसूल कर बाजार लगवा रही है। यह हर फुटपाथ पर आप देख सकते हैं।

जरा सोचिए कि सड़क हादसों में मरने वालों में 50 फीसद 14-35 साल की उम्र के होते हैं। इनमें से बहुत सारे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं। यूं तो सड़क हादसों के तमाम कारण गिनाए जा सकते हैं, पर 66 फीसद हादसों का कारण तेज रफ्तार से और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है, तो इस पर हर हाल में नियंत्रण करना होगा। इसके लिए तेज वाहन चलाने वालों पर कठोर दंड लगाया जाना बिलकुल सही माना जा सकता है। इस सवाल पर कोई बहस हो ही नहीं सकती। सड़क हादसों को रोकने के लिए नागरिकों और पुलिस को समान रूप से अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। सबका सहयोग नहीं रहेगा तो मौजूदा हालात में बदलाव संभव नहीं है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# जाति के इर्द-गिर्द घूमती भारतीय राजनीति

भारतीय राजनीति में जाति की बड़ी अहमियत है। हालांकि अधिकांश महापुरुष जाति विहीन भारत के निर्माण के पक्ष में थे। वे जातिवाद को बेहद खतरनाक मानते थे और कई मौकों पर यह बात उन्होंने कही भी। जाति तोड़ो अभियानों में वे निरंतर जुटे रहे, लेकिन जाति की जड़ों को हिला नहीं पाए। इसकी वजह यह रही कि उस समय जातियों का उभार तत्कालीन राजनीति कर रही थी। धीरे-धीरे यह जातीय उभार राजनीतिक गुटों, गिरोहों और वर्गों की शक्ल लेता गया और गांधी, लोहिया तथा अंबेडकर के सपने धराशायी हो गए।

आज भारत की राजनीति में जाति सम्मेलनों की बहुलता बढ़ी है। वर्गों का आधिपत्य बढ़ा है। सभी जातियों-वर्गों के अपने नेता हैं। वे जातीय सम्मेलन करते हैं। सत्तारूढ़ दलों के नेता भी अपने स्तर पर जातीय उभार को मजबूती देते हैं। राजनीति दलों के बॉयलॉज की बात करें तो उसमें एक बात समान होती है कि राजनीतिक दल सर्व समाज के लिए बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध कराने के काम करेंगे, जाति नहीं देखेंगे।

लेखक : अरुण कुमार दीक्षित
स्वतंत्र टिप्पणीकार

चुनाव में जाति की बात नहीं करेंगे, मगर विधानसभाओं, विधान परिषद, राज्यसभा के चुनाव में जाति वर्ग के कई चरण मंथन- चिंतन की जातीय इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दी जाती है। बात यहीं नही समाप्त होती, यह धर्म और पंथ तक जाती है। समता मूलक समाज की स्थापना की नकली रस्मों ने भी भारत का बड़ा अहित किया है। यहां वोट का गणित है। योग्यता-मेधा नहीं है। जातियों के नाम पर पार्टियां हैं। सभी जातियों की अपनी अपनी पार्टियां हैं। अपने-अपने महापुरुष हैं। उनकी मूर्तियों को लगाने की होड़ है। पार्कों को बनवाने के लिए प्रबल मांगें हैं। इतना ही नहीं, प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास पुरुषों, शासकों को अपनी जाति बताने में गर्व होता है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के पोस्टर बैनर, लेटर हेड में अपनी जाति के महापुरुषों के चित्रों को लगाने का फैशन बढ़ा है। सरकारों के बदलने पर अपनी जाति वर्ग के विचारों वाले महापुरुषों व्यक्तियों की मूर्तियां लगाने, पार्क बनाने का काम पहले से ही जोरों पर है। इसमें खास बात यह है कि यह मूर्तियां लगाने और पार्क बनाने का काम जनता के धन से ही बड़ी सरलता से संपन्न होता है।

देश में लोकसभा चुनाव का तापमान मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। गांव-गांव, नगर-नगर जातियों के नेता सक्रिय हैं। दलों के प्रभारी भी जाति देखकर राष्ट्रीय, प्रदेशीय व जनपदों में बनाए जा जाते हैं। टिकट बंटवारे में राजनीति का मूल तत्व जाति ही है। आज जाति, धर्म, पंथ सर्वोच्च विषय लेकर लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। यह आहत करने वाली बात है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## सबीं कमाणा खेतां


रवींद्र कुमार शर्मा
घुमारवीं, बिलासपुर

*किता ते मिलणा आटा*
*जे खेतें छल्लियां कणक नी बाहंगे*
*जे करसाण छड़ी देओ करसाणी*
*तां दसो सब क्या खांहगे*
*करसाणा गे तां हुंदा नाज पेड़ूए भरिरा*
*तालूं जे जरूरत पई प्याहंगा कने खांहगा*
*पर सैजे लफाफेयां च ई ल्यौंदे रोज*
*सै माहणु किता जो जाहंगा*
*डोहरू थोड़े पावें ज्यादा ए*
*अपणेयां डोहरुआं च थोड़ा थोड़ा कमाओ*
*बजुरगें बड़िया मेहनती ने वाड़िरे*
*इन्हांजो खिल्ला नी पाओ*
*मोटा नाज पहले बौहत थे बाहंदे*
*मंडला री रोटियां रोज थे बणांदे*
*बेरड़े री बणिरी पणचोकी रोटी*
*सारा टब्बर स्वादा ने थे खांदे*
*फ्री री चाहंदे हुण ख्यो कोई नी लांदा*
*डोहरू पाए उज्जड़ कोई नी कमाणा चाहंदा*
*जे आया कोरोना तां सबीं कमाणा खेतें*
*मिलणा तिसजो सब कुछ सै जे खेतां बाहंगा।*

# भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में हो रहा विकसित

वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के व्यापक परिदृश्य में भारत अपने तेज विकास और नई ऊंचाइयों को छूने के निरंतर संकल्प के लिए कार्यरत है। भारतीय संस्कृति की एक लंबी परंपरा है और 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ9 भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित हो रहा है, जो लगातार दुनिया भर में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है। इसमें एक विशाल, युवा आबादी के साथ-साथ एक खुली, लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली भी है। यह वर्तमान में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पीपीपी) है और वैश्विक आर्थिक विकास में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, फिर भी अभी महत्वपूर्ण अप्रयुक्त क्षमता है। दुनिया की आबादी के छठे हिस्से से अधिक के साथ भारत वैश्विक उत्पादन का बमुश्किल 7 फीसदी हिस्सा है।


लेखक : पंकज जगन्नाथ जयस्वाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों का उसके वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक महत्व पर जबरदस्त प्रभाव पड़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2035 तक एशिया की ओर अधिक से अधिक झुकने की उम्मीद है, क्योंकि भारत, चीन और आसियान देश धीमी गति से बढ़ने वाली उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ तालमेल बिठा लेंगे। 6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ भी, भारत की अर्थव्यवस्था 2017 की तुलना में दोगुनी से अधिक बड़ी होगी। क्रय शक्ति समता के संदर्भ में, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2016 में 7 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर लाएगी।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जापान जैसे प्रमुख देशों से अधिक है। भारत एकमात्र एशियाई अर्थव्यवस्था है, जिसने महामारी शुरू होने के बाद से अपने निवेश से जीडीपी अनुपात में वृद्धि की है। आयात पर इसकी निर्भरता भी कम हो गई है, क्योंकि प्रेषण में वृद्धि हुई है और वैश्विक क्षमता केंद्र उभरे हैं, जो व्यापार प्रक्रिया आउटसोर्सिंग में भारत की पिछली सफलता पर आधारित है। 2022 से धन प्रेषण की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बंद अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के बजाय, जो कभी भारत को परिभाषित करती थी, आज अर्थव्यवस्था चीन की तुलना में अधिक खुली है और विकास के समान स्तर पर है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# टीबी से निजात मिलना समय की आवश्यकता

टीबी (क्षय रोग) उन्मूलन कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश को देश भर में बहेतरीन राज्य आंका जाना यहां की जनता का जागरूक होना और प्रदेश सरकार की कुशल कार्यप्रणाली का नतीजा है। स्कूल स्तर पर ही छात्रों के स्वास्थ्य की जांच किया जाना एक बेहतरीन पहल है। टीबी एक ऐसी भयानक बीमारी है, जो दीमक की तरह इंसान को अंदर से खोखला कर देती है। यह बीमारी संक्रमण से फैलती है, इसलिए सावधानी बरतना ही सर्वहित में जरूरी है। सदियों पहले टीबी बीमारी के लक्षण मिस्र के एक व्यक्ति में पाए जाने की पुष्टि हुई थी। आज यह भारत के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है।

टीबी से पीड़ित मरीज के लक्षण शरीर का बजन अचानक घटना, बुखार से ग्रसित रहना, भूख न लगना, कंधों, पसलियों में दर्द रहना और रात को सोते समय पसीना आना मुख्य हैं। बदलते सामाजिक परिवेश के चलते इंसान इतना व्यस्त हो चुका कि अपना खानपान सही नहीं रख पा रहा है। इंसान जब कमजोर हो जाए तो उसमें टीबी जैसी कई दूसरी बीमारियों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। एकमात्र यह भी बहुत बड़ा कारण है कि ज्यादातर लोग कई बीमारियों का शिकार होकर अस्पतालों की कतारों में खड़े मिल रहे हैं। कल तक कहा जाता था कि शराब पीने, तंबाकू खाने और दूसरे नशों के सेवन से टीबी की बीमारी हो रही है। सच्चाई तो यह है कि टीबी ने नन्हें बच्चों और महिलाओं तक को भी नहीं छोड़ा है, मगर इस बीमारी के फैलने के बहुत से और भी कारण भी हो सकते हैं। इंसान के शरीर में सबसे ज्यादा बेक्टीरिया मांसाहारी खाना खाने से आता है और अक्सर इस बारे जनता को स्वास्थ्य विभाग जागरूक भी करता आया है। नॉन वेज के अलावा जो सब्जियां और फल मार्केट से लेकर खा रहे हैं, उस पर भी गौर करना आज के समय की जरूरत है। बाजारों में बकरे का मीट ज्यादातर बिना जांच के बेचा जा रहा है, जिनमें भी संक्रमण रोग पाया जाता है और उसकी हड्डियां अक्सर कई तरह की बीमारियों से ग्रसित रहती हैं। समय के अभाव के चलते लोगों ने अब डिब्बा बंद चीजों का उपयोग करना ज्यादा शुरू कर रखा है। सालों से बंद डिब्बे में पैक हुई चीजें खाने से एक इंसान क्या अपनी सेहत बरकरार रख सकता है, शायद नहीं?


लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

ज्यादातर किसान सब्जियों और फलों पर जहरीली दवाइयों और कीटनाशक स्प्रे का उपयोग आंखें बंद करके ज्यादा मुनाफा कमाने की सोच में डूबे हुए हैं। सब्जी मंडियों में ऐसी सब्जियां और फल बिना जांच के ही लोगों को खाने के लिए बाजारों में सजाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले वर्ष गली-मोहल्लों में कृषि की दवाइयां नौसिखियों की ओर से बेचने वालों पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया था, मगर सरकार की यह योजना भी सिरे चढ़ती नजर नहीं आई। पानी की सही गुणवत्ता न होने की वजह भी लोगों के शरीर में संक्रमण फैलाने का काम करती है। मौसम बदलते ही लोग बुखार, उल्टियों और दस्त से प्रभावित हो जाते हैं। शरीर के अंदर किसी इंफेक्शन को खत्म करने के लिए ज्यादा एंटीबायोटिक दवाइयां खाना भी किसी खतरे से कम नहीं है। प्रदेश की राजधानी शिमला में दूषित जल पीने से कई लोग मौत का ग्रास बन चुके हैं। अक्सर लोग बुखार से पीड़ित रहते आ रहे और इसका गंभीरता से इलाज नहीं करवाना चाहते हैं। हर साल नए नाम से किसी फ्लू का नामकरण होता आ रहा है।

सच बात तो यह है कि कहीं टीबी जैसी बीमारी को तो नहीं इस वजह से छुपाते आ रहे हैं। टीबी की बीमारी पर अंकुश पाने में भारत की सरकारें नाकाम रहती आई हैं। टीबी पर नियंत्रण न पाने की वजह से यह बीमारी अब लोगों की खानदानी (जेनेटिक) बनती जा रही है। यह एड्स और कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों के बराबर है। क्षय रोग बारे जनता को जागरूक करने के लिए चलाए गए अभियान सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह गए हैं। देश की जनता को इस छूत की बीमारी पर काबू पाना समय की मांग बन चुका है। विश्व में दस बीमारियों से मरने वाले लोगों में टीबी भी शामिल है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट अनुसार भारत में हर साल चार लाख 80 हजार लोग टीबी की बीमारी से मर रहे हैं। सरकारों के पास ऐसे मरीजों का कोई पुख्ता आंकड़ा मौजूद न होना अस्पताल प्रबंधकों, दबा विक्रेताओं की लापरवाही का नतीजा है। केंद्र सरकार को विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से इस बारे कड़ी नसीहत मिली है। इसी बजह से केंद्र की सरकार ने सन 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है।

सरकार का टीबी मुक्त अभियान बहुत ही सराहनीय है, अब इस बीमारी के पीड़ित मरीजों को महीनों आंखें बंद करके सब स्टैंडर्ड की एंटीबायोटिक दवाइयां खाने से निजात मिल सकती है। केंद्र सरकार ने हर राज्य को अधिसूचना जारी करके आगाह किया कि अब इस बीमारी को छुपाने वाले चिकित्सकों, दवा विक्रेताओं और स्वास्थ्य विभाग के उन कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी, जो मरीज को इस बीमारी बारे सही जानकारी नहीं देंगे। देश की गिनती हम लोग विकसित देशों में करते आए हैं। सच्चाई तो यह है कि विकसित देशों की श्रेणी में आने के लिए कई सदियों का इंतजार और करना पड़ सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बार-बार अपवित्र होने लगी देवभूमि की पावन धरा

धरती का स्वर्ग एवं देवभूमि से विख्यात हिमाचल प्रदेश जो यहां आने वाले पर्यटकों, आगंतुकों के लिए एक शांतिप्रिय प्रदेश की मिसाल बनकर विश्व भर में अपने भोलेपन, मासूमियत, कर्मठता और शांति के लिए पहचाना जाता था, आज चंद आसुरी प्रवृत्ति की मानसिकता वाले दैत्यों की वजह से दैत्य भूमि कहला रहा है। दूर-दूर से पर्यटक शांति एवं सुकून के दो पल बिताने के लिए हिमाचल का रुख करते थे, यहां आकर उन्हें अपार शांति और सुकून का एहसास होता था।

आज वे भी ऐसी अराजकता का माहौल देखकर यहां आने से कतराने लगे हैं। महिलाओं की सुरक्षा का दावा करने वाली सरकारें आज मौन होकर रह गई हैं। आए दिन ऐसी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है, जो हर इंसान का दिल दहला देती हैं। कभी-कभी इंसान सोचने पर मजबूर हो जाता है कि एक इंसान इतनी हैवानियत पर कैसे उतारू हो सकता है।

पालमपुर में हुई इस भयावह घटना ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी हैं। युवती पर हुए इस दर्दनाक हमले से हर किसी का दिल दहल उठा है। दराट से लहूलुहान छात्रा को बचाने की बजाय लोग वीडियो बना रहे थे। यह कहां की इंसानियत है? इंसान इतना संवेदनहीन कैसे हो सकता है? कुछ जिंदादिल लोगों की मदद से उस बच्ची को बचाया जा सका। ऐसे कितने ही अपराधिक मामले नित्य प्रतिदिन हम अखबारों में पढ़ते हैं, जिन्हें पढ़कर महिलाएं व बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस करने लगती हैं। इस तरह की घटनाएं अन्य राज्यों में तो देखने को मिलती थीं, लेकिन अब देवभूमि कहलाने वाली हिमाचल की धरती भी इन कुकृत्यों से शर्मसार है। पहले समय के लोगों और वर्तमान पीढ़ी में काफी हद तक अंतर देखने को मिल रहा है।


लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

भावी पीढ़ी की मानसिकता दिन प्रतिदिन धैर्यहीन,असहिष्णु और नशे के जाल में उलझ कर रह गई है। यह सब बदलते सामाजिक परिवेश, संस्कार विहीन समाज, रातोंरात अमीर बनने की उत्कंठा की उपज है, जिससे युवा वर्ग दिन-प्रतिदिन धैर्यहीन होता जा रहा है। दूसरी ओर इंटरनेट पर उपलब्ध वेबसीरीज में दिखाई जाने वाली बर्बरता, अंधाधुंध नशा और हिंसा से भी युवा वर्ग का मानसिक स्तर गिरने लगा है। बेरोजगारी, नशाखोरी की वजह से कुछ युवा वर्ग अपने लक्ष्य से भटक चुका है। पहले खेतीबाड़ी, स्वरोजगार पैतृक पेशे में भी युवा वर्ग हाथ बंटाता था, लेकिन अब सोशल मीडिया के प्रभाव में आकर अपना भविष्य तहस-नहस कर रहा है।

आज का युवा कल का जिम्मेदार नागरिक बनेगा, इसके लिए उसका मानसिक विकास, पालन पोषण, नैतिक शिक्षा के लिए घर परिवार, स्कूल एवं समाज में बेहतरीन एवं संस्कार युक्त वातावरण तैयार करना माता-पिता तथा समाज का दायित्व बनता है। यदि हम बच्चों को नैतिकता से पूर्ण माहौल तथा आदर्श नागरिक बनाने में नाकामयाब रहते हैं, तो वह सरलता से अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देंगे। पालमपुर जैसी घटना युवाओं में बढ़ती निराशा, हताशा और कुंठा की ओर इशारा करती है। युवाओं को समझना होगा कि वे अपने भविष्य के इन अनमोल क्षणों को किसी अपराध, नशे या किसी बुरे कार्यों पर बर्बाद न करें।

हिमाचल में बढ़ती हैवानियत, दरिंदगी की इन खूनी झड़पों, नशा तस्करी और धोखाधड़ी की बढ़ोतरी होना इसके सुनहरे भविष्य पर भी प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। आए दिन इन घटनाओं से हिमाचल की छवि बिगड़ती जा रही है, जिसका पर्यटन तथा अन्य व्यवसायों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था पटरी पर लाने के लिए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा अशांति फैलाने वाले अराजक तत्वों को सख्त से सख्त सजा दिलानी चाहिए, ताकि अन्य शरारती तत्वों को भी सबक देखने को मिले। इन्हें कठोर से कठोर दंड दिया जाए, ताकि भविष्य से कोई भी ऐसी वारदात को अंजाम देने की हिम्मत न कर सके।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**वर्तमान** समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है, जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं।

आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। भारत को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सबसे पहले एक सुस्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति को सुपरिभाषित करना होगा। इसके साथ ही एक अलग मंत्रालय के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के मंत्रालय की स्थापना और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रशासनिक सेवा नाम से एक केंद्रीय सेवा की स्थापना करनी चाहिए। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के संबंध में नीति निर्माण संबंधी स्पष्टता के साथ ही प्रभावी क्रियान्वयन की सुनिश्चितता भी संभव होगी।

**-मीनाक्षी शर्मा, नगरोटा**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एक साल से बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

तहसील होली के ग्राम पंचायत नयागां के करीब आधा दर्जन गांव में पिछले एक सालों से बिजली की आंख मिचौनी लगातार चली हुई है। विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते यहां के लोगों को अधिकतर राते अंधेरे में ही काटनी पड़ रही है।

जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत नयाग्रां की गांव सुरेही, उरना, तोघी और चुनेड़ में बिजली पिछले एक सालों से महीने में पांच दिन बिजली आ रही है और 25 दिन बिजली गायब रह रही है, जिस कारण लोगों को यहां पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस बारे में विभाग के पास कई बार प्रधान द्वारा लिखित व मौखिक शिकायतें भी की गई है, लेकिन अभी तक समस्या का हल नहीं हो पाया है। हैरानी की बात है कि यहां पर बिजली की तारों को सेब के पौधे व देदार और चील के पौधों से बांधकर सप्लाई दी जा रही है। जो हल्की सी हवा व बारिश होने के बाद बिजली आए दिन गुल हो रही है।


पेड़ों पर लटकी हुई बिजली की तारें। जिससे समस्या आ रही है।

## अभी तक विभाग नहीं कर पाया समस्या का समाधान

**प्रधान** ग्राम पंचायत नयाग्रां अशोक राजपूत ने कहा कि वह इस समस्या को लेकर कई बार विभाग व प्रशासन को लिखित व मौखिक रूप से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन हैरानी की बात है कि अभी तक विभाग इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर पाया है। उन्होंने कहा कि इन गांवों के लिए बिजली की तारे पौधों के सहारे बांधकर सप्लाई दी गई है। उन्होंने प्रशासन व विभाग से इस समस्या का जल्द से जल्द स्थाई समाधान करने का आह्वान किया है।

## पढ़ाई हो रही प्रभावित

बिजली गुल रहने के चलते बच्चे रात को अपनी पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। यही नहीं आए दिन बिजली की आंख मिचोनी के चलते यहां के लोग अपने मोबाइल की बैटरी वह टेलीविजन तक भी नहीं देख पा रहे हैं। अतिदुर्गम क्षेत्र होने पर बिजली की बत्ती गुल रहने के चलते लोग काफी परेशान दिख रहे हैं। लोगों को बिजली जैसी मूलभुत सुविधा के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> इस बारे में जानकारी नहीं है अगर ऐसी समस्या है तो संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को इस समस्या का तुरंत हल करने के लिए कह दिया जाएगा।
> **-प्रवेश कुमार, अधिशासी अभियंता बिजली बोर्ड।**

# समोट बस अड्डे पर शौचालय न होने से आ रही दिक्कत

**चुवाड़ी ।** भटियात क्षेत्र के समोट बस अड्डे पर शौचालय नहीं होने के चलते यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समोट के स्थानीय निवासियों में सोनू वर्मा, पंकज महाजन, रोहित जरयाल, सुमन कौशल, अमित कुमार, कमल, मदन लाल के साथ वीरभान ने बताया कि समोट में शौचालय न होने के चलते यहां के लोगों के साथ यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन से बार-बार मांग करने के बावजूद भी यहां पर शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया है। लोगों को पेश आ रही दिक्कतों से निजात दिलाने के लिए स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द समोट में शौचालय का निर्माण करवाया जाए।

# चरड़ा बस स्टैंड का हैंडपंप खराब, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह विस की पंचायत चरड़ा के बस स्टैंड में लगा हैंडपंप पिछले दो वर्ष से खराब पड़ा हुआ है। जिसके चलते तीन पंचायतों के बांशिदों को पानी के लिए दर दर की ठोकरे खानी पड़ रही है।

इतना ही नहीं, बल्कि तीन पंचायतों के बांशिदों को मजबूर होकर नाले का गंदा पानी पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के बारे में कई बार आईपीएच विभाग को अवगत करवा चुके है, लेकिन आईपीएच विभाग है जो कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। हैंडपंप खराब होने की सूरत में तीन पंचायतों के ग्रामीणों में आईपीएच विभाग के खिलाफ काफी रोष है।

बतातें चलें कि उपमंडल तीसा की तीन पंचायतों में चांजू, चरड़ा व देहरा के सैंकड़ों लोगों को पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। चरड़ा बस स्टैंड में लगा हैंडपंप से पिछले दो वर्ष से पानी की एक बूंद भी नहीं टपकी है। ग्रामीणों में कासिम, प्रकाश, देसराज, लेखराज, देव व्यास, कर्ण सिंह, अनूप, टेकचंद, सोहिल खान, राजवलि व राम लाल नुरंध, आदि का कहना है कि चरड़ा बस स्टैंड में बना हैंडपंप खराब पड़ा हुआ है।

ग्रामीणों ने प्राथमिकता के आधार पर आईपीएच विभाग से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द खराब पड़े हैंडपंप को दुरुस्त किया जाए, ताकि ग्रामीणों को पानी के लिए दर दर की ठोकरें नहीं खानी पड़े।

# भटियात की सड़कों की सुधारी जाए हालत : ग्रामीण

**चुवाड़ी ।** सिहुंता उपमंडल की सड़कों की हालत दयनीय है। आजादी के बाद बनी सर्वप्रथम शाहपुर-बकलोह सड़क वाया लाहड़ू की हालत आज सिहुंता से लेकर बकलोह तक बदहाली के आंसू बहा रही है। गौर हो कि जिला चंबा को भटियात क्षेत्र से जोड़ने वाली पहली सड़क को डब्बललेन करने का कार्य जो कि कई वर्षों से शुरू वह आज जिला चंबा के पिछड़ेपन होने की दास्तां को ब्यां करता है। उसके पश्चात पातका-चुवाड़ी वाया रायपुर, द्रम्मनाला-चुवाड़ी वाया मोतला-खरगट-टिकरी सड़कों का निर्माण हुआ। द्रम्मनाला-मोतला-टिकरी-समोट तक मार्ग इतना तंग है कि सवारी से भारी बसों को चलाना चालकों के लिए मुसीबत बन कर रह गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### 84 व्यापार मंडल भरमौर की बैठक आयोजित

**भरमौर ।** 84 व्यापार मंडल भरमौर की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन शनिवार दोपहर 12 बजे चौरासी होटल भरमौर में किया जा रहा है। व्यापार मंडल भरमौर के प्रधान रंजीत शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया की कार्यकारिणी के सदस्य इसमें अवश्य भाग लें। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### जंदरोंग पंचायत में मतदान को लेकर लोगों में उत्साह



**चुवाड़ी।** स्वीप टीम भट्टियात द्वारा मिशन 414 के तहत आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वीप टीम ने नोडल अधिकारी डॉ. आकाशदीप शर्मा के नेतृत्व में जंदरोंग पंचायत का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जंदरोंग पंचायत में स्वीप टीम ने हस्ताक्षर अभियान व जागरूकता शिविर का आयोजन किया। भट्टियात के एसडीएम पारस अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद दिया तथा अपने आसपास के लोगों को मतदान बारे जागरूक करने का संदेश दिया।

### कार्यक्रम में छात्राओं ने डाली नाटी


कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास तीसा में कार्यक्रम के दौरान नाटी पेश करती छात्राएं।

# पटवारी देंगे जनकल्याण योजनाओं में योगदान

**आरके रांगड़ा, चंबा**

मूलभूत सुविधाओं में सड़क व पेयजल मुख्य रूप से शामिल हैं। इन योजनाओं को जिला प्रशासन व संबंधी विभाग जनता तक पहुंचाने के तमाम प्रयास करते हैं। मगर योजना संबंधी क्षेत्र भूमियों व अन्य कई महत्वपूर्ण बातों के विवरण अभाव के चलते पूरी नहीं हो पाती हैं। इस समस्या का विभाग ने हल निकालते हुए हर सड़क व पेयजल योजना में पटवारियों की भागेदारी सुनिश्चित की गई है। जिसके चलते अब पटवारी राजस्व कार्यो सहित जनकल्याण योजनाओं पर कार्य करेंगे।

गौर हो कि राज्यभर में अधिकांश योजनाएं स्वीकृति के बाद भी अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण शुरू नहीं हो पाती हैं।

इसी प्रक्रिया की फेर में जिला चंबा में कई सड़कें व पेयजल योजनाएं अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वीकृति के इंतजार में हैं। ऐसी अन्य योजनाओं पर विभागीय अधिकारियों द्वारा मंथन के बाद पाया कि योजनाओं की औपचारिकताओं में भूमि विवरण व क्षेत्र ओपन, रिर्जव रिपोर्ट आने संबंधी में अधिक विलंब हो जाता है। जिसको सरल बनाने के लिए जिला में एक जनकल्याण योजनाओं से जुड़े विभागों के अधिकारियों द्वारा अधिकारिक बैठक में प्रस्ताव पारित कर भूमि संबंधी योजनाओं में पटवारी की भागेदारी सुनिश्चित किये जाने का प्रस्ताव तैयार प्रेषित किया गया। शेष औपचारिकताओं के पूर्ण होते ही पटवारी भी हर जनकल्याण योजना में अहम कड़ी की भूमि निर्वाह करते नजर आएंगे।

> भूमि संबंधी जनकल्याण योजनाओं में पटवारी पदाधिकारियों की भागेदारी सुनिश्चित करने की चर्चा अवश्य सुनने को आई थी। मगर अभी कोई अधिसूचना प्रशासन अथवा राजस्व विभाग को प्राप्त नहीं हुई हैं। सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को रफ्तार मिलेगी।
> **-अरुण शर्मा, एसडीएम चंबा।**

# चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत खराब

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर बालू से द्रहड़ा तक गड्ढों की भरमार होने के कारण वाहन चालकों को परेशान होना पड़ रहा है। यहां पर वाहनों की आवाजाही अधिक होने के बावजूद एनएच प्राधिकरण इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

हल्की सी बारिश होते ही गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे हादसे का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों पवन कुमार, अशोक कुमार, राजेंद्र सिंह, बबलू का कहना है कि एनएच अथॉरिटी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। हालांकि गत वर्ष से ही चंबा-पठानकोट मार्ग को एनएच ने अधिग्रहण कर लिया है, मगर इसके बावजूद भी बालू पुल से लेकर द्रहड़ा तक मार्ग की हालत काफी खस्ता हो चुकी है। लोगों ने मांग की है कि जल्द सड़क की हालत को सुधारा जाए।

# बुराड़ी मेले में लोक नृत्य से मतदाता किए जागरूक

**पधर ।** आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा ने बताया की द्रंग विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टाण्डु के दो दिवसीय बुराड़ी मेले में लोक नृत्य के द्वारा शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित के लिए विभिन्न महिला मंडल ,स्वयं सहायता समूह मेले में आए हुए देवताओं के साथ देवलु और स्थानीय जनता को देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने-अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# बड़ग्राम में पुल का निर्माण न होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के ग्राम पंचायत बड़ग्राम में पलानी पुल का निर्माण न होने के चलते ग्रामीणों ने एक बार फिर से प्रशासन और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विभाग द्वारा 25 तारीख तक पुल के काम शुरू करने की नियत खत्म होने पर ग्रामीणों ने पुल की साइट पर इकट्ठा होकर आगे की रणनीति बनाई है। हालांकि कुछ दिन पहले पीडब्ल्यूडी विभाग के आला अधिकारीयों ने यहां पर जाकर 25 तारीख तक पुल के काम शुरू करने का आश्वासन लोगों को दिया था, लेकिन 25 तारीख भी जाने के बाद लोगों ने अब पूरी तरह से महिला मंडल सहित लोकसभा के चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। सड़क व पुल न होने के चलते अब तक यहां पर 50 से अधिक मौतें दुर्घटना में हो चुकी है। हालांकि अधिशासी अभियंता मीत शर्मा ने अगले तीन दिनों की भीतर यहां पर पुल का स्ट्रक्चर पहुंचने की बात कही है।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव ने बनीखेत में मांगे वोट

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

कांगड़ा चंबा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ राजीव भारद्वाज ने बनीखेत पहुंचने पर जहां स्थानीय कार्यकर्ताओं समर्थकों एवं आम लोगों से रूबरू हुए तो वहीं बनीखेत के बस अड्डा बाजार से मुख्य बाजार होते हुए बनीखेत के पद्दर बाजार के छोटे बड़े व्यापारियों रेडी-फड़ी वाले दुकानदारों से आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा को मजबूत बनाने एवं तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने हेतु कीमती वोट मांगे। तो वहीं भुरू नाग देवता मंदिर में पूजा अर्चना कर शीश नवाकर भुरु नाग देवता का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।


लोगों से वोट मांगने के दौरान डॉ. राजीव व अन्य।

बताते चलें डॉक्टर राजीव भारद्वाज कांगड़ा चंबा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी हैं उनके इस चुनावी अभियान में स्थानीय विधायक डीएस ठाकुर, जिला परिषद पवन टंडन प्रधान अरुण राणा के इलावा कई स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका तीसा में कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, तीसा**

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास तीसा में, समग्र शिक्षा में स्टार प्रोजेक्ट के अंतर्गत छात्रावास के बालिकाओं के लिए फैसिलिटेशन एवं रीवार्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में एसडीएम तीसा शशि पाल शर्मा मुख्यातिथि व जिला छात्रावास समन्वयक डॉ. कविता बिजलवान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मुख्य अतिथि ने दी प्रजनन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर छात्रावास की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया जिसमें पंजाबी गिद्दा, चुराई नाटी , भाषण प्रतियोगिता, डांडिया डांस , कुलवी नाटी, शिमला नाटी, चंबा नाटी इत्यादि की प्रस्तुति दी गई ।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद एसडीएम व अन्य।

इस अवसर पर मैहला छात्रावास की वार्डन रोहिणी शर्मा, बघेईगढ़ से प्रेमलता कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की बालिकाएं व अभिभावकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की।

छात्रावास में पढ़ रही बालिकाओं तथा छात्रावास से पढ़ कर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही लड़कियों के लिए पारितोषिक भी वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम में बालिकाओं के साथ-साथ अभिभावकों में भी एक विशेष प्रकार का उत्साह दिखा , इस समारोह में जैन सिंचाई विभाग से सहायक अभियंता लखविंद्र सिंह एवं कनिष्क अभियंता भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जो किस समय-समय पर छात्रावास में अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

# छात्रों ने चुनावी संगीत से मतदाताओं को किया जागरूक



जागरूकता कैंप के दौरान मौजूद स्कूली बच्चे व अन्य।

**आजम डार, तीसा**

विधानसभा क्षेत्र चुराह के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी लोकसभा चुनावों के तहत कम प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों में जाकर मतदान के लिए जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। एसडीएम चुराह शशि पाल शर्मा ने बताया की इस कड़ी में शुक्रवार को स्वीप टीम द्वारा अलग-अलग बूथों पर मतदाताओं के साथ बैठक कर उनके साथ बातचीत की। स्वीप टीम द्वारा मतदाताओं से लोकसभा चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने को कहा गया।

निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे मिशन 414 के तहत 68 देहरा मतदान केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। साथ ही तीसा में वाहन चालन टेस्ट के दौरान स्थानीय कॉलेज के छात्रों ने चुनावी संगीत से मतदाताओं को जागरूक किया।

# भरमौर में पहली चुनावी रिहर्सल संपन्न

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के सफल संचालन के दृष्टिगत भरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहत पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए पहला मतदान पूर्वाभ्यास कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय भरमौर के नवनिर्मित भवन में आयोजित किया गया। पूर्वाभ्यास का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में किया गया।


जानकारी हासिल करते हुए कर्मचारी।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त चंबा ने अपने संबोधन में बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 26 के प्रावधानों के अनुसार नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी आयोग के नियंत्रण व निगरानी में काम करेंगे। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे चुनावी रिहर्सल के दौरान दी जानी वाली व्यवहारिक जानकारी को बखूवी ग्रहण करें तथा चुनावों से संबंधित अपनी ड्यूटी को पूर्ण लगन व निष्ठा से निभाएं।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान द्वारा मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई गई जो कि राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर भी रहे हैं।

इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 113 मतदान केंद्रों में एक जून को मतदान करवाया जाएगा जिनमें से दो मतदान केंद्र महिला कर्मचारियों द्वारा, एक मतदान केंद्र युवा कर्मचारियों व एक मतदान केंद्र दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में गोपाल चौहान ईवीएम नोडल ऑफिसर व उनकी टीम द्वारा प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का प्रावधान भी किया गया।

## सूडोकु 0045 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0044 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की हुई समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की विशेष मासिक समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कपिल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से विश्व स्वास्थ्य संगठन की सलाहकार राज्य अतिथि के रूप में डॉ. आत्मिका ने शिरकत की।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त बनाना है। इसके अतिरिक्त टीबी रोगियों के प्रति समाज में भेदभाव तथा कलंक को मिटाना और टीबी को खत्म करने के प्रति सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना है।


बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ चंबा डॉ. कपिल शर्मा।

वहीं जिला टी बी अधिकारी डॉ. हरित पूरी ने बताया की बैठक में जिले के हर टीबी रोगी के परिणाम में सुधार के लिए टीबी केस अधिसूचना और अन्य संकेतकों पर समीक्षा की गई। अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# मतदान संवैधानिक अधिकार ही नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य

**अनंत ज्ञान, पधर**

निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि सरकार चुनने में मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार ही नहीं है बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। उन्होंने आगामी 1 जून को अधिक से अधिक मतदाताओं से मतदान करने का भी आह्वान किया है ताकि द्रंग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मत प्रतिशत गत लोकसभा चुनाव के मुकाबले बढ़ सके।

आज मतदाता जागरूकता को लेकर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत आज चौहार घाटी के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्वाड और सुधार में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्कूल में बच्चों के लिए नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। ऐसे में सभी युवा मतदाताओं से भारी संख्या में मतदान में भाग लेने का आह्वान किया।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

**बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम**

## आज का पंचांग

**27 अप्रैल, 2024, शनिवार**

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** तृतीया: (8:20) : **नक्षत्र :** ज्येष्ठा (4:28), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** परिघ(03:22) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:52-12:45), **राहुकाल** (9:01 -10:40)।

## विशेष दिन

- 27 अप्रैल 2024 : संकष्ठी चतुर्थी आज।
- 28 अप्रैल 2024 : सती अनुसूया जयंती कल।

**मेष :** वाणी से लोग प्रभावित होंगे। नकारात्मक विचार आने से मन उदास रहेगा। वाहन का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें। नौकरी में प्रमोशन होने से तरक्की संभव है।

**वृषभ:** स्वार्थी लोगों से दूर रहें। शत्रु पराजित होंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करें। वाणी पर संयम रखें अन्यथा किसी को इससे ठेस पहुंचेगी।

**मिथुन :** पारिवारिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे। पिछले अनुभव से सबक लेकर आगे बढ़े, सफलता मिलेगी प्रियजन से मुलाकात होगी।

**कर्क :** प्रभावशाली लोगों से संपर्क का लाभ मिलेगा।सहज व्यवहार विरोधियों को भी मित्र बना सकता है। खर्च परेशानी में डाल सकता है।

**सिंह :** राजकीय मामलों में सफलता मिलेगी। भाग्योदय संभव है। धार्मिक यात्रा की रूपरेखा बनेगी। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** अटके काम पूरे होंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहे हैं। बातचीत में नरमी बरतें। विवादस्पद मामले सुलझेंगे। राजकीय मामले पक्ष में हल होंगे।

**तुला:** झुकाव आज कुछ हद तक आध्यात्मिकता की और रहेगा। धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं। आप आज ऊर्जा से भरे हैं।

**वृश्चिक:** जीवन में एक नई ऊर्जा का प्रवेश होगा। खुद को शांत रख पाने की किसी क्रिया के साथ दिन की शुरुआत करें। जीवनसाथी से मधुरता का भाव रहेगा।

**धनु :** किसी खास से कुछ मिल सकता है। सामूहिक कार्यों में सब की सलाह से आगे बढना लाभदायक रहेगा। धैर्य से काम लें।

**मकर :** दिन बहुत अच्छा है। आज आप किसी नए प्रोजक्ट में भागीदार बन सकते है और वहां से आपको नही उपलब्धिया प्राप्त होंगी।

**कुंभ :** नए आयाम मिलने वाले है। साथ ही साथ आज आपको आपका कोई पुराना मित्र या फिर रिश्तेदार मिल सकता है। आज पहले से कुछ ज्यादा अच्छा महसूस करेंगे।

**मीन:** लम्बी यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप अपने काम में पूरी तरह से खरे उतरेंगे। पारिवारिक आयोजनों में व्यस्त रहेंगे।

**समस्या** | पहाड़ दरकने से पेश आई समस्या, लोगों की परेशानियां बढ़ीं

# खड़ामुख-होली मार्ग 11 दिन बाद भी बहाल नहीं

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

खड़ामुख-होली मार्ग भूस्खलन से 11 दिन बाद भी यातायात के लिए बहाल नहीं हो पाया है। पहाड़ दरकने के चलते यह समस्या पेश हो रही है। ऐसे में होली उपमंडल और भरमौर प्रशासन ने लोगों की सहूलियत के लिए पहाड़ी से एक पैदल आवाजाही का रास्ता तैयार करवाया है, लेकिन, खड़ी चढ़ाई वाला यह पैदल रास्ता अब लोगों की दुश्वारियां बढ़ा रहा है।

पैदल आवाजाही करने वाले लोगों को पीने तक का पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों में हाकम चंद, नरेश कुमार, दलीप कुमार, किशन चंद, अशोक कुमार ने बताया कि खड़ामुख-होली मार्ग यातायात के लिए अभी तक बहाल नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने प्राथमिकता के आधार पर मार्ग को यातायात के लिए बहाल करने की मांग उठाई है।


जान जोखिम में डालकर रास्ते से पैदल गुजरते हुए लोग।

उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मीत शर्मा ने बताया कि लोगों की सहूलियत के लिए मार्ग से मलबा हटाने का क्रम जारी है। ग्रामीणों की आवाजाही के लिए पैदल आवाजाही का रास्ता बनाया गया है। वहीं उपयुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल भी पहुंचे। उन्होंने मौके पर अधिकारियों से इस काम को लेकर फीडबैक ली और जल्द से जल्द इस मार्ग को बहाल करने के निर्देश भी दिए हैं।

बहरहाल पिछले 11 दिनों से तहसील होली के लगभग सभी गांव का सड़क से संपर्क पूरी तरह से कट गया है। जल्दी सड़क बोल ना होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं पर पैदल चलने वाले लोग भी काफी परेशान हो रहे हैं। मौके पर पहुंची उपायुक्त चंबा ने इसको लेकर लोक निर्माण विभाग व विद्युत कंपनी जेएसडब्ल्यू के अधिकारियों से भी बातचीत की और उन्हें जल्द से जल्द मार्ग खोलने के आदेश दिए हैं।

# मिनी दशहरा पीपल जातर के लिए सजा ढालपुर मैदान

## ढालपुर व प्रदर्शनी मैदान सहित मीना बाजार में सजने लगी दुकानें, बाहरी राज्यों के व्यापारियों ने डाला कुल्लू में डेरा, 28 से 30 अप्रैल तक मनाया जाएगा मेला

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

राज्य स्तरीय पीपल जातर मेले के लिए कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान सहित प्रदर्शनी मैदान, मीना बाजार सज गया है। 28 से 30 अप्रैल तक मनाए जाने वाले पीपल जातर मेले को लेकर जहां प्रशासन व नगर परिषद कुल्लू तैयारियों में जुटे हुए हैं। उधर, बाहरी राज्यों के व्यापारियों ने भी कुल्लू में डेरा जमा दिया है। मैदानों में डोम सहित झूले व अन्य दुकानें सजना शुरू हो गई हैं।


पीपल जातर मेले को लेकर तैयारियों में जुटे बाहरी राज्यों के व्यापारी।

इसके अलावा सड़कों पर भी बाहरी राज्यों से आए व्यापारियों ने सामान सजाना शुरू कर दिया है और शहर में अब मेले को लेकर लोगों की चहल-पहल शुरू हो गई है। रविवार को मेले के शुभारंभ के साथ ही ढालपुर मैदान में जिले सहित देश व विदेशी लोगों का हुजूम उमड़ना शुरू हो जाएगा। वहीं, मेले में तीन दिनों तक आकर्षण का केंद्र रहने वाली स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता के ऑडिशन भी पूरे हो गए हैं, जिसमें 20 प्रतिभागियों में से 15 के बीच कड़ा मुकाबला होगा और प्रतिभागी कलाकेंद्र में अपने हुस्न का जलबा बिखेरेंगी। वहीं, ऐतिहासिक लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र भी कलाकारों व दर्शकों की स्वर लहरियों से गूंज उठेगा। साल का पहला बड़ा मेला होने के कारण जहां जिलेभर के लोगों में इस मेले को लेकर काफी उत्सुकता रहती है। वहीं, देशभर से मेले में अपना लाखों रुपए का कारोबार करने आने वाले व्यापरियों को भी सालभर पीपल मेले का इंतजार होता है। कुल्लू जिले में इस मेले के बाद ही अन्य मेलों का आगाज होता है। मेले को देखने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ देश व विदेशी पर्यटक भारी संख्या में यहां पहुंचते हैं। बंजार, सैंज, भुंतर, नग्गर सहित अन्य इलाकों में भी मेले होते हैं, लेकिन उनकी शुरुआत पीपल जातर मेले के बाद ही होती है। (अनंत ज्ञान)

### दशहरा उत्सव के बाद साल का पहला बड़ा मेला

**कुल्लू** जिले में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के बाद पीपल जातर मेला ही साल का पहला बड़ा मेला होता है। इसलिए यह मेला जहां सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वहीं, व्यापारिक दृष्टि से भी खास माना जाता है। दशहरा उत्सव के बाद जिलेभर के लोग इसी मेले में खरीददारी करते हैं। यही कारण है कि इस मेले को मिनी दशहरा के नाम से भी जाना जाता है। पीपल जातर मेला दशहरा उत्सव से भी पुराना माना जाता है, यह उत्सव राजतंत्र के समय से चलता आ रहा है, पहले कुल्लू के राजा लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए यहां ढालपुर मैदान में पीपल के पेड़ के नीचे राजदरबार लगाते थे। इस राजदरबार में प्रजा की सभी समस्याओं का समाधान व निदान करने की कोशिश की जाती थी।



> नगर परिषद कुल्लू ने बसंतोत्सव पीपल जातर मेले को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर दी हैं। मेले को और आकर्षक बनाने के लिए नगर परिषद कुल्लू की तरफ से हर तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। हर बार की तरह इस बार भी अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेगी।
>
> **अभिनव शर्मा, कार्यकारी अधिकारी नप कुल्लू।**

### पीपल जातर के लिए आवंटित हुई प्लॉटों के दामों में भारी उछाल

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

पीपल जातर में लगने वाले डॉम के लिए लगी बोली ने आसमान छू लिया है, और पिछले साल के मुकाबले इस बार डॉम सहित अन्य प्लॉटों के दाम में भारी इजाफा हुआ है। एक तरफ जहां पीपल जातर की तैयारी शुरू हो चुकी हैं। वहीं दूसरी तरफ नगर परिषद ने पीपल जातर के आयोजन में कारोबार करने आए व्यापारियों के प्लॉट आवंटित कर दिए हैं। पीपल जातर के आयोजन, कार्यक्रम, स्टार नाइट के कलाकार सहित प्लॉट आवंटन के संदर्भ में नगर परिषद कुल्लू के द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन हॉट स्पाइस में किया गया। इस दौरान नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी ईओ अभिनव शर्मा ने इस बार मेले के लिए प्लॉट आवंटन को लेकर लगी बोली के बारे में बताते हुए कहा कि इस बार डॉम के लिए टैंडर किया गया और खुली बोली लगवाई गई। पिछले साल मेले में लगी बोली में डॉम 14,20,000 में जीएसटी की गई थी, जबकि इस बार एक डॉम के लिए


ढालपुर स्थित हॉट स्पाइस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते ईओ अभिनव शर्मा।

15,20,000 ओर दूसरे डॉम के 15,00,000 रुपए की जीएसटी आवंटित की गई। पिछले साल रेहड़ी फड़ी मार्केट 2,20,000 में गया था, जबकि इस बार खुली बोली में 12,39,000 की बोली लगी है। इसी तरह से जूता मार्केट पिछले साल 2,45,000 की गई थी, जबकि इस बार 9,67,600 की बोली लगी है। क्रॉकरी मार्केट के लिए पिछले साल 4,64,000 की बोली लगी थी, जबकि इस बार 5,11,500 की खुली बोली लगी है। नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी ईओ अभिनव ने बताया कि ढालपुर मैदान में अभी भी कुछ प्लॉट खाली पड़े हुए हैं, जिसके लिए दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारी नगर परिषद कुल्लू के कार्यालय में संपर्क स्थापित कर जानकारी ले सकते हैं। पीपल जातर 2024 में इस बार आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में पहली संध्या का मुख्य आकर्षण कुल्लू के लोकप्रिय गायक कलाकार ठाकुर दास राठी होंगे, जबकि दूसरी सांस्कृतिक संध्या में गोपाल शर्मा स्टार नाईट का मुख्य आकर्षण रहेंगे। इसके बाद आखिरी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय कलाकार रमेश ठाकुर स्टार नाईट का मुख्य आकर्षण होंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू अस्पताल में आज दिव्यांगता शिविर

**कुल्लू।** चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू डॉ. नरेश ने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आज यानी 27 अप्रैल को दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी अपनी सेवा देंगे। दिव्यांगता शिविर में डॉ. नेहा वर्मा व डॉ. नितीश कुमार एमडी मेडिसिन, डॉ. संतुष्ट शर्मा एमएस हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुमित वालिया व डॉ. दीपशिखा एमएस आंख, नाक, गला विशेषज्ञ डॉ. कमल दत्त एमएस शल्य चिकित्सा, एमडी बाल रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

### सोमवार को लारजी, औट में बिजली रहेगी बंद

**सैंज।** राज्य बिजली परिषद उपमंडल लारजी के तहत सोमवार को 11 केवी बिजली लाइन की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए लारजी औट व आसपास के दर्जन गांवों में प्रातः नौ से सायं छह बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली उपमंडल लारजी के सहायक अभियंता मनमोहन चंदेल ने कहा कि केवी सब स्टेशन के उचित रखरखाव एवं मरम्मत के लिए ग्राम औट, लारजी, तलाड़ा, काऊ, पंजाई के दर्जन गांवों में बिजली आपूर्ति ठप रहेगी।

### ढालपुर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की

**कुल्लू।** कुल्लू कांवेंट स्कूल ढालपुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिशु विशेषज्ञ सुशील कुमार, शालिनी बनेर एवं चिकित्सकों द्वारा किया गया। 0- 6 वर्ष तक के बच्चों का फिजिकल निरीक्षण, हाइट और अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। उनकी टीम के सहयोगी फार्मसिस्ट भूपेंद्र सिंह, महिला हेल्थ वर्कर्स ललिता महंत, आशा वर्कर्स लीना देवी आदि उपस्थित रहे।

### बशकोला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**पतलीकूहल।** शास्त्रा सोसायटी 'घुड़दौड़ द्वारा संचालित निस्वार्थ कदम (एनजीओ) के सौजन्य से नग्गर स्थित बशकोला ग्राम के छत्रसाल संस्कार केंद्र में रीमन तथा केंद्र की आचार्या अंजली के संरक्षण में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव निवासियों की सामान्य जांच की गई। गांववासियों ने शिविर की सराहना करते हुए आग्रह किया कि प्रतिमाह एक बार ऐसे शिविर का आयोजन अवश्य किया जाए।

### वीवीपैट मशीन को चलाने का दिया प्रशिक्षण

**केलांग।** लाहौल-स्पीति में लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनाव में ड्यूटी देने के लिए केलांग व स्पीति में प्रथम चरण का मतदान कर्मियों को अभ्यास करवाया गया, जिसमें पोलिंग ईवीएम और वीवीपैट मशीन को चलाने का प्रशिक्षण दिया गया और चुनाव की बारीकियों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान उन्हें मतदान के दिन किस तरह से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाना है, किस तरह से पोलिंग एजेंट्स की मौजूदगी में मॉक पोल करना है। लाहौल उपमंडल मुख्यालय केलांग में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा व स्पीति उपमंडल मुख्यालय काजा में हर्ष अमरेंद्र नेगी की मौजूदगी में पहली रिहर्सल का आयोजन किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर में जांची 300 लोगों की सेहत

**मनाली।** मनाली उपमंडल के जगतसुख में एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। मिशन अस्पताल मनाली की ओर से आयोजित निशुल्क शिविर में 300 लोगों की सेहत जांची। मिशन अस्पताल मनाली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए फिलिप व डॉ. ऐना सहित पांच से अधिक डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। कैंप में ब्लड शुगर, थायरायड, ईसीजी, फिजियोथेरेपी टेस्ट सहित, खून की जांच, आंखों की जांच व दांत की जांच की गई। सुबह ही लोगों की भीड़ उमड़नी शुरु हो गई। लोगों ने जागरूकता दिखाते हुए निशुल्क कैंप में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

## पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा बौखलाहट में : राजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा है कि पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा बौखलाहट में है। प्रदेश की 58 हजार महिलाओं को मई माह में तीन-तीन हजार की सुरक्षा पेंशन मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने प्रदेश की सभी महिलाओं को यह सुरक्षा पेंशन शुरू की थी, लेकिन भाजपा और नेता प्रतिपक्ष ने इलेक्शन कमीशन के पास शिकायत की और इलेक्शन कमीशन ने इस पर रोक लगा दी, लेकिन बाद में कांग्रेस पार्टी व सरकार ने इलेक्शन कमीशन के पास गए और गुहार लगाई कि जिन महिलाओं ने आचार संहिता से पहले फार्म भरे हैं, उन्हें यह राशि बहाल की जाए। इलेक्शन कमीशन ने सरकार को



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव किमटा व अन्य पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

यह अनुमति दे दी है। 58 हजार महिलाओं ने आचार संहिता से पहले फार्म भरे हैं, उन्हें दो महीनों के एक साथ तीन-तीन हजार मई माह में मिलेंगे।

मोदी ने दस साल पहले गारंटी दी थी, जो एक भी पूरी नहीं हुई। देश की सुरक्षा की बात कही थी। इस कार्यकाल में 40 ब्लास्ट हुए। घटने के बजाए घटनाएं बढ़ी है। वन रैंक वन पेंशन की बात कही थी, जो आज तक नहीं मिली। बल्कि सुरक्षा को कमजोर करने व युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ के लिए अग्निवीर योजना शुरू की।

मोदी ने कहा था कि किसानों की आय दुगनी की जाएगी, लेकिन किसान-बागवानों के बीज, खाद व दवाइयों की सब्सिडी बंद कर दी, जिस कारण किसान भी किसानी लगातार छोड़ रहे हैं। मोदी सरकार ने 150 लाख करोड़ कर्ज लिया है, जो आजादी के बाद सबसे अधिक है।

## दिनदहाड़े चोरी करने वाला युवक पकड़ा

**आनी।** आनी उपमंडल मुख्यालय में दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पकड़ा गया युवक नाबालिग है।

> **10 दिनों में चोरी के आए 8 से 10 मामले**

आनी में रहने वाली एक महिला प्रतिभा देवी पत्नी केहर सिंह ने पुलिस थाना आनी में 26 अप्रैल को मामला दर्ज करवाया कि 24 अप्रैल को एक युवक उनकी अनुपस्थिति में घर मे दिनदहाड़े 11 बजे घुसा और घर मे अलमारी में रखे सात हजार रुपए चुराकर फरार हो गया, लेकिन महिला की ननद ने युवक को प्रतिभा के कमरे से आते देखा और युवक को पहचान लिया था। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को महिला ने पैसे चुराने वाले युवक की पहचान की और पुलिस ने महिला की शिनाख्त पर युवक को संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर हिरासत में ले लिया। आनी में बीते करीब 10 दिनों में ही चोरी के करीब 8 से 10 मामले प्रकाश में आए हैं।

## नगवाई अस्पताल में 80 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य


चिकित्सा शिविर में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण-दो के नगवाई अस्पताल में शुक्रवार को मैक्स अस्पताल, मोहाली के सौजन्य से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

पार्वती-दो परियोजना के कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने चिकित्सा शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्मिकों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए एनएचपीसी के विकास में अपना योगदान देते रहना चाहिए। इसके लिए समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहें। परियोजना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योतिर्मय जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीरा जैन एवं मैक्स अस्पताल के डॉ. सुधीर सक्सेना, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.आरएस रॉय, यूरोलॉजिस्ट डॉ. महेश, ऑर्थोपेडिक की ओर से मरीजों की जांच की गई। शिविर में परियोजना के कर्मियों, संविदा कार्मिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में 80 मरीजों की स्वास्थ्य की जांच की गई।

## दिल्ली के 25 विशेष शिक्षकों ने किया डीईआईसी का दौरा


मनोविकास चैरिटेबल सोसायटी के शिक्षक थैरेपी सेवाओं का दौरा करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू स्थित जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र ( डीईआईसी) में मनोविकास चैरिटेबल सोसायटी के 25 विशेष शिक्षकों ने दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली थैरेपी सेवाओं का दौरा किया।

जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू एवं सांफिया फाउंडेशन का एक साझा प्रयास है, जिसके तहत दिव्यांग बच्चों को विभिन्न तरह की थैरेपी सेवाएं दी जाती हैं। मनोविकास चैरिटेबल सोसायटी के कोर्स समन्वयक संगीता ने बताया कि हमने सोशल मीडिया के माध्यम से सांफिया फाउंडेशन की गतिविधियों को देखा था और आज हमने व्यक्तिगत तौर पर डीईआईसी में दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली सेवाओं को देखा, जो कि हिमाचल जैसे पहाड़ी क्षेत्र में इस स्तर की सेवाएं देना सराहनीय कदम है। वहीं, डीईआईसी के इचार्ज एवं निदेशक सांफिया फाउंडेशन डॉ. रेखा ने शिक्षकों को डीईआईसी में दी जाने वाली सेवाओं की बारे में भ्रमण करवाया और विस्तृत जानकारी दी।

## विक्रमादित्य सिंह को जिताने का लिया प्रण

**पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा युवा कांग्रेस की बैठक गौड़ निवास कटराई में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस के मनाली ब्लॉक अध्यक्ष चमन ठाकुर ने की। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को जिताने का प्रण लिया।

वहीं, बैठक के बाद युवा कांग्रेस ने पतलीकूहल से डोर-टू-डोर प्रचार अभियान की शुरुआत की। प्रचार के दौरान बाकायदा पेपलेट बांटकर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इस प्रचार अभियान की शुरुआत के दिन मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी मौजूद रहे।

## अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लोकसभा चुनाव-2024 के तहत कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को कुल्लू कॉलेज में ईवीएम तथा वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मतदान प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों से भी अवगत करवाया गया।

सहायक रिटर्निंग आफिसर व एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी पीठासीन अधिकारियों तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को अपनी टीम सहित चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने को कहा। इस बारे अंतिम प्रशिक्षण व रिहर्सल मई माह में करवाई जाएगी। सभी अधिकारियों को निर्देश पुस्तिका भी उपलब्ध करवाई गई है तथा इसमें मतदान प्रक्रिया को लेकर सभी बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि किसी भी स्तर पर अधिकारियों के मन में किसी भी तरह का संशय नहीं रहे। उन्होंने सभी से निर्देश पुस्तिका का गहन अध्ययन करने को कहा, ताकि चुनावी प्रक्रिया को सही प्रकार से पूरा किया जा सके।



## बच्चों को बताया वोट का महत्व

**आनी।** स्कूली बच्चों द्वारा उनके परिजनों को सही मतदान के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बागीपुल में स्वीप टीम द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्वीप टीम आनी से सहायक नोडल अधिकारी मनमोहन शर्मा के अलावा स्वीप टीम के सदस्य विजय उपस्थित रहे।

मनमोहन ने सभी स्टूडेंट्स के माध्यम से उनके माता-पिता तक यह संदेश दिया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और मतदान केंद्र में मतदान करने जरूरी जाएं। नोडल अधिकारी ने छात्रों को यह शपथ दिलाई कि वे अपने परिवारजनों को प्रेरित करेंगे कि मतदान केंद्र तक अवश्य जाएं। विद्यार्थियों को बताया कि वे अपने घरों से बुजुर्गों को मतदान केंद्र तक ले जाने में भी सहायता करें।

अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

## मर्यादा में रहकर भी अपनाई जा सकती मॉडर्न विचारधारा

बदलते समय के साथ जब सब कुछ बदल रहा है, तो ऐसे में समाज में भी बहुत से बदलाव आ चुके हैं। समाज में महिलाओं की भूमिका सदियों से जैसी थी वैसी ही है और अब ये महिलाएं भी वक्त के साथ अपनी भूमिका को अपग्रेड कर रही हैं। महिलाओं के लिए अपना परिवार जितना जरूरी है, उतना ही अपना करियर भी जरूरी हो चुका है, आज की महिलाएं सशक्त हैं और आत्मनिर्भर भी हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। आज की महिला अपने भविष्य को लेकर जागरूक हैं और आज की महिला अपने करियर के साथ-साथ अपने भविष्य के प्रति भी सतर्क हैं। महिलाओं की इसी भूमिका के बारे में महिलाओं से उनके विचार को जानते हैं। -सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।

### करियर बनने से महिलाओं का बढ़ता है आत्मविश्वास



युवतियों के लिए करियर बहुत ही जरूरी है और करियर बनने से महिलाओं में प्रासंगिकता, उद्देश्य, उपलब्धि, आत्ममूल्य और आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है। यह उन्हें उनकी कला, योग्यता और अपार क्षमता के लिए पहचाने जाने का अवसर प्रदान करता है। महिलाओं को शिक्षित किया जाए, उन्हें सशक्त और समर्थ बनाया जाए तथा उन्हें समाज में अपनी बात कहने का अधिकार दें तभी वह खुलकर आगे बढ़ पाएंगी और अपनी पहचान बना पाएंगी। आज के बदलते समय में महिलाओं को मॉडर्न होने के साथ संस्कारी होना बहुत जरूरी है। मॉडर्न ख्यालात रखते हुए अपने संस्कारों को न भूलना ही हमारी ताकत बन सकती है।

**संगीता राजपूत, सुल्तानपुर जिला कुल्लू।**

### शौक के अनुसार अपने क्षेत्र का करना चाहिए चयन

युवतियों के लिए भी करियर उतना ही जरूरी है, जितना कि युवकों के लिए जरूरी है। चाहे बात आत्मसम्मान की हो या फिर परिवार को आर्थिक तौर पर सहायता की, करियर की अहमियत को नाकारा नहीं जा सकता। महिलाओं को अपनी योग्यता और अपने शौक के अनुसार महिलाओं को अपने क्षेत्र का चयन करना चाहिए। शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देना जरुरी है। सबसे जरूरी बात की मॉडर्न बनने का मतलब सिर्फ पश्चिमी सभ्यता का अंधों की तरह अनुसरण करना नहीं है। बिना संस्कारों के मॉडर्न होना ठीक बिलकुल वैसा ही है, जैसे बिना दिशा के इधर-उधर भटकते रहना। मॉर्डन होने के साथ संस्कारों और संस्कृति का संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

**रेणुका गौतम, सुल्तानपुर कुल्लू।**



### संस्कृति को साथ लेकर बढ़ना चाहिए आगे



बदलते वक्त के साथ लड़कियों के लिए आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी हो गया है। लड़कियों के लिए करियर बहुत जरूरी होता है, ताकि वे किसी और पर निर्भर न रहें और अपने माता-पिता का भी ख्याल रख सकें। महिलाओं को समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने के लिए उन्हें अपने अंदर की काबिलियत को पहचानना होगा। महिलाओं को बदलते वक्त के साथ पहनावे और रहन सहन से मॉडर्न होने की बजाए अपनी सोच से उसे मॉडर्न होना होगा। लड़कियों को मॉडर्न होने के साथ-साथ अपनी संस्कृति और संस्कार को भी साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए और मर्यादा में रह कर भी मॉडर्न विचारधारा को अपनाया जा सकता है।

**पूजा कश्यप, कुल्लू।**

### महिलाओं को अपनी सीमा खुद करनी होगी तय



महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए और समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। आज का दौर बदलाव का है और बदलते वक्त के साथ महिलाओं को खुद की अलग पहचान बनाने की दिशा में भी कार्य करते रहना होगा। आज महिलाएं अपनी काबिलियत के दम पर हर क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल हो रही हैं, इसलिए जरूरी है कि अपनी क्षमताओं को समझना और उस पर पूरी ईमानदारी से काम करना मॉर्डन होने में कोई बुराई नहीं है, मगर हम महिलाओं को अपनी सीमा खुद तय करनी होगी, मॉर्डन होकर भी हम संस्कारों को साथ लेकर आगे बढ़ सकते हैं।

**उषा शाशनी, केलांग लाहौल-स्पीति।**

# मतदाताओं को जागरूक करने निकले निर्झर

शुभम राही, बिलासपुर



वरिष्ठ लेखक व साहित्यकार रतन चंद निर्झर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य सचिव प्रमोद सक्सेना।

बिलासपुर में शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मुख्य सचिव प्रमोद सक्सेना ने वरिष्ठ लेखक व साहित्यकार रतन चंद निर्झर को हरी झंडी देकर रवाना किया।

रतन चंद निर्झर शुक्रवार से बिलासपुर के 43 पोलिंग बूथों में पैदल मार्च करते हुए लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए पैदल मार्च करते हुए जागरूक करेंगे।

स्वीप कार्यक्रम के तहत घुमारवीं और झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पैदल मार्च करते हुए प्रत्येक बूथों और डोर-टू-डोर जाकर पहली जून 2024 से पहले लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे, जिसमें वह घुमारवीं और झंडूता विस क्षेत्र को कवर करेंगे। वहीं, इस पैदल मार्च में जिला प्रशासन द्वारा तैयार किए गए बूथ लेवल ऑफिसर उनको प्रत्येक बूथों पर स्वागत भी करेंगे, जिसके बाद वह प्रत्येक बूथों पर जाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे और मतदान की इंपोटेंस को भी बताएंगे। वह झंडूता विधानसभा क्षेत्र में कुल 26 पोलिंग बूथ और घुमारवीं में 17 पोलिंग बूथों पर जागरूक करेंगे।

रतन चंद निर्झर यात्रा के दौरान सबसे पहले ऋषिकेश पंचायत पहुंचे, जहां पंचायत सचिव और बूथ लेवल अधिकारियों ने निर्झर का स्वागत किया। निर्जर अपनी यात्रा के पहले दिन तीन पोलिंग स्टेशनों का दौरा करेंगे और लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# टैंक से हो रहा पानी ओवरफ्लो, लोग तंग

## बैरी पंचायत के पास वेटरनरी अस्पताल के पास पेयजल टैंक से बह रहा व्यर्थ पानी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिले की ग्राम पंचायत बैरी में एनएच के साथ लगते वेटरनरी अस्पताल के पास पेयजल टैंक से लगातार पानी का ओवरफ्लो हो रहा है। अभी गर्मी आने के साथ ही यह संकट और अधिक गहराने लगेगा।

बैरी में बने विभाग के टैंक से पानी ओवरफ्लो होकर व्यर्थ बह रहा है। वहीं, आसपास के बाशिंदों के लिए परेशानी का सबब भी बन रहा है। लगातार हो रही इस समस्या से रास्ते में फिसलन की वजह से राहगीरों को चलना मुश्किल हो रहा है। यही नहीं जब सुबह के समय टैंक में पानी आता है, तो उस समय पानी भी अधिक मात्रा में ओवरफ्लो होता है।

इसके कारण रास्ते में फिसलन होने के कारण चलना भी मुश्किल हो रहा है। अगर यही हाल रहा तो आने वाली गर्मियों में पानी समुचित मात्रा में होने के बावजूद भी लोगों को पानी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि कई जगह लोगों को पीने को पानी नहीं मिलता। वहीं, यहां पर पानी ओवरफ्लो होने से व्यर्थ में बह रहा है। लोगों का कहना है कि इस व्यर्थ बह रहे पानी के कारण वहां बदबू और मच्छर फैलने का अंदेशा बन रहा है। शिकायत के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं की हो रही है।



बैरी में पेयजल टैंक से ओवरफ्लो होता हुआ पानी।



ओवरफ्लो होने के बाद सड़क पर व्यर्थ बहता पानी।

### जल्द होगा समस्या का हल

**उधर,** जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता सतीश शर्मा ने बताया इस मामले की जानकारी उनके ध्यान में नहीं थी। शीघ्र ही विभाग के कर्मचारियों से बात कर समस्या का हल करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगर पानी ओवरफ्लो हो रहा होगा तो इसको किसी और लाइन के जोड़ दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ऋषिकेश में जल क्रीड़ा प्रेमियों की बैठक कल

**झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत डमली के अंतर्गत ऋषिकेश में जल क्रीड़ा प्रेमियों की बैठक का आयोजन 28 अप्रैल रविवार को फोरलेन पर स्थित रेस्टोरेंट इंडियन रसोई में किया जाएगा। कहलूर एडवेंचर वाटर एंड एरो एलाइड स्पोर्ट्स सोसायटी के प्रधान सरित शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमलाल चौधरी उपाध्यक्ष अक्षरी देवी, महेंद्र सिंह, अनंतराम, महासचिव आकाश, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मुख्य सलाहकार अशोक कुमार एवं कार्यकारिणी सदस्य प्यार सिंह, गगन अग्निहोत्री ने संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कहलूर एडवेंचर वाटर एंड एरो एलाइड स्पोर्ट्स सोसायटी एवं अन्य लोकल वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सहयोग से मंडी भराड़ी फोरलेन पुल को एडवेंचर टूरिस्ट हब बनाया जाएगा। स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसी कड़ी में कहलूर एडवेंचर वाटर एंड एरो एलाइड स्पोर्ट्स सोसायटी की बैठक का आयोजन कर के कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। इच्छुक जल क्रीड़ा प्रेमी उपरोक्त बैठक में भाग लेने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### मनमोहन शुक्ल को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**बिलासपुर।** पीजीआई चंडीगढ़ के एडवांस्ड आई सेंटर में कार्यरत बिलासपुर जिला के विजयपुर गांव निवासी मनमोहन शुक्ला को हिमाचल पुलिस की ओर से प्रशस्ति पत्र (क्लास-1) से नवाजा गया है। डीजीपी संजय कुंडू ने उन्हें प्रशस्ति पत्र के साथ ही नकद धनराशि भी भेंट की। जानकारी के अनुसार डीजीपी संजय कुंडू ने हाल ही में पीजीआई चंडीगढ़ की विजिट की थी। पीजीआई के एडवांस्ड आई सेंटर में कार्यरत मनमोहन शुक्ला की कर्तव्यनिष्ठा और कार्यप्रणाली से वह बेहद प्रभावित हुए। उनकी बढ़िया सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र के साथ ही नकद धनराशि देकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में लोग बीमारी की मजबूरी की वजह से ही पहुंचते हैं। यदि वहां मदद करने वाला कोई मिल जाए तो उनकी आधी बीमारी ऐसे ही दूर हो जाती है। मनमोहन शुक्ला इसी सेवा भावना के साथ अपनी ड्यूटी दे रहे हैं। इसे देखते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे अन्य कर्मचारियों को भी अपना काम कर्तव्यनिष्ठा की भावना से करने की प्रेरणा मिलेगी।

### क्रिकेट अकादमी के लिए ट्रायल कल

**बिलासपुर।** करीब दो वर्षों के अंतराल के बाद लुहणू क्रिकेट मैदान में अकादमी के लिए ट्रायल होंगे। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोशिएशन के तत्वावधान में संचालित बिलासपुर क्रिकेट अकादमी के नए सत्र की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह जानकारी देते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ सचिव तथा बीसीसीआई सीनियर टूर्नामेंट चयन समिति सदस्य विशाल जगोता ने बताया कि 28 अप्रैल को अकादमी के नए सत्र के लिए ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कुल 80 सीटें रखी गई हैं, जिसमें 60 लड़कें और 20 लड़की खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में फ्रेशर भी आमंत्रित हैं। इसमें खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु सीमा नौ वर्ष है। जबकि अधिकतम आयु सीमा 16 साल रखी गई है। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया रविवार को सुबह नौ बजे शुरू हो जाएगी। उन्होंने इच्छुक खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों से आग्रह किया है कि यदि उनके बच्चे क्रिकेट खेल में रुचि रखते हों तो इस अवसर का लाभ उठाएं। बिलासपुर क्रिकेट सचिव विशाल जगोता ने बताया कि कोरोना काल के बाद व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए समय लगा, इसलिए दो-तीन साल के अंतराल के बाद एक बार फिर से अकादमी की गतिविधियों को सुचारु करने के लिए क्रिकेट अकादमी के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। विशाल जगोता ने बताया कि वर्ष 2009 से चल रही इस क्रिकेट अकादमी में करीब चालीस बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं।

# बिलासपुर पहुंचे मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना चुनाव कर्मियों की रिहर्सल पर ली जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



चुनाव को लेकर अधिकारियों से बैठक करते हुए मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना।

जिला बिलासपुर में विगत चुनावों के मुकाबले मत प्रतिशतता बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने लोकसभा निर्वाचन के लिए जिला में किए जा रहे हैं कार्यों की समीक्षा शुक्रवार बचत भवन में अयोजित बैठक में की।

उन्होंने कहा कि मत प्रतिशतता बढ़ाने के लिए जिला में और अधिक प्रयास किया जाए ताकि शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने जिला में मतदान प्रक्रिया में लगे अधिकारियों कर्मचारियों के प्रशिक्षण, निष्पक्ष एवं मतदान में पारदर्शिता लाने के लिए पुलिस और जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर किए जा रहे कार्यों की भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिला बिलासपुर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत युवा मतदाताओं के साथ-साथ आम मतदाताओं को भी मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### चुनाव आयोग के आदेशों का करें पालन

**मुख्य** सचिव ने अधिकारियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चत करने को कहा। उन्होंने जिले में सुरक्षा प्रबंधन, मतदान केंद्रों पर मतदाता सुविधाओं, चुनावी कर्मियों की रिहर्सल समेत चुनाव प्रबंधन से जुड़े हर पहलू पर बारीकी से जानकारी ली तथा आवश्यक मार्गदर्शन किया।

# अनुराग ठाकुर ने घेरी कांग्रेस सरकार

## तड़ौन में नुक्कड़ सभा में लिया भाग, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अनुराग ठाकुर व अन्य भाजपा नेता।

हिमाचल प्रदेश में पहली जून को सातवें और आखिरी चरण में लोकसभा के चुनाव है। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा सीटों के साथ छह विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव भी है। जबकि चार जून को मतगणना के साथ ही चुनावी परिणाम सामने आ जाएंगे।

ऐसे में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर अपने संसदीय क्षेत्र में रैलियों सहित जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान एक के बाद एक पंचायतों का दौरा कर नुक्कड़ सभाओं में भाग लिया है। वहीं, अपने दौरे के दौरान अनुराग ठाकुर ने घुमारवीं उपमंडल के तहत हमीरपुर सीमा से लगती पंचायत तड़ौन का दौरा कर नुक्कड़ सभा में भाग लेकर लोगों से वोट की अपील की है। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री राजिंद्र गर्ग भी उनके साथ मौजूद रहे। वहीं अपने दौरे के दौरान अनुराग ठाकुर ने ईवीएम व विविपैट मामले पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि विपक्ष द्वारा अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ते हुए लोगों में भ्रम फैलाने की नाकाम कोशिश में एक बार फिर विफल हुई है। साथ ही अनुराग ठाकुर ने विपक्ष से कहा कि उन्होंने चुनाव लड़ना है तो मुद्दों पर और विचारधारा पर लड़े। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। वहीं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दूसरे चरण के दौरान वायनाड में आयोजित लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हारने पर दूसरी सीट से चुनाव लड़ने का प्रयास किए जाने की बात की और प्रतिबंधित संगठनों का समर्थन लेते हुए राहुल गांधी द्वारा चुनाव लड़ने पर सवाल खड़े किए हैं।

## रौडा सेक्टर में भगवती जागरण चार मई को

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के रौडा सेक्टर में स्थित बास्केटबॉल स्टेडियम में आगामी चार मई को 14वां विशाल मां भगवती जागरण आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध गायक कमल प्रिंस, अर्जुन गोपाल, रंजना रघुवंशी व महेश बंसल महामाई का गुणगान करेंगे। इसके अलावा अमन त्रिवेदी आर्ट्स ग्रुप के कलाकार मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी देते हुए हिम युवा विकास समिति के मुख्य संरक्षक अविनाश कपूर, प्रधान तिलक राज ठाकुर व महासचिव यजुवेंद्र शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महामाई का जागरण बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इसमें तीन शक्तिपीठों मां ज्वाला जी, मां नयनादेवी जी व मां चिंतपूर्णी की अखंड ज्योतियां लाई जाएगी। मां का सुंदर व भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि इस जागरण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

# अनुराग को हराने को लगा देंगे पूरी ताकत: अनीश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय बिलासपुर में शुक्रवार को सुझाव व समाधान बैठक का आयोजन किया गया। इसमें हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पर्यवेक्षक अनीश अहम्मद व सह पर्यवेक्षक धीरज देसाई मुख्य रूप से मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान ने कांग्रेस कमेटी जिला की प्रस्तुत रिपोर्ट पेश की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनट मंत्री राजेश धर्माणी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पर्यवेक्षक अनीश अहम्मद ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है और यहां से कांग्रेस का उम्मीदवार संसद में जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संसदीय क्षेत्र की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री व मंत्री राजेश धर्माणी हैं और वह पूरी ताकत से अनुराग ठाकुर को हराने में लगे हैं। उन्होंने कहा देश में लोकतंत्र बचाने की लड़ाई चल रही है, कांग्रेस लोकतंत्र बचाना चाहती है भाजपा लोकतंत्र को मिटाना चाहती है। वर्तमान लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन जीतेगा और लोगों का जनमत कांग्रेस के साथ है। कांग्रेस ने हमेशा जनहितकारी योजनाओं पर काम किया है जबकि भाजपा तुष्टीकरण की राजनीति हमेशा करती आई है। इस बैठक में पूर्व जिला ऊना से सतपाल रायजादा, तिलक राज शर्मा, बंबर ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विकास ठाकुर, विवेक कुमार ने भाग लिया।



डंगार चौक। लखदाता वीर कुश्ती भटेड़ में अंडर 30 का समिति आयोजन किया गया। इसमें छोटे बच्चों से लेकर 25 वर्ष की आयु वाले पहलवानों ने भाग लिया। इसमें बतौर मुख्यातिथि भाजपा के नेता राजेश सिंह ठाकुर ने शिरकत की। मुख्यातिथि ने समिति को 3100 रुपए प्रोत्साहन हेतु दिए। माली विजेता को 2100 रुपए व गुर्ज, उपविजेता को 2000 रूपये व गागर, छोटी माली 1000 रुपए व गागर, उपविजेता को 800 रुपए भेंट किए।

# 350 अधिकारियों को दी ईवीएम और वीवीपैट की जानकारी



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पीठासीन अधिकारी।

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

लोकसभा चुनाव-2024 के सुचारु संचालन व मतदान प्रक्रिया को सुलभ बनाने के दृष्टिगत 47-घुमारवीं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों की पहली रिहर्सल आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं के सभागार में आयोजित की गई। इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक रिटर्निंग अधिकारी एव तहसीलदार दीना नाथ एवं इलेक्शन कानूनगो मनीषा धीमान घुमारवीं ने कि।

इस अवसर पर उपस्थित पीठासीन अधिकारियों (पीआरओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीआरओ) को मतदान प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सुचारु संचालन की विस्तृत जानकारी दी।

### कार्यक्रम में इन-इन अधिकारियों ने लिया भाग

**इस** अवसर पर नायब तहसीलदार देशराज धीमन ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से उपस्थित मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन और मतदान कर्मियों के दायित्वों व कार्यो की विस्तृत जानकारी प्रदान की। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में तहसीलदार दिना नाथ नायब तहसीलदार घुमारवीं देश राज धीमन, इलेक्शन कानूनगो मनीषा धीमान, असेंबली लेवल मास्टर, ट्रेनर एवं ईवीएम, वीवीपैट मास्टर ट्रेनर सहित कुल 350 मतदान कर्मियों ने भाग लिया।

# विधानसभा उपचुनावों को लेकर कांग्रेस पूरी तरह से तैयार: विजय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार विभाग के प्रमुख विजय पाल ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों को लेकर कांग्रेस पूरी तरह से तैयार है। इसके लिए शिमला में वॉर रूम बनाया गया है।

सभी मीडिया को-ऑर्डिनेटर सतर्क हैं। ब्लॉक स्तर पर सभी प्रत्याशी पहली मीटिंग कर चुके हैं और चारों लोकसभा क्षेत्र और विधानसभा क्षेत्रों में मंत्री व विधायक पंचायत स्तर पर जाकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार कांग्रेस द्वारा यह रणनीति तैयार की गई है कि बड़ी-बड़ी रैलियां करने के बजाय जमीन स्तर पर लोगों के बीच जाकर यह बताया जाए कि यह धन-बल बनाम जन-बल है। क्योंकि छह बागी विधायकों ने पैसे का खेल खेलकर प्रदेश के विकास में रोड़ा अटाकर कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर इस सारे खेल के लीडर थे, जिसमें वह पूरी तरह से असफल साबित हुए हैं। जयराम ठाकुर बार-बार कह रहे हैं कि कांग्रेस अपने प्रत्याशी उतारने में देरी कर रही है और कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव लड़ना नहीं चाहते। लेकिन, सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने सशक्त प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे हैं। उसमें विक्रमादित्य सिंह और सुल्तानपुरी सशक्त प्रत्याशी हैं, जो भारी मतों से जीत हासिल करेंगे।

### जल्द घोषित होंगे प्रत्याशी

**वहीं,** एक दो दिन में दो अन्य लोकसभा क्षेत्र में जल्द ही प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह साजिश थी कि कांग्रेस पार्टी को विधानसभा में अस्थिर करो, ताकि वह लोकसभा चुनाव में ध्यान न दे पाए। लेकिन अब यह उल्टा हो गया है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का 14 महीने का कार्यकाल और कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का सशक्त नेतृत्व व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तेजतर्रार व्यक्तित्व भाजपा को हराने में सक्षम है।

**दंगल** पीटी कैथल को हराकर शाहतलाई दंगल किया अपने नाम, अंडर-21 मुकाबले में पंकज बने विजेता

# घोड़ा बाबा फ्लाई पहलवान ने जीती बड़ी माली

अनंत ज्ञान, झड़ूता

अंडर-21 में कोटधार के पंकज ने रोमांचित मुकाबले में ऊना होस्टल के मोहित को पटकनी देते हुए अपने नाम खिताब किया।

जय लख दाता पीर कमेटी द्वारा शाहतलाई के दुग्ग खड्ड के साथ लगते ग्राउंड में छिंज प्रतियोगिता का महामुकाबला घोड़ा बाबा फ्लाई के नाम रहा। कमेटी द्वारा लखदाता मंदिर और गुरनाझाड़ी बाजार से होते हुए प्रात: काल शोभायात्रा ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई दर्शनीय रही। अंडर-21 विजेता पंकज कोटधार को 11 हजार और गुरज। जबकि उपविजेता मोहित ऊना होस्टल को 10 हजार राशि देकर सम्मानित किया गया। पहले अंडर-21 के लिए 15 हजार राशि रखी थी जो कि हिमाचल के पहलवानों को देखते हुए बढ़कर 21 हजार कर दी गई। छोटा माली विजेता बिल्ला कोहली को 13 हजार और गुरज और उपविजेता जग्गा अजनाला को 12 हजार राशि देकर सम्मानित किया गया। एक अन्य सीधे मुकाबले में रॉबिन कोहाली और बिल्लू होशियारपुर के बीच में जबरदस्त मुकाबला रहा जिन्हें बराबरी पर 10- 10 हजार रुपए राशि देकर सम्मानित किया गया। बड़ी माली का खिताब घोड़ा बाबा फ्लाई के नाम रहा। बड़ी माली के रोमांचित मुकाबले में विजेता घोड़ा बाबा फ्लाई को 21 हजार साथ में गुरज। जबकि उपविजेता पीटी कैथल को 20 हजार राशि देकर कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया।



विजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए मेला कमेटी के सदस्य।

### विजेता पहलवानों पर बरसे इनाम

**कमेटी** की ओर से तारा दत्त शर्मा, पवन कौशल, पृथ्वी चंद धीमान, बलदेव कुमार, शिवम चौधरी, विजय, राजकुमार, सुखदेव, जोध सिंह, पविंद्र, जगदीश, हरबंस लाल, संजीव, विकास, सुभाष, अनिल, सतीश, विशाल, सचिन, विशाल, सुनील, देशराज, पंकज, अब्दुल, रमन शर्मा, बशीर, अजय ठाकुर, काकू ठेकेदार, सुरेंद्र ताजुद्दीन, मोनू इत्यादि अन्य मान्य सदस्यों ने विजेता उपविजेताओं पहलवानों को गुरज व इनामी राशि देकर सम्मानित किया।

# पंजाब के लालड़ू एलपीजी प्लांट से लाकर हिमाचल में बेची जा रही गैस

## खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग ने जब्त किए 65 सिलेंडर, आवश्यक वस्तुएं अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**आर मोहन चौहान, सोलन**

पंजाब के लालड़ू एलपीजी प्लांट से लाकर अवैध तरीके से हिमाचल में एलपीजी सिलेंडर बेचे जाने का खुलासा हुआ है।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग जिला सोलन को इस बारे शिकायतें मिल रही थी, लेकिन प्रदेश में पहुंच रही गाड़ियों का पता नहीं चल पा रहा था। विभाग ने अपने स्तर पर पड़ताल शुरू की, तो पता चला कि पंजाब के लालड़ू से राजपुरा नालागढ़ के लिए सिलेंडर की सप्लाई भेजी गई है, जबकि राजपुरा में संबंधित गैस एजेंसी बंद हो चुकी है। सप्लाई के पहुंचने का पता लगाया गया,



खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग ने जब्त किए सिलेंडर।

लेकिन सिलेंडर से भरी गाड़ी राजपुरा नहीं पहुंची। विभाग को शक हुआ तो पता चला की गैस सिलेंडर से भरी गाड़ी को शोघी में उतारा गया है। इस पर शिमला से सोलन की तरफ आ रहे सिलेंडर से भरे ट्रक को रोका गया। छानबीन में पता चला की गाड़ी चालक ने शोधी में सिलेंडर बचे हैं, लेकिन किसे बेचे गए इसकी डिटेल नहीं दी।

इस पर विभाग ने आवश्यक वस्तुएं अधिनियम के तहत सपरून चौकी में मामला दर्ज करवाया है। गाड़ी सहित इसमें रखे सिलेंडर भी जब्त किए गए हैं। हैरानी की बात है कि गाड़ी का ई-वे बिल भी काटा गया था पर कंपनी ने इससे अपने ही नाम कटवाया है।

ऐसे में कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें कि विभाग को सूचना थी कि प्रदेश सहित सोलन में अवैध तरीके से एलपीजी गैस सिलेंडर बेचे जा रहे हैं, जो प्रदेश में घुसकर दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंच रहे थे। विभाग अपने स्तर पर भी मामले की छानबीन कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### गाड़ी व सिलेंडर जब्त



जिला खाद्य नियंत्रक सोलन नरेंद्र धीमान ने कहा कि विभाग ने सूचना के आधार पर गाड़ी को रोका, जिस पर जिसमें अवैध तरीके से पंजाब से लाए गए गैस सिलेंडर पकड़े गए। पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है और गाड़ी और सिलेंडर को भी जब्त किया गया है।

## सरकार ने की बंदरबांट : प्रताप

**नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत प्रकरण के पैसो में बंदरबांट कर अपने करीबियों को लाभ पहुंचाया है और इसमें गरीब व पात्र लोगों की अनदेखी की है।

रावत ने बताया कि जिन लोगों का भारी वर्षा के कारण नुकसान हुआ था, उन लोगों को आज तक भी राहत प्रकरण का पैसा नहीं मिला है, जिससे गरीब व पात्र लोग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, जब भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है, तब-तब कांग्रेस पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता दोनों हाथों से लूटने का काम करते हैं और प्रदेश की भोली-भाली जनता को मूर्ख बनाते हैं। इसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी के नेताओं को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

## बद्दी के धूप निर्माता उद्योग के खिलाफ कामगारों ने दूसरे दिन भी जारी रखा प्रदर्शन



कंपनी गेट पर प्रदर्शन करते कामगार।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में चल रहे उद्योगों से कामगारों को बाहर करने का सिलसिला जारी है।

बद्दी के भटोली कलां में धूप बनाने वाले उद्योग ने धीरे-धीरे अपने कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। कुछ कर्मियों को दो माह के वेतन के बिना ही गेट के बाहर कर दिया। कर्मियों ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन उद्योग के गेट पर उद्योग प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और श्रम विभाग व सरकार के अधिकारियों से आग्रह किया कि वह उनका सहयोग करें। शुक्रवार को कामगारों ने कंपनी गेट पर दूसरे दिन भी रोष प्रकट किया। कामगारों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन की ओर से शोषण किया जा रहा है, जो कि बिलकुल बर्दाश्त नहीं होगा। मांग पत्र श्रम कार्यालय बद्दी में भी भेजा है। वहीं इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनके इस आंदोलन में उनके साथ खड़े हैं। भारतीय मजदूर संघ के जिला सचिव राजू भारद्वाज ने कहा कि उद्योग में 80 फीसदी महिलाएं ही काम करती हैं और वीरवार के दिन भी वह तेज धूप में उद्योग के बाहर उन्हें अंदर बुलाए जाने की उम्मीद में खड़े रहे, लेकिन उन्हें बुलाया नहीं गया। श्रम अधिकारी बद्दी सुरेंद्र बिष्ट का कहना है कि मंगलवार को दोनों पक्षों को बुलाया गया है और श्रम कार्यालय में समझौता वार्ता की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शूलिनी विवि ने किया वैश्विक सहयोग का विस्तार



**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने तीन अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाकर अपनी वैश्विक शैक्षणिक पहुंच का विस्तार करने में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। लेबनान की इस्लामिक यूनिवर्सिटी, कजाकिस्तान की नारक्सोज यूनिवर्सिटी और अम्मान की जॉर्डन अलजुबीहा यूनिवर्सिटी। नव हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) अंतर-सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने, अनुसंधान को आगे बढ़ाने और परिवर्तनकारी छात्र विनिमय के अवसर पैदा करने के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इन अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन शैक्षणिक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए एक सहयोगी ढांचा स्थापित करते हैं। इनमें संयुक्त अनुसंधान पहल, शैक्षणिक कार्यक्रम विकास, संकाय और छात्र आदान-प्रदान और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और कार्यशालाओं का संगठन शामिल है। साझेदारी का उद्देश्य विविध शैक्षणिक और सांस्कृतिक परिदृश्यों में ज्ञान-साझाकरण और आपसी समझ को बढ़ावा देना है, जिससे उच्च शिक्षा में वैश्विक नेता के रूप में शूलिनी विश्वविद्यालय की स्थिति मजबूत हो।

### वॉलीबाल में नेरी कॉलेज रहा विजेता



**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी की ओर से आयोजित 8वीं वार्षिक इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स मीट-2024 में वानिकी कॉलेज विजयी रहा। वीरवार शाम को इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी चार घटक कॉलेजों के प्रतिभागियों के बीच रोमांचक प्रतियोगिताओं का प्रदर्शन किया गया। कबड्डी के फाइनल में एक रोमांचक मैच देखने को मिला, जिसमें 35-33 के अंतिम स्कोर के साथ, बागवानी कॉलेज पर वानिकी कॉलेज ने जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में हॉर्टिकल्चर कॉलेज ने फॉरेस्ट्री कॉलेज के खिलाफ 48-32 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। पुरुषों के वॉलीबाल में नेरी कॉलेज ने विजेता ट्रॉफी जीती।

### सोलर लिफ्ट सिंचाई योजना का किया लोकार्पण



**दाड़लाघाट।** ग्याणा पंचायत के गांव सेर-जेरी में सोलर लिफ्ट सिंचाई योजना का लोकार्पण मुख्यातिथि डारेक्टर अदाणी फाउंडेशन वसंत गडवी व सीएमओ मुकेश सक्सेना ने किया। इस मौके पर जलागम परियोजना पाट्टी बड़ोग के प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि वर्ष 2019-20 में ग्राम सेर-जेरी में अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन व नाबॉर्ड के सौजन्य से जलागम परियोजना का आगमन हुआ। इस परियोजना के तहत जलागम संबंधित अनेक कार्य किए गए। ग्राम सेर जेरी में चेक डैम का निर्माण किया गया, जिसका पानी रोकने क्षमता लगभग 4 से 5 लाख लीटर है। चेक डैम के साथ टैंक का निर्माण करवाया, जिसकी पानी की क्षमता लगभग 60 हजार लीटर प्रतिदिन की है। यह सोलर लिफ्ट के माध्यम से इस टैंक को जल आपूर्ति की जा रही है इस सोलर लिफ्ट में 10 एचपी का पंप लगा है तथा 10 केवी के सोलर पैनल लगे हैं। इस मौके पर डारेक्टर अदाणी फाउंडेशन वसंत गडवी ने कहा की एसीएफ और अदाणी फाउंडेशन आगे भी मिलकर ऐसे ही जनहित के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे।

### कॉलेज में कल राष्ट्र स्तरीय नर्सिंग सम्मेलन

नाहन। पद्मावती नर्सिंग कॉलेज नाहन में कल यानी 28 अप्रैल को एकदिवसीय राष्ट्रीय स्तर पर नर्सिंग सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न भागों से 700 के लगभग विद्यार्थी व संरक्षक भाग लें रहे हैं। कॉलेज के प्रबंधकों ने बताया कि इस सम्मेलन में आधुनिक नर्सिंग टेक्नोलॉजी के बारे में बातचीत की जाएगी।

## नाहन में पहली नेशनल कॉन्फ्रेंस कल

**अनंत ज्ञान, नाहन**



माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग नाहन की ओर से कल यानी 28 अप्रैल को पहली नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है, जो कि 'एडवांसमेंट इन नर्सिंग टेक्नोलॉजी ट्रांसफॉर्मिंग नर्सिंग एंड हेल्थ केयर' नामक शीर्षक के अंतर्गत गैलेक्सी ऑडिटोरियम नाहन में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य नर्सिंग प्रौद्योगिकी में विकास का उद्देश्य नर्सिंग और स्वास्थ्य देखभाल को परिवर्तित करना होता है।

यह प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य सेवाओं को और सुगम और सहज बनाने में मदद करती है। रोगियों को बेहतर देखभाल प्रदान करने के उपकरणों का निर्माण करती है और नर्सिंग प्रोफेशन की कुशलता बढ़ाती है। वर्तमान में 700 प्रतिभागियों का नामांकन हो गया है, जो कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व पंजाब राज्यों के प्रतिभागियों द्वारा किया गया है माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा प्रतिभागियों के लिए ठहरने की व्यवस्था भी की गई है व कॉलेज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। इस नेशनल कॉन्फ्रेंस की मुख्य विशेषता यह है कि हिमाचल नर्सिंग काउंसिल द्वारा इस कॉन्फ्रेंस में क्रेडिट घंटे भी प्राप्त किए गए हैं, जिससे प्रतिभागियों को भविष्य में काफी लाभ प्राप्त होगा। नेशनल कान्फ्रेंस में मुख्य प्रवक्ता पीजीआई चंडीगढ़, एम्स ऋषिकेश, एमिटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम से आमंत्रित किए गए हैं।

## हर वोट लोकतंत्र में महत्वपूर्ण

**अर्की।** हिमाचल प्रदेश में एक जून 2024 को सातवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के मध्यनजर स्वीप टीम अर्की ने दवारी, कोयल सनोग, सारमा, मटेरना और घड़याच में मतदाता जागरूकता अभियान के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इन मतदान केंद्रों पर कम मतदान होता था।

स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा, डॉ. हेमराज सूर्य व प्रो. योगेश कुमार ने बताया कि इन मतदान केंद्रों में पिछले चुनाव में कम मत प्रतिशत दर्ज किया गया। इसके चलते इस क्षेत्र में अधिक मतदाता जागरूकता कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि हर एक वोट लोकतंत्र में महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र की मजबूती और सुदृढ़ता के लिए जागरूक मतदाता अहम भूमिका अदा करता है।

## विपक्षी गठबंधन नहीं चाहता देश में स्थिर सरकार व मजबूत प्रधानमंत्री बने : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



सोलन में पत्रकार वार्ता करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि इंडी गठबंधन नहीं चाहता कि देश में स्थिर सरकार और मजबूत प्रधानमंत्री बने। कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है अनेक पार्टियों के सांसदों को एकत्र करके अस्थिर सरकार और कमजोर प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि छह महीने और एक साल में उसे हटाना और दूसरा बनाया जा सके। कांग्रेस पार्टी ने यही कार्य पहले किया, जिसके कारण देश को अस्थिरता के दौर से गुजरना पड़ा। कांग्रेस ने एचडी देवगौड़ा को बाहर से समर्थन देकर प्रधानमंत्री बनाया और चार महीने बाद उनकी टांग खींच ली। फिर इंद्र कुमार गुजराल को समर्थन देकर प्रधानमंत्री बनाया और फिर उनकी टांग खींच ली। यही क्रम स्व. चरण सिंह, चंद्रशेखर के साथ किया और परिणाम हुआ कि देश आर्थिक रूप से, सामाजिक रूप से, सीमाओं की सुरक्षा के रूप से और आंतरिक सुरक्षा के रूप में कमजोर हुआ और देश का कामकाज चलाने के लिए देश का सोना गिरवी रखना पड़ा।

### कांग्रेस आई तो भारी मात्रा में देना पड़ेगा टैक्स

ये सब कुछ कांग्रेस पार्टी और नेहरू-गांधी परिवार ने सोच-समझकर किया और अब पुनः उसी योजना पर कांग्रेस काम कर रही है। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र का छुपा हुआ ऐजेंडा बाहर निकल गया है और नेहरू-गांधी परिवार के गुरु सैम पित्रोदा ने पिक्चर की सारी स्क्रिप्ट दुनिया के सामने प्रस्तुत कर दी कि भारत में यदि कांग्रेस की सरकार सत्ता में आएगी, तो अमरीका की तर्ज पर भारतवासियों की संपत्ति, जमीन, जायदाद पर वेल्थ टैक्स लगेगा और मृत्यु के बाद बच्चों को संपत्ति के स्थानांतरण पर भारी मात्रा में टैक्स देना पड़ेगा।

## घास लेने गई महिला पर भालू ने किया हमला

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट पंचायत के गांव नौणी की महिला को भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। उसकी पहचान 38 वर्षीय माया पत्नी प्रदीप शर्मा के रूप में हुई है।

भालू ने हमला उस समय किया, जब महिला घास लाने के लिए नयना देवी मंदिर धोबटन जा रही थी। सुबह साढ़े दस बजे के करीब जब महिला उठाऊ पेयजल योजना धोबटन से गुजर रही थी, तो भालू ने पीछे की तरफ से महिला पर हमला किया। हमला होने के बाद महिला पानी में गिर गई। हमले में महिला की बाजू, पेट, पीठ और माथे पर गहरे घाव हुए हैं, जबकि महिला का हाथ फ्रैक्चर हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे दाड़लाघाट में प्राथमिक उपचार दिलवाया गया।



भालू के हमले से घायल महिला।

हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद अर्की के लिए रेफर कर दिया गया। पंचायत प्रधान बंसी राम भाटिया ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ईएसआई हॉस्पिटल दाड़ला पहुंचे।

इस संबंध में पुलिस प्रशासन व वन विभाग के अधिकारियों को सूचित कर जख्मी महिला के उपचार को फौरन आर्थिक सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है।

### जानवरों से रहें सतर्क

**वन** विभाग कुनिहार के सहायक अरण्यपाल विक्रम सिंह ने बताया कि लोग जंगली जानवरों से सतर्क रहें। उन्होंने बताया कि भालू के हमले से जख्मी हुई महिला को जल्द उचित सहायता प्रदान की जाएगी।

## अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में खलल डालना गलत : सुरेंद्र



भीम आर्मी के सदस्य नाहन में प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल भीम आर्मी ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मामला कुछ इस प्रकार से था कि हाल ही में भीम आर्मी भारत एकता मिशन सिरमौर इकाई द्वारा शिलाई में जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत अंबेडकर जयंती मनाई जा रही थी।

इस दौरान सामान्य वर्ग से ताल्लुक रखने वाले कुछ लोगों ने जबरन कार्यक्रम में खलल डाल दिया। भीम आर्मी जिला सिरमौर इकाई के सुरेंद्र के द्वारा पुरुवाला थाना में शिकायत भी दर्ज की गई। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर दबाव बनाते हुए कंप्रोमाइज कर दिया गया। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि कुमार का आरोप है कि कंप्रोमाइज किए जाने के बाद सुरेंद्र धर्मा पर खुमली थोप दी गई। खुमली एक तरह से खाप पंचायत जैसा निर्णय है, जिसमें यह कहा गया कि सुरेंद्र माफी के तौर पर एक बकरा देगा। सुरेंद्र के द्वारा इसकी शिकायत भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विपिन कुमार को दी गई।

## अभय ने उत्तीर्ण की जेईई परीक्षा

**नाहन।** जेईई मेंस का रिजल्ट घोषित हुआ। करियर अकादमी के 20 छात्रों ने जेईई मेंस की परीक्षा को उत्तीर्ण किया। अभय ने फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल, केमिस्ट्री में 99.9 पर्सेंटाइल व संपूर्ण 98.33 पर्सेंटाइल प्राप्त कर करियर अकादमी का नाम रोशन किया। इसके अलावा वैशाली शर्मा 96.29 पर्सेंटाइल, आशुतोष 95.69 पर्सेंटाइल आदि विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी श्रेणी में उत्तीर्ण होकर नाम रोशन किया।



अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

**मैं राजन चंद** पुत्र नरजंग चंद निवासी गांव कायलर, डाकघर घट्टी, तहसील व जिला सोलन घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे हेमंत के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम करण है जोकि गलत है। मेरा नाम सभी डॉक्यूमेंट में राजन चंद ही है। कृपया इसे दुरुस्त किया जाए।

**मैं भीम कुमारी** पत्नी राजन चंद चंद निवासी गांव कायलर, डाकघर घट्टी, तहसील व जिला सोलन घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे हेमंत के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम सीता है जोकि गलत है। मेरा सही नाम भीम कुमारी है। कृपया इसे दुरुस्त किया जाए।

## लोकतंत्र के महापर्व में हर नागरिक का शामिल होना आवश्यक : एसडीएम



सहायक निर्वाचन अधिकारी गुंजित सिंह चीमा प्रोजाइडिंग अधिकारियों के साथ।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

गुरु गोविंद सिंह राजकीय महाविद्यालय पांवटा में सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम गुंजित सिंह चीमा ने प्रोजाइडिंग अधिकारियों को जानकारी दी कि मतदान केंद्रों पर किस प्रकार कार्य करना है।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर विवेक व संयम से कार्य लेना है। क्योंकि यह बड़ी जिम्मेवारी है, इसे ईमानदारी से निभाएं। मजबूत लोकतंत्र में सभी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इस उद्देश्य को लेकर विधानसभा पांवटा साहिब में जगह-जगह पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जहां नागरिकों को मतदान के लिए अपील की जा रही है। साथ ही चुनावों में अपनी विशेष ड्यूटी दे रहे कर्मचारियों, अधिकारियों व प्रोजाइडिंग अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

## 458 कर्मियों ने किया पहला पूर्वाभ्यास

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

लोकसभा चुनाव-2024 के सुचारू संचालन व मतदान प्रक्रिया को सुलभ बनाने के दृष्टिगत 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान कर्मियों की पहली रिहर्सल शुक्रवार को नालागढ़ कॉलेज में आयोजित की गई।

इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकारी की अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी प्रिया नागटा ने की। प्रिया नागटा ने इस अवसर पर उपस्थित सभी मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सुचारू संचालन की विस्तृत जानकारी दी।



लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मी रिहर्सल करते हुए।

उन्होंने उपस्थित मतदान कर्मियों को रिहर्सल के दौरान सिखाई गई प्रक्रिया को ठीक से समझने के लिए प्रोत्साहित किया। नायब तहसीलदार नालागढ़ गोपी चंद डोगरा ने मतदान कर्मियों को ईवीएम के संचालन की जानकारी दी और मतदान कर्मियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया। 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की पहले चरण की रिहर्सल में 458 मतदान कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर तहसीलदार बद्दी राजेश जरीयाल, नायब तहसीलदार बद्दी हीरा चंद मानटा, नायब तहसीलदार कुठाड़ (कृष्णगढ़) सूरत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**आह्वान** लोकतंत्र के महापर्व में चुनावी ड्यूटी में भाग लें अधिकारी और कर्मचारी : एसडीएम

## पूर्वाभ्यास स्थल पर ईवीएम की करवाई 'हैंड ऑन प्रैक्टिस'

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम नाहन सलीम आजम ने कहा कि लोकसभा के इस महापर्व में चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी को गंभीरता एवं प्रसन्नतापूर्वक निभाना चाहिए।

लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और अधिकारी एवं कर्मचारी चुनावी ड्यूटी को बोझ न समझकर इसे संवैधानिक दायित्व मानकर राष्ट्रहित में चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनें। एसडीएम ने राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज नाहन में लोकसभा चुनाव में चुनावी ड्यूटी के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारियों और सहायक पीठासीन अधिकारियों के प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को पूर्वाभ्यास स्थल पर ही ईवीएम मशीन की 'हैंड ऑन प्रैक्टिस' भी करवाई गई। तहसीलदार नाहन उपेंद्र चौहान तथा निर्वाचन के लिए नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा अन्य संबंधित अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।



एसडीएम नाहन चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए।

### नाहन में सड़क दुर्घटनाओं में हो रहा इजाफा

**नाहन।** डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि सिरमौर जिले की विभिन्न सड़कों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट को ठीक करने के लिए 2.81 करोड़ रुपए का प्रारूप बनाया गया है, जिसे स्वीकृति के लिए परिवहन विभाग को भेजा जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस और लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले की विभिन्न सड़कों के ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इन ब्लैक स्पॉट को ठीक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त नाहन में रोड सेफ्टी समिति की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिले में पिछले काफी समय से सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है, जिसमें जान और माल का नुकसान हुआ है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जहां चालकों को जागरूक किया जाए, वहीं यातायात को सुचारू बनाने के लिए मुख्य सड़कों, संपर्क मार्गों आदि सड़कों का ठीक होना भी जरूरी है।

## 1320 नशीली गोलियां बरामद

**बीबीएन।** जिला पुलिस बद्दी के थाना नालागढ़ के तहत गांव झिड़ीवाला डोला में एक व्यक्ति की तलाशी लेने पर 1320 गोलियां बरामद की।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने शक के आधार पर राकेश कुमार को झिड़ी वाला निवासी को काबू किया, जिसके पास से एक पॉलिथिन के लिफाफा मिला, जिसमें 1320 नशीली गोलियां बरामद हुई। उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करके एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी फिरोज खान ने मामले की पुष्टि की।



# परिवार सदस्यों के साथ शिमला पहुंचेंगी राष्ट्रपति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शिमला दौर में इस बार बहुत कुछ पहली बार हो रहा है। नई बात यह है कि राष्ट्रपति मशोबरा स्थित अपने निवास दि रिट्रीट में ऐट होम का आयोजन नहीं करेंगी।



पिछले साल यह आयोजन हुआ था और इसी दिन ओलावृष्टि के कारण राष्ट्रपति निवास परिसर में अव्यवस्था हो गई थी। फिर सभी अतिथियों के लिए राष्ट्रपति निवास में एंट्री देनी पड़ी थी। राष्ट्रपति चाार से आठ मई के बीच शिमला प्रवास पर आ रही हैं। एक और नई बात यह है कि इस बार राष्ट्रपति का यह दौरा वायु सेवा के हेलिकॉप्टरों से कल्याणी हेलिपैड पर लैंडिंग के बजाय डोर्नियर विमानों से जुब्बलहट्टी एयरपोर्ट पर होगा। राष्ट्रपति के परिवार के आठ सदस्य उनके साथ शिमला प्रवास पर आ रहे हैं। इस बार वायु सेवा के पायलट के लिए विल्ली पार्क सर्किट हाउस में ही व्यवस्था होगी। बाकी राष्ट्रपति के स्टाफ को हिप्पा रेस्ट हाउस में ठहराया जाएगा। वहीं, राष्ट्रपति के इस दौर में द रिट्रीट हेरिटेज भवन को लेकर भी फैसला हो सकता है। इसकी जगह इसी तरह का नया भवन बनाने का विचार चल रहा है, लेकिन अंतिम फैसला राष्ट्रपति को लेना है। राष्ट्रपति दौरे के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने 30 अधिकारियों की डिमांड की है। कार्मिक विभाग को आईएएस और एचएएस अधिकारियों में से लायज़न अफसर देने को कहा गया है।

इनकी ड्यूटी अलग-अलग काम के लिए लगेगी। राष्ट्रपति मुर्मू चार से आठ मई के बीच शिमला में होंगी और इस बार राष्ट्रपति निवास मशोबरा में एट होम का आयोजन नहीं होगा। शेड्यूल के अनुसार राज्य सरकार और प्रशासन राष्ट्रपति दौरे की तैयारी में लगा हुआ है। राष्ट्रपति छह मई को धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता भी करेंगी।

# राष्ट्रपति दौरे को लेकर चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस

## 28 किलोमीटर का होगा सड़क मार्ग का रूट; पुलिस मुख्यालय भेजा टैफिक प्लान, तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शिमला दौरे की तैयारियां इन दिनों जोरों पर हैं। 4 मई को राष्ट्रपति शिमला के साथ लगते जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट पर उतरेंगी। यहां से छराबड़ा तक वह सड़क मार्ग से आएगी। जुब्बड़हट्टी से छराबड़ा तक 28 किलोमीटर का रूट है। पहली बार किसी राष्ट्रपति का शिमला आने पर सड़क मार्ग से सफर करने का इतना लंबा रूट है। वहीं दूसरी ओर ओर शुक्रवार को एसपी शिमला संजीव गांधी स्वयं रूट का निरीक्षण करने के लिए फील्ड पर उतरे हैं।

उन्होंने ढली से लेकर छराबड़ा तक पूरे रूट का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश उठाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। राष्ट्रपति दौरे के दौरान सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए शिमला पुलिस के जवान दिन रात फील्ड पर निरीक्षण कर हैं। इसके अलावा पुलिस रात्रि के समय गश्त भी बढ़ा दी हैं।



राष्ट्रपति दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर

### सभी भवनों की होगी तलाशी

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू के शिमला आने से पहले टूटू से लेकर छराबड़ा तक सड़क के किनारे खड़े सभी भवनों की तलाशी ली जाएगी। तलाशी के अलावा भवनों में रहने वाले सभी लोगों की वेरिफिकेशन ली जाएगी। भवनों में रहने वाले लोगों के मोबाइल नंबर भी नोट किए जाएंगे। इस बीच अगर किसी व्यक्ति के घर में कोई मेहमान भी आता हैं, तो फिर उसकी भी वेरिफिकेशन भी करवानी होगी। वहीं, एसपी शिमला संजीव गांधी मुख्य रूप से सभी गतिविधियों को निगरानी रखेंगे। इस दौरान शहर में जहां चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात होगी तो वहीं सीसीटीवी कैमरों से भी शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखी जाएगी।

### सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम

**ऐसे** में पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था के लिए काफी मेहनत करनी पड़ रही है। टूटू से लेकर छराबड़ा तक सड़कों के किनारे खड़े वाहनों को हटाने के लिए पुलिस ने वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर दिए हैं। अब इन वाहन मालिकों को जल्द से जल्द सड़क के किनारे से वाहन हटाने पड़ेंगे।

### फूलों से गुलजार हुआ राष्ट्रपति निवास

**द** रिट्रीट में स्थित शिमला का सबसे बड़ा उद्यान फूलों से गुलजार हो गया है। राष्ट्रपति के स्वागत के लिए पांच प्रकार के ट्यूलिप लगाए गए हैं। इसके अलावा गुलबहार, लिली, कई प्रकार के गुलाब, सूट विलियम और हाइड्रेंजिया भी राष्ट्रपति निवास की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। उद्यान विभाग के अधिकारी रमेश वर्मा ने बताया कि राष्ट्रपति निवास के आसपास फूलों की 60 से ज्यादा किस्में हैं, जो राष्ट्रपति के दौरे से पहले खिल जाएंगी। वहीं, रराष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अगले महीने 4 से 8 मई तक हिमाचल प्रदेश के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति जिस भवन में रात्रि विश्राम करेंगी, उसे राष्ट्रपति निवास के तौर पर जाना जाता है। इस भवन का नाम 'दी रिट्रीट' है। साल 1850 में बना यह भवन हिमाचल की राजधानी शिमला से 15 किलोमीटर दूर मशोबरा में है। जमीन से 8000 फुट ऊंचे पहाड़ पर देवदार के पेड़ों से घिरा बेहद आलीशान भवन का इतिहास समृद्ध रहा है। निर्माण के 174 साल बाद भी इस इमारत की चमक आपको चौंधिया देगी।

### क्या है द रिट्रीट का इतिहास

**शिमला** में राष्ट्रपति भवन का निर्माण 1850 में हुआ। इसे लॉर्ड विलियम ने कोटि के राजा से लीज पर लिया था। कोटि के राजा ने लीज पर देने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं। इसमें कहा गया था कि शिमला और मशोबरा गांव से दो सड़कें जनता के लिए खुली रहेंगी। यहां कोई पेड़ नहीं काटा जाएगा और किसी भी मवेशी को नहीं मारा जाएगा। लीज पर देने के कुछ साल बाद 1886 में कोटि के राजा ने इस भवन को वापस ले लिया, लेकिन 1895 में तत्कालीन वायसराय ने इस भवन पर दोबारा कब्जा कर लिया। यहां वायसराय वीकेंड और छुट्टियां बिताने आया करते थे। देश के आजाद होने के बाद भवन को राष्ट्रपति निवास के रूप में तब्दील कर दिया गया।

# कर्मचारियों को दी ईवीएम की जानकारी

## तहसील मैदान चौपाल में मतदान कर्मियों के लिए पूर्वाभ्यास आयोजित

**अनंत ज्ञान-नेरवा, चौपाल**

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत आज 64-चौपाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों की पहली रिहर्सल तहसील मैदान चौपाल में आयोजित की गई। इसमें कर्मियों ने हिस्सा लिया।

पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा ने की। उन्होंने उपस्थित पीठासीन अधिकारियों (पीआरओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीआरओ) को मतदान प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सुचारू संचालन की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने मतदान कर्मियों के विभिन्न विषयों पर संशय भी दूर किए। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने उपस्थित मतदान कर्मियों को रिहर्सल के दौरान सिखाई गई प्रक्रिया को ठीक से समझने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी चुनाव के दौरान आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। इस अवसर पर निर्वाचन कानूनगो प्रेरणा मेहता, दीप राम चौहान ने भी उपस्थित मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन और उनके दायित्वों व कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं, लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत आज 64-चौपाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों की पहली रिहर्सल तहसील मैदान चौपाल में आयोजित की गई। इसमें कर्मियों ने हिस्सा लिया।



चुनावों को लेकर कर्मचारियों को टिप्स देते हुए अधिकारी।

### घरयाणा में संत निरंकारी समागम 28 अप्रैल को

**सुन्नी।** संत निरंकारी सत्संग शाखा सुन्नी के घरयाणा में शिमला जिला का संयोजक स्तरीय संत निरंकारी संत समागम 28 अप्रैल, रविवार को आयोजित होगा। इस समागम में शिमला जोन की 9 शाखाओं लगभग 500 सत्संगी हिस्सा लेंगी। संत निरंकारी सत्संग शाखा सुन्नी के मुखी हेम प्रकाश शास्त्री ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव जी महाराज की असीम कृपा से संत निरंकारी सत्संग शाखा सुन्नी के घरयणा में जिला स्तरीय समागम का आयोजन रविवार 28 अप्रैल को किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा है जो कि मानव को मानव के नजदीक ला रहा है।



कोटखाई। थरोला-एनएसी कोटखाई जोन की बैठक 26 अप्रैल को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के बारें विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश कांग्रेस सरकार की 15 माह की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने, प्रचार बारें रणनीति तय की गई। इस बैठक में थरोला-एनएसी कोटखाई जोन के अंतर्गत सभी बूथ अध्यक्ष, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सात मई को



**रिकांगपिओ।** सात मई को चारंग गांव में, वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत आयुष विभाग द्वारा बहु विशेषता निशुल्क स्वस्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में प्रशिक्षित योग गुरुओं द्वारा लोगों को योगासनों की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने कहा कि शिविर में विशेष तौर पर त्वचा रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे व लोगों की त्वचा संबंधी बीमारियां का निदान एवं चिकित्सा करेंगे। शिविर में आए लोगों की समान्य स्वास्थ्य जांच कर आयुष चिकित्सक उनको निशुल्क औषधि वितरण करेंगे। यहां लोगों को टीबी से बचने के उपाय एवं लक्षणों की जानकारी भी जाएगी। इस स्वास्थ्य शिविर में आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खांसी के लक्षण वाले मरीजों की विशेष जांच होगी। यहां इनका बलगम जांच कर बीमारी का निदान किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने चारंग व आस पास के क्षेत्रों की जनता से सात मई को आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### जिला में 1450 शस्त्र हुए जमा

**रिकांगपिओ।** जिला पुलिस लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिप्रिय ढंग से निपटाने के लिए भरसक प्रयत्नों को जारी रखते हुए जिला किन्नौर में 1483 शस्त्र धारकों में से 1450 शस्त्र संबंधित पुलिस थानों में जमा किए जा चुके है। पुलिस अधीक्षक सृष्टि पांडे ने कहा कि 25 अप्रैल तक जिला के 97 प्रतिशत शस्त्र पुलिस थानो में जमा किए जा चुके है व जल्द ही सभी शास्त्रों को जमा करने को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा आचार संहिता लागू होने के पश्चात अब तक मादक पदार्थ व आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ के 13 अभियोग पंजीकृत किए गए। इसमें 1062 ग्राम चरस व 508 ग्राम अफीम तस्करों से बरामद की गई है तथा आबकारी अधिनियम के तहत कुल 46 अभियोग पंजीकृत किए। इसमें 1,75,500 मिली लीटर अवैध शराब, 26250 एमएल देसी, 1,66,800 एमएल अंग्रेजी शराब व 13000 एमएल बीयर बरामद की गई है। एसपी ने कहा कि जिला पुलिस उद्घोषित अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए छह उद्घोषित अपराधियों को पकड़ने में भी कामयाब हुई है।

# आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक 7 .59 करोड़ की शराब व 29 लाख रुपए नकद जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमल**

हिमाचल प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव और उपचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस, आबकारी और अन्य सम्बंधित विभागों द्वारा 10.60 करोड़ रुपए की अवैध शराब, नकदी, आभूषण जब्त किए गए हैं। यह जानकारी निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य कर एवं आबकारी तथा पुलिस विभाग ने 7.59 करोड़ रुपए मूल्य की 5.28 लाख लीटर अवैध शराब जब्त की।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग ने अब तक 75.70 लाख रुपए की 37.85 किलोग्राम चरस, 1.34 करोड़ रुपए कीमत की 1.91 किलोग्राम हेरोइन तथा 29.18 लाख रुपए की नकदी पकड़ी है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 6.85 लाख रुपए के सोने व चांदी के आभूषण भी जब्त किए जा चुके हैं। जिला कांगड़ा में एक बड़े अभियान के तहत, राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने पुलिस के साथ साझा अभियान में इंदौरा तहसील के मंड क्षेत्र के तीन गांव गग्वाल, उलेहरियां और त्योरा में छापेमारी कर 1.01 लाख लीटर लाहन जब्त की जिसका मूल्य लगभग एक करोड़ रुपए है।

### कंगना रनौत 28 को किन्नौर प्रवास पर

**रिकांगपिओ।** मंडी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार कंगना रनौत का दो दिवसीय किन्नौर प्रवास 28 अप्रैल से शुरू होने वाला है। 28 अप्रैल के कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से कल्पा व निचार मंडल के पन्ना प्रमुख मंडल के साथ दोनों ब्लॉक के जनता जनार्दन भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश वन विकास निगम सूरत नेगी ने कहा कि रिकांगपिओ में आयोजित कार्यक्रम मे मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार की साथ अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश की यशस्वी पूर्व में मुख्यमंत्री रहे और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। 28 अप्रैल को रिकांगपिओ के जनसभा के बाद क देवी चंडिका माता जी कोठी मे मंदिर में दर्शन करेंगे और उसके बाद कल्पा जाएंगे। रविवार सायं पांगी गांव में लोगों से मिलेंगे व देवता साहब के दर्शन भी करेंगे। अगले दिन 29 अप्रैल को स्किबा मे पूह ब्लॉक के पन्ना सम्मेलन के साथ-साथ जनसभा करेंगे। नेगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से संबंधित जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने का मन बनाया है और दस सालों की जो उपलब्धियां मोदी के हैं उसको लेकर भी भाजपा जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता नरेंद्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री इसलिए बनाना है कि 2047 में इस देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

### पांच मई को होगा क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन

**रिकांगपिओ।** किन्नौर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सत्र 2024-25 के लिए एचपीसीए द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किन्नौर क्रिकेट टिम का चयन पांच मई को किया जाना है। सचिव किन्नौर क्रिकेट एसोसिएशन तारा चंद ठाकुर ने कहा कि चयनित खिलाडी 17 मई से अंतर जिला सीनियर एक दिवसाय क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक सख्यां में पांच मई को सुबह 10:30 बजे खेल मैदान रिकांगपिओ में इस चमन प्रक्रिया में हिस्सा लें।

# आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति जीरो टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने पर दिया जोर



बैठक में भाग लेते हुए मंत्री।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने अस्ताना, कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्साा लिया। बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए।

बैठक के बाद एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी की गई, जिसमें एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य पहलों के अलावा, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विचार को विकसित करने पर सहमति व्यक्त की, जो वसुधैव कुटुंबकम के प्राचीन भारतीय दर्शन का परिचायक है। बैठक में रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री गिरिधर अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रस्ताव का उल्लेख किया। हिंद-प्रशांत के लिए भारत द्वारा प्रस्तावित क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला।

# वीर विजयंत नेगी बोरस ने जेईई मेन परीक्षा में झटका 79वां रैंक



वीर विजयंत नेगी बोरस परिवार सदस्य के साथ सामूहिक चित्र में।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

वीर विजयंत नेगी बौरस निवासी ठंगी किन्नौर ने जेईई मेन 2024 में ऑल इंडिया में 79वां रेंक हासिल कर प्रदेश व जिला किन्नौर का नाम रोशन किया है।

इस वर्ष देश भर में करीब 14 लाख परीक्षार्थी इस परीक्षा के बैठे थे। वीर विजयंत नेगी बोरस ने 99.99 प्रतिशत अंक हासिल कर यह उपलब्धि हासिल की है। वीर विजयंत नेगी बोरस अब जेईई एडवांस की तैयारी में जुटे है। उन का सपना व तमन्ना आईआईटी मुंबई में पढ़ाई करना है। इनके पिता योगेश बोरस भारतीय रेलवे के अधिकारी व माता कल्पना बोरस गृहिणी हैं। बोरस परिवार के इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। बता दे कि वीर विजयंत बोरस ऑल इंडिया रैंक के पंद्रह राज्यों केरल, अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, मेघालय. गोवा, मिजोरम, नागालैंड, आडिसा, सिक्किम, त्रिपुरा, मणिपुर उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, तथा छह केंद्र शासित प्रदेशों अंडमान निकोबार, दादर नागर हवेली, दियु, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, लक्षदीप, पुडुचेरी के टॉपर से बेहतर रैंक हासिल किया है। (अनंत ज्ञान)

### मंत्री ने भी दी बधाई



**उधर,** राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने उनके इस उपलब्धि व किन्नौर का नाम रोशन करने के लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।

**आयोजन** थियेटर में बिशप कॉटन स्कूल के कला अध्यापक डैनीबी सिंह की लगी हैं प्रदर्शनियां

# गेयटी थियेटर में चित्रकला प्रदर्शनी का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**गेयटी थियेटर में प्रदर्शनी के लिए लगी हैं 90 पेंटिंग्स**

राजधानी शिमला के गेयटी थियेटर में चार दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी का आगाज वीरवार को हुआ। इस प्रदर्शनी में बिशप कॉटन स्कूल के कला अध्यापक डैनीबी सिंह और उनकी पत्नी सोमिता डी सिंह और उनकी बेटी रचेल सिंह की पेंटिंग लगी हैं।

इस प्रदर्शनी का शुभारंभ बिशप कॉटन स्कूल के निदेशक साइमन वील ने किया। वहीं डैनी बी सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी एक समूह प्रदर्शनी है। इसमें मेरी बेटी और पत्नी की भी पेंटिंग लगी है। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी 28 अप्रैल तक चलेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी 90 पेंटिंग लगी है। इस प्रदर्शनी में लैंडस्केप, चारकोल,पोटरेट, एक्रेलिक कलर आदि की पेंटिंग लगी है। उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक चित्रकला प्रदर्शनी है। डैनी ने बताया कि उनकी पत्नी भी बिशप कॉटन स्कूल में मैथ की अध्यापिका हैं।



राजधानी शिमला के गेयटी थियेटर चित्रकला प्रदर्शनी का आनंद लेते हुए लोग

### प्रदर्शनी में लगी है 3000 रुपए तक की पेंटिंग्स

**उन्होंने** बताया कि उनके पिता आरकेएमवी कॉलेज में आर्ट के प्रोफेसर थे। उन्हें ये आर्ट अपने पिता से मिला है और उनसे ये आर्ट उनकी बेटी को। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से अपने कार्य को दिखाना चाह रहे थे। इस प्रदर्शनी में 2000 रुपए से लेकर 30000 रुपए तक की पेंटिंग लगी है।

### दो माह से बंद है रोपा वैली का एटीएम

**रिकांगपिओ।** रोपा वैली के ज्ञाबुंग स्थित एसबीआई का एटीएम पिछले दो महीने से भी ज्यादा समय से बंद पड़ा है। इसके चलते जनता बहुत परेशान है। बता दें कि वैली के छह गांव की हजारों लोगों के लिए एकमात्र एटीएम है, लेकिन पिछले दो महीने से भी ज्यादा समय से बंद होने के चलते जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी को जरूरी और जल्दी कैश की जरूरत पड़े तो उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। वहीं, बाहर से आ रहे व्यापारियों व पर्यटकों को खासा दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों को भी मजबूरन बैंक की लंबी लाइन में लगना पड़ रहा है। उपप्रधान जीता नेगी ने प्रशासन व बैंक के आला अधिकारियों से जल्द एटीएम ठीक करने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

तीरंदाजी विश्व कप

### ज्योति, सुरेखा कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में, नजरें स्वर्ण पर



**शंघाई।** ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में पहुंचकर शुक्रवार को भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में हैं। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरुष, महिला, मिश्रित और पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है।

### हर वो बल्ला मेरे पास है, जिससे अंतराष्ट्रीय शतक जड़ा : पोंटिंग



**नई दिल्ली।** दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही। पोंटिंग ने कहा, ''आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं।''

### बड़े स्कोर बनाने में कामयाब, अब लक्ष्य का पीछा करने में सफलता चाहिए: विटोरी

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी का मानना है कि उनकी टीम आईपीएल के इस सत्र में बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रही है, लेकिन अब लक्ष्य का पीछा करने में सफलता हासिल करना जरूरी है। सनराइजर्स आठ में से पांच मैच जीतकर अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। पांच में से चार मैचों में उसने पहले बल्लेबाजी करते हुए सफलता पाई। विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 35 रन से मिली हार के बाद कहा,''हम बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रहे हैं, लेकिन अब लक्ष्य का पीछा बेहतर ढंग से करना होगा।'' इस सत्र में तीन बार 250 से अधिक स्कोर बना चुकी टीम को आरसीबी के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी महंगी पड़ी।

### छत्तीसगढ़ में चुनाव ड्यूटी पर जवान ने खुद को मारी गोली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में चुनाव ड्यूटी पर लगे एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि जवान ने सर्विस राइफल से सिर पर गोली मारकर आत्महत्या की है। घटना पीपरछेड़ी थाना क्षेत्र के कूड़ेरादादर की है। जहां जियालाल पंवार की ड्यूटी चुनाव में लगी थी और वह प्राथमिक स्कूल भवन में रुका था। प्राथमिक स्कूल में रुक कर आराम करने के दौरान उसने सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जियालाल पंवार मध्यप्रदेश के राजपुर का रहने वाला था और 34 वीं बटालियन की ए कंपनी में पदस्थ था और लोकसभा चुनाव ड्यूटी में छत्तीसगढ़ आया हुआ था। अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं।

### अनंतनाग-राजौरी में लोकसभा चुनाव रद्द न करने की अपील

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर चुनाव स्थगित न करने का अनुरोध किया। चुनाव आयोग ने मुगल रोड पर हिमपात समेत प्रतिकूल मौसम के कारण अनंतनाग निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव कार्यक्रम में बदलाव के कुछ दलों और तीन उम्मीदवारों के अनुरोध पर मुख्य सचिव अटल डुल्लू और मुख्य निर्वाचन अधिकारी से एक रिपोर्ट मांगी है, जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्रियों ने यह अपील की।

### अब केजरीवाल की पत्नी सुनीता संभालेगी चुनाव प्रचार की कमान



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने के दौरान अब उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के प्रचार अभियान की कमान संभालेंगी। वह इस हफ्ते के अंत में दिल्ली में एक रोड शो कर सकती हैं। पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी द्वारा दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने से आप का चुनाव-प्रचार अभियान बहुत प्रभावित हुआ है।

### बीरभूम से भाजपा उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन रद्द

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बीरभूम लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन चुनाव आयोग ने रद्द कर दिया है। भाजपा उम्मीदवार ने अपने नामांकन के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा नहीं किया था। जिसके चलते चुनाव आयोग ने नामांकन रद्द करने की कार्रवाई की। मामला कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंचा, लेकिन वहां भी चुनाव आयोग के फैसले का समाधान नहीं हुआ। चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम ने तत्काल सुनवाई की अर्जी खारिज कर दी।

### भारतीय की हत्या करने पर सिंगापुर के नागरिक को उम्रकैद

**नई दिल्ली।** 2019 में नाइट क्लब के बाहर लड़ाई के दौरान भारतीय मूल के एक व्यक्ति की हत्या के लिए एक अदालत ने सिंगापुर के नागरिक को आजीवन कारावास और 12 बेंत मारने की सजा सुनाई। न्यूज एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अभियोजन पक्ष ने मौत की सजा की मांग नहीं की। सिंगापुर में हत्या की सजा फांसी या आजीवन कारावास है।

---

**आईपीएल-2024** दिल्ली अंकतालिका में छठे व मुंबई 8वें स्थान पर

# दिल्ली कैपिटल्स का सामना मुंबई इंडियंस से

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा।

दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा।

दूसरी ओर खराब शुरुआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते, लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिए अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा है और बल्लेबाजी में खुलकर खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद पारी खेली। संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद टी-20 विश्व कप की टीम में उनका जगह बनाना तय लग रहा है। जैक फ्रेसर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली को शीर्षक्रम का अच्छा बल्लेबाज मिला है, लेकिन सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है क्योंकि इंपेक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में उनकी जिम्मेदारी सिर्फ बल्लेबाजी की है। कुलदीप यादव और अक्षर ने स्पिन गेंदबाजी का कमाल दिखाया है, लेकिन दिल्ली के तेज गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

**संभावित टीमें**

**मुंबई इंडियंस**
हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**दिल्ली कैपिटल्स**
ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी शॉ, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्केया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

### सेंथिलकुमार, आकांक्षा पीएसए टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल में



**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरूगे को सीधे गेम में हराकर 12000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियल सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। उन्हें पहले दौर में बाय मिला था। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। वहीं आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। अब वह यूक्रेन की एलिना बुश्मा से खेलेगी।

### सिफत कौर ट्रायल्स में जीतीं

**नई दिल्ली।** सिफत कौर सामरा ने शुक्रवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैम्पियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफत ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर बनाया। इस तरह उन्होंने दूसरे स्थान पर रही आशी चौकसी को 2.4 से पछाड़ा।

## नदाल मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में

**एजेंसी, मैड्रिड**



राफेल नदाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नदाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की।

14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नदाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का ऑपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को 4-6, 6-1, 6-4 से हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6-2, 7-5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे।

महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6-1, 6-4 से हराया। अमेरिका की कोको गाफ ने अरांतजा रूस को 6-0, 6-0 से मात दी। पूर्व नंबर एक नाओमी ओसाका को 15वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा ने 6-2, 4-6, 7-5 से हराया।

### थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर भारतीय पुरुष टीम की नजरें



**चेंगडू (चीन)।** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी, जबकि उबेर कप में पीवी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरुष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है।

## पिछली हार का बदला चुकता करने उतरेगी लखनऊ

**एजेंसी, लखनऊ**



फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी, तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा, जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिये टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ एकमात्र हार के अलावा रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं। जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। जायसवाल और जोस बटलर मिलकर शीर्षक्रम पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं।

**संभावित टीमें**

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट, नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरण, आयुष बडोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पांड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मोहम्मद अरशद खान।

## राजस्थान के जोधपुर में एक साथ मतदान करने पहुंचे पांच पीढ़ियों के 70 लोग

**एजेंसी, जोधपुर**



राजस्थान के जोधपुर में एक ही परिवार की पांच पीढ़ियों के 70 लोग सजधज कर वोट करने पहुंचे। पुरुषों ने राजस्थानी साफा पहन रखा था तो वहीं महिलाओं ने चूंदड़ी की लाल साड़ी पहनी थी। इस परिवार में फर्स्ट वोटर (जो पहली बार मतदान कर रहे हैं) भी थे और साथ ही बच्चे भी थे, जो आने वाले समय में वोटर बनेंगे।

इसी परिवार के एक सदस्य ने बता कि हमारा कल ही विचार बन गया था कि लोकतंत्र के पर्व को उत्साह के साथ मनाना है। हमने सोच लिया था कि राजस्थान की संस्कृति का प्रतीक साफा पहनेंगे और महिलाएं चूंदड़ी की साड़ी पहनेंगी। हमारे परिवार में कुछ लोग पहली बार वोट कर रहे हैं। हम लोगों को संदेश देना चाहते हैं कि वे वोट जरूर करें। भारत का नाम विश्व में सबसे सशक्त लोकतंत्र के रूप में पहचाना जाए, इसके लिए मतदान करान जरूरी है।

## देश शरिया कानून से नहीं चलेगा : शाह

### गृह मंत्री बोले- देश में मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहती है कांग्रेस

**एजेंसी, भोपाल**




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को गुना संसदीय क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने पिपरई के मंडी परिसर में जनता को संबोधित किया। उन्होंने यहां कहा कि कांग्रेस पार्टी ओबीसी विरोधी पार्टी है। वर्षों तक ओबीसी वर्ग के लोगों को केंद्रीय संस्थानों में आरक्षण नहीं दिया गया। कांग्रेस 70 साल तक धारा 370 को अपने बच्चे की तरह पालती रही, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को एक झटके में कश्मीर से धारा 370 को खत्म कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश के विकास में सबसे पहली प्राथमिकता एससी, एसटी और ओबीसी को दी है। लेकिन, कांग्रेस कहती है कि इस देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है. कांग्रेस की मंशा हम पूरी नहीं होने देंगे।

शाह ने कहा कि ये देश समान नागरिक संहिता से चलेगा। हम उत्तराखंड में यूसीसी लाए हैं और प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है कि हम देश भर में यूसीसी को लागू करेंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र को ध्यान से पढ़िए। उन्होंने कहा है कि हम पर्सनल लॉ को फिर से लागू करेंगे। कांग्रेस देश में मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहते हैं। आप ये बताइए, क्या ये देश शरिया से चल सकता है? राहुल बाबा, आपको तुष्टिकरण के लिए जो करना है, वो करो। लेकिन जब तक भाजपा है, हम पर्सनल लॉ नहीं लाने देंगे।

## दीपक तिजोरी की टिप्सी का ट्रेलर रिलीज

### फिल्म में दीपक ने निभाया है एक पुलिस अफसर का दमदार किरदार

**एजेंसी, मुंबई**




बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं।

ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता है, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसे वे सभी अनजान थीं। गर्ल्स का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है, जो एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं।

### करण जौहर की जासूसी कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगे खुराना



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है। यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं।

## शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक सेंसेक्स में 609 अंकों की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**



शेयर बाजार में बीते पांच कारोबारी दिनों से लगातार तेजी का सिलसिला जारी थी, लेकिन शुक्रवार को इसमें गिरावट दर्ज की गई। 26 अप्रैल को कारोबार के अंत में तीस शेयरों पर आधारित बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 609.28 अंक या 0.82 फीसदी की गिरावट के साथ 73,730.16 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 150.40 अंक या 0.67 फीसदी टूटकर 22,419.95 के स्तर पर बंद हुआ। बीते कारोबारी दिन यानी 25 अप्रैल को कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 486.50 अंक यानी 0.66 फीसदी की तेजी के साथ 74,339.44 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी भी 167.95 अंक यानी 0.75 फीसदी की बढ़त के साथ 22,570.35 अंक पर बंद हुआ।

## बीआईएस ने चंडीगढ़ में पैकेजबंद पेयजल मानक पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, परवाणू**



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की परवाणू शाखा ने शुक्रवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 27 में पैकेजबंद पेयजल (पैकेजबंद प्राकृतिक मिनरल जल के अलावा) विशिष्ट (आईएस 14543: 2024) एवं पैकेजबंद प्राकृतिक मिनरल जल विशिष्ट (आईएस 13428 : 2024) के तीसरे संशोधन पर मानक मंथन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत परवाणू शाखा प्रमुख एससी नाइक ने परिचयात्मक सत्र के साथ हुई। उपनिदेशक गोरेनंद प्रसाद यादव ने संशोधित मानकों में किए गए परिवर्तनों के बारे में बताया। बैठक में निर्माताओं, सरकारी निकायों, शिक्षाविदों सहित 40 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान प्रतिभागियों से प्राप्त तकनीकी टिप्पणियां संबंधित तकनीकी समिति को भेजी जा रही हैं। बैठक के दौरान आईएस 14543: 2024 और आईएस 13428: 2024 पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

**खुशखबरी** आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने के लिए आयु सीमा की शर्त हटाई

# वरिष्ठ नागरिक भी करवा सकेंगे हेल्थ इंश्योरेंस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक अच्छी खबर है। 1 अप्रैल 2024 से बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने के लिए आयु सीमा हटा दी है। इस बदलाव के बाद अब 65 साल की उम्र वाले लोग भी नई स्वास्थ्य बीमा योजनाएं खरीद सकेंगे। पहले 65 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को नई बीमा योजनाओं के लिए आवेदन करने से मना कर दिया जाता था।

आईआरडीएआई के एक आदेश के अनुसार, बीमा कंपनियों को अब ऐसे स्वास्थ्य बीमा प्लान बनाने होंगे जो अलग-अलग उम्र के लोगों की खास जरूरतों को ध्यान में रखें. इनमें खासतौर पर वरिष्ठ नागरिक, छात्र, बच्चे और गर्भवती महिलाओं की जरूरतों का ध्यान रखना होगा।

**सीनियर सिटीजन की जरूरतों को समझा**



2006-07 में जब कुछ बीमा कंपनियों ने अस्पताल में भर्ती होने वाले प्लान का प्रीमियम काफी बढ़ा दिया था, तब इरडाई ने इस पर एक सीमा तय कर दी थी। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा की जरूरतों का अध्ययन करने के लिए इरडाई ने एक समिति बनाई थी। इस समिति की अधिकतर सिफारिशों को लागू किया गया।

**बीमा कंपनियों पर ये नियम भी लागू**

इरडाई ने बीमा कंपनियों के लिए कुछ और नियम भी लागू किए हैं। पहले बीमा कंपनियां 'इंडेमनिटी-बेस्ड' स्वास्थ्य प्लान देती थीं, यानी बीमारी के इलाज के दौरान अस्पताल में जितना खर्च होता था, उतना बीमा कंपनी देती थीं, अब सिर्फ 'बेनेफिट-बेस्ड' पॉलिसी दे सकेंगी। इसका मतलब है बीमारी के अनुसार बीमाधारक को एक तय रकम मिलेगी। इरडाई का मानना है कि इससे बीमा लेना आसान हो जाएगा, सबको पहले से पता होगा कि किस बीमारी में कितने पैसे मिलेंगे। इससे बीमाधारक अच्छे अस्पताल का चुनाव कर सकेंगे, इस बात की चिंता किए बिना कि इलाज में कितना खर्चा आएगा।

**कितना प्रीमियम?**

सीनियर सिटीजन्स के लिए हेल्थ इंश्योरेंस में नए नियमों पर एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह एक अच्छा बदलाव ह। उन्हें अपना इलाज कराने में सुविधा होगी और उनपर खर्चे का ज्यादा बोझ भी नहीं पड़ेगा. हालांकि बुजुर्गों के लिए प्रीमियम थोड़ा महंगा हो सकता है।